सुप्रभात

रांची, गुरुवार

03.08.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 24




12 मोनालिसा ने बाबा विश्वनाथ मंदिर में लगायी हाजिरी

# सदन में हंगामे से रवींद्रनाथ महतो और ओम बिरला आहत

## करबद्ध प्रार्थना है, प्रश्नकाल चलने दें : विस अध्यक्ष

**विस का मानसून सत्र**

- **झारखंड विस में हंगामा कर रहे सदस्यों पर स्पीकर की अपील का असर नहीं**

**उदय चौहान**

**रांची।** बुधवार को मॉनसून सत्र के चौथे दिन सदन का नजारा कुछ अलग ही था। कार्यवाही 11 बजे शुरू होते ही विपक्ष शोरगुल करने लगा। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा के विधायक विभिन्न मांगों को लेकर वेल पर पहुंच गये। इसके बाद सत्ता पक्ष के विधायक भी केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ वेल पर पहुंच कर नारेबाजी करने लगे। इसके बाद झामुमो विधायक सुदिव्य सोनू ने विपक्षी सदस्य ढुल्लू महतो के उंगली दिखाने को लेकर वेल पर पहुंच गये। श्री सोनू के पक्ष में झामुमो व कांग्रेस के विधायक भी वेल पर पहुंच कर नारेबाजी करने लगे। अंगुली दिखाने को लेकर सदन को दो बार स्थगित करनी पड़ी। (शेष पेज 11 पर)

### क्या पक्ष-क्या विपक्ष, कोई मानने को तैयार नहीं



पक्ष-विपक्ष के विधायक वेल में पहुंचकर हंगामा करते देख स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कातर स्वर में कहा, मैं आप सभी से करबद्ध प्रार्थना करता हूं, प्रश्नकाल चलने दीजिये। स्पीकर ने बार-बार दोनों पक्षों को समझाने का भरसक प्रयास किया। बावजूद दोनों पक्ष शोरगुल व हंगामा करते रहे। इससे आजिज स्पीकर ने पहले 20 मिनट के लिए फिर दूसरी बार साढ़े 12 बजे तक के लिए सदन स्थगित कर दिया। दरअसल, प्रश्नकाल के दौरान ढुल्लू महतो और सुदिव्य कुमार सोनू के बीच काम के लिए बाहर गये मजदूरों के शोषण के मामले को लेकर जोरदार बहस हुई।

**भाजपा का विस गेट पर प्रदर्शन**

विधानसभा के मॉनसून सत्र के चौथे दिन भी भाजपा ने विधानसभा के बाहर कई मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने राज्य में आदिवासियों की हत्या और दुष्कर्म के लिए राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराते हुए सरकार से इस्तीफे की मांग की। थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरियों को झारखंड के मूल निवासियों के लिए आरक्षित करने की मांग की। सुभाष मुंडा हत्याकांड की जांच, नियोजन नीति स्पष्ट करने, झारखंड को सुखाड़ और अकाल क्षेत्र घोषित करने समेत कई मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर विपक्षी विधायकों ने प्रदर्शन किया।

## लोकसभा में आसन पर नहीं बैठेंगे बिरला

- **सदन के सभी सदस्यों को अपना आचरण सुधारने की दी नसीहत, कहा-तभी सदन आऊंगा**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** मानसून सत्र शुरू होने के साथ ही संसद में हंगामा जारी है। हर बार की तरह इस बार फिर सरकार के बिल और देश के मौजूदा हालात को लेकर विपक्ष दल संसद के दोनों सदन में हंगामा कर रहा है। एक अगस्त को लोकसभा में कुछ ऐसा हुआ जिससे स्पीकर ओम बिड़ला काफी आहत हो गये। उन्होंने सदन सुचारू रूप से नहीं चलने तक लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी पर नहीं बैठने का फैसला किया है। लोकसभा अध्यक्ष ने पक्ष और विपक्ष के सदस्यों से नाराजगी जताते हुए उनको अपने फैसले के बारे में भी बता दिया है। सदन सुचारू रूप से नहीं चलने तक लोकसभा नहीं आयेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### आसन की तरफ फेंके गये थे पर्चे



जब से मानसून सत्र शुरू हुआ तब से संसद में हंगामा हो रहा है। पर मंगलवार को तो कुछ सदस्यों ने सदन की मर्यादा को ही पार कर दिया। लोकसभा में विपक्ष के सदस्य नारेबाजी करते हुए वेल में आ गये थे। इतना ही नहीं, बल्कि स्पीकर के आसन की तरफ पर्चे भी फेंके थे। इसको लेकर स्पीकर काफी नाराज हैं। उन्होंने बुधवार को सदन की कार्यवाही का संचालन नहीं किया। यही नहीं, बिरला ने साफ कर दिया कि जबतक सदस्यों का व्यवहार सदन की गरिमा के अनुरूप नहीं होगा, वह लोकसभा की कार्यवाही का संचालन नहीं करेंगे। बुधवार को वे नहीं आये। फिर भी सदस्यों पर कोई असर नहीं पड़ा। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने फिर से वेल में आकर विरोध करना शुरू कर दिया। अंततः दिनभर के लिए सदन स्थगित करना पड़ा।

**न्यूज डायरी**

### 1.40 लाख रिश्वत लेते लेखा लिपिक गिरफ्तार

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर आरईओ कार्यालय के लेखा लिपिक सरोज कुमार को जमशेदपुर एसीबी की टीम ने 1.40 लाख रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा है। एसीबी की टीम की कार्रवाई से आरईओ विभाग में हड़कंप है।

### लापरवाही मामले में सरिया थानेदार निलंबित

**गिरिडीह।** सेवा में लापरवाही बरतने के आरोप में गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने सरिया थाना प्रभारी संतोष कुमार मौर्या को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बुधवार को इसकी पुष्टि डीएसपी संजय राणा ने की।

### रामगढ़ में चाकू मार कर युवक की हत्या

**रामगढ़।** थाना क्षेत्र में एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। शहर के जारा टोला में हुई वारदात के बाद रामगढ़ पुलिस आरोपित हमाद उर्फ मोटा की तलाश कर रही है। मृतक पवन यादव शहर के विकास नगर मोहल्ले का निवासी था। घटना के वक्त हमाद के साथ एक और व्यक्ति मौजूद था। मामले की पुष्टि रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार ने की।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### झारखंड में मॉनसून सक्रिय कहीं हल्की तो कहीं भारी वर्षा

**रांची।** राज्य में साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर देखा जा रहा है। यही कारण है कि पूरे राज्य में मॉनसून सक्रिय है, कहीं हल्के तो कहीं भारी वर्षा हुई। एक अगस्त से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बारिश का असर देखा जा रहा है। इसमें कुछ हिस्सों में भारी बारिश तो कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन से बारिश का असर बना है। निम्न दाब का झारखंड से होकर गुजरने के कारण आने वाले तीन दिनों तक इसका असर रहेगा। विभाग की मानें तो बुधवार को राज्य के कई हिस्सों में भर में बारिश हुई। गुरुवार से राज्य में बारिश का असर कम हो सकता है। हालांकि राज्य में आठ अगस्त तक कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी। इस दौरान तीन अगस्त को राज्य के कुछ हिस्सों में हल्के दर्जे की बारिश रिकॉर्ड की जायेगी। (शेष पेज 11 पर)

# रांची से आतंकी संगठन को पैसे भेज रहे साइबर अपराधी

## सीआइडी जांच में खुलासा, इंडियन साइबर क्राइम सेंटर से मांगी मदद

- **हिजबुल्लाह के खाते में भेजे गये 1.33 करोड़ रुपये**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** साइबर ठगी की जांच कर रही झारखंड सीआइडी को साइबर अपराधियों के आतंकी कनेक्शन के बारे में पता चला है। साइबर अपराधी ठगी के जरिये जो क्रिप्टो करेंसी के पैसे उड़ा रहे हैं, उसे वे आतंकी संगठनों के बैंक खाते में भेज रहे हैं। ऐसे में झारखंड सीआइडी ने मदद के लिए इंडियन साइबर क्राइम सेंटर से संपर्क किया है। हाल में ही रांची में धुर्वा थाना क्षेत्र के रहने वाले नवीन कुमार वर्मा नाम के व्यक्ति से 1.33 करोड़ की ठगी हुई थी। सीआइडी की साइबर सेल को जांच के दौरान पता चला कि ठगी के ये पैसे लेबनान स्थित आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह खाते में भी भेजी गयी।

**क्या है पूरा मामला :** धुर्वा थाना क्षेत्र में रहने वाले क्रिप्टो करेंसी बाजार के निवेशक नवीन कुमार वर्मा से जमा राशि बढ़ाने के नाम पर साइवर अपराधियों ने 1.33 करोड़ की ठगी कर ली। (शेष पेज 11 पर)

**अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन है हिजबुल्लाह**

हिजबुल्लाह, ईरान समर्थित लेबनान का आतंकी संगठन है। हिजबुल्लाह को साल 2019 में ब्रिटेन की सरकार ने आतंकी संगठन घोषित किया था। हाल के समय में अमेरिका और ब्रिटेन ने हिजबुल्लाह की फंडिंग रोकने के लिए कार्रवाई तेज कर दी गयी है।

### वन संरक्षण बिल को संसद की मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** देश में वृक्षरोपण को प्रोत्साहन, निश्चित भूमि को सरकारी सुविधाओं और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए वन भूमि लेने की अनुमति देने वाले वन संरक्षण विधेयक 2023 को बुधवार को राज्यसभा ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ ही इस पर संसद की मुहर लग गयी। यह विधेयक लोकसभा से पारित हो चुका है। इस विधेयक को विस्तृत जांच के लिए स्थायी समिति में भेजा गया था। वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सदन में चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि इससे देश में वृक्षारोपण में वृद्धि होगी और पर्यावरण का संरक्षण हो सकेगा।

### इडी रिमांड पर विष्णु अग्रवाल पांच दिनों तक होगी पूछताछ

**रांची।** चेशायर होम रोड के एक एकड़ जमीन फर्जीवाड़े में गिरफ्तार कारोबारी विष्णु अग्रवाल से इडी पांच दिन अपने कब्जे में लेकर पूछताछ करेगी। यह पूछताछ तीन से सात अगस्त तक की जायेगी। इडी, विष्णु अग्रवाल को गुरुवार को जेल से अपने साथ ले जायेगी। बुधवार को इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में पुलिस रिमांड को लेकर सुनवाई हुई। ईडी ने सात दिन की पुलिस रिमांड मांगी थी। सुनवाई के पश्चात अदालत ने पांच दिन की पूछताछ की अनुमति दी। पूछताछ की अवधि खत्म होने पर उसे अदालत में सशरीर पेश किया जायेगा। सुनवाई के दौरान इडी के वकील शिव कुमार एवं रमित सत्येंद्र ने कहा कि जेल में बंद आरोपी विष्णु अग्रवाल से जमीन फर्जीवाड़े में पूछताछ की जरूरत है। बड़े पैमाने पर दस्तावेज में छेड़छाड़ कर जमीन फर्जीवाड़ा किया गया है। सात दिन की रिमांड की अनुमति दी जाये। इसका विरोध बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने किया। (शेष पेज 11 पर)




## मानसून सत्र : पक्ष-विपक्ष के हंगामे के कारण सदन कई बार हुआ स्थगित

# अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन समेत चार विधेयक सदन में पारित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के चौथे दिन चार महत्वपूर्ण विधेयकों के प्रस्ताव को सदन से स्वीकृति मिली। इनमें झारखंड कारखाना संशोधन विधेयक 2023 और झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक 2023 शामिल हैं। इसके अलावा सीबी रमण ग्लोबल विश्वविद्यालय और अरोग्यम इंटरनेशल विवि विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया। भोजनावकाश के बाद प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सदन पटल पर चारों विधेयक को रखा था। इस दौरान हंगामा करते हुये भाजपा ने वॉक आउट किया। इसके बाद स्पीकर ने गुरुवार की सुबह 11 बजे तक के लिए सदन को स्थगित कर दी। इससे ठीक पहले सदन में झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक 2023 के मसले पर विधायक लंबोदर महतो और विनोद सिंह ने


सदन में अपनी बात रखते मंत्री आलमगीर आलम।

इसे प्रवर समिति के पास भेजने को कहा। लंबोदर महतो का कहना था कि झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक को निश्चित तौर पर प्रवर समिति को भेजें। इसमें एक छोटा पर महत्वपूर्ण संशोधन जरूरी है। पहले 15 रुपये स्टांप शुल्क लगता था, जिसे अब 30 रुपया किया जा रहा है। पूरे राज्य में लगभग 33 हजार अधिवक्ता हैं। इस बढ़ोत्तरी के जरिये सरकार अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए इसे लाने की बात कह रही है। पर गरीब जनता पर इसका बोझ क्यों? इस बढ़ोत्तरी की बजाये सरकार अधिवक्ता कल्याण निधि अपनी तरफ से दें। दूसरे राज्यों दिल्ली में 25 रुपये, यूपी, पश्चिम बंगाल में 10 रुपये, बिहार में 25 रुपये ही स्टांप शुल्क है। पूर्व में इसी सदन से कोर्ट फीस संशोधन लाया गया था जिसका विरोध हुआ था।

आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो के मुताबिक पूर्व में सीएम ने कहा था कि कोर्ट फीस विधेयक पर संशोधन लाया जायेगा। सीएम ने 5 लाख तक का दुर्घटना बीमा का लाभ वकीलों को देने का आश्वासन दिया था। अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लाने की बात की थी।

वहीं माले विधायक विनोद सिंह ने अधिवक्ता कल्याण निधि संसोधन विधेयक पर बात रखते कहा कि कोर्ट फीस में संशोधन आधे दर्जन राज्यों में हुआ है। पर राज्य सरकार अपनी भूमिका को भी देखें। किसी की मृत्यु हो गयी, दुर्घटना हो गयी पर उसके लाभ की गारंटी का पता नहीं है। इसके लिए नियमावली नहीं है। गंभीर बीमारी, एक्सिडेंट जैसे मसले पर नियमावली या व्यवस्था तय हो। पेंशन की भी चिंता हो, कल्याण का दायरा राज्य सरकार बढ़ाये। अभी जो स्थिति दिख रही है, उससे वकीलों की जरूरतें पूरी होनी संदिग्ध हैं। अन्य राज्यों की तरह प्रावधान देखकर यहां भी बात हो। अगर वकीलों के कल्याण के लिए अतिरिक्त राशि की जरूरत हो तो सरकार देखें। इसी बिंदुओं को देखते इस विधेयक को प्रवर समिति में भेजने की बात कही। इस पर प्रभारी मंत्री आलमगीर आलम ने अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक के समर्थन में कहा कि लोग 15 रुपये दे रहे थे, अब और भी देने को तैयार हैं। वे नहीं समझते कि इससे कोई गरीब प्रभावित होगा।

**आरोग्यम इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी विधेयक और सीबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी विधेयक पर भी चर्चा** : दोपहर 2.10 बजे जब सदन शुरू हुआ तो इसके बाद आरोग्यम इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी विधेयक 2023 सदन में पेश किया गया। इस पर लंबोदर महतो ने इसे प्रवर समिति को भेजने को कहा। इसके बाद ध्वनि मत से इसे पारित कर दिया गया। प्रभारी मंत्री ने बिल की कॉपी में त्रुटियों को ठीक करने की बात कही। इसके अलावा सीबी रमण ग्लोबल यूनिवर्सिटी विधेयक को भी ध्वनि मत से सदन से पास किया गया। इसके अलावा कारखाना संशोधन विधेयक भी ध्वनिमत से पारित हो गया।

## झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक-2023 पर बवाल

# भाजपा-आजसू बिफरी, कहा-छात्रों के लिए करेंगे आंदोलन

### कांग्रेस ने भी सीएम से बात करने की कही बात





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रतियोगी परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम और निवारण के उपाय विधेयक 2023 पर बवाल मच गया है। विपक्ष से लेकर सत्ता पक्ष के विधायकों को भी इसके सजा के प्रावधानों पर आपत्ति है। परीक्षा में नकल और प्रश्न पत्र लीक को रोकने के लिए सरकार के द्वारा लाये जा रहे बिल पर सियासत तेज हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर निशाना साधते हुये सदन से लेकर सड़क तक आंदोलन करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इस बिल में प्रावधान किये गये हैं, वह छात्रों के हित में नहीं है। थोड़ी सी चूक की वजह से यदि छात्रों को जेल जाना पड़े यह कहीं से भी उचित नहीं है। सरकार ने यह बिल के माध्यम से कहीं ना कहीं छात्रों की आवाज को बंद करने की कोशिश की है। भाजपा सरकार के द्वारा लाये गये इस बिल का विरोध करती है। परीक्षा में कदाचार रोकने के नाम पर हेमंत सोरेन की सरकार काला कानून थोपना चाह रही है। वहीं, भाजपा के सहयोगी दल आजसू के सुदेश महतो ने कहा कि इसके खिलाफ आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार आज लाठी के बल पर युवाओं की आवाज दबाना चाहती है।

वहीं, कांग्रेस के प्रदीप यादव ने कहा कि प्रस्तावित झारखंड प्रतियोगी परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम और निवारण के उपाय विधेयक 2023 के कठोर प्रावधान और छात्रों के भविष्य के संभावित खतरे को लेकर सीएम हेमंत सोरेन से मंत्रणा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के लिये जो कठोर दंड का प्रावधान किया गया है, उसमें बदलाव की जरूरत है।

# विधायक अंबा प्रसाद ने सरकारी शिक्षकों के अंतर जिला स्थानांतरण की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा मानसून सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने सरकारी शिक्षकों के अंतर जिला स्थानांतरण का मामला उठाया। उन्होंने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुये कहा कि राज्य में कार्यरत सरकारी शिक्षकों का स्थानांतरण कई वर्षों से नहीं हो रहा था। जबकि विभाग द्वारा विगत दिनों नियमावली बनाकर पति-पत्नी के एक स्थान पर स्थानांतरण करने तथा असाध्य रोग से पीड़ित शिक्षकों को अंतर जिला स्थानांतरण का अवसर प्रदान की गई है। जिसकी ऑनलाइन प्रक्रिया भी जारी है, लेकिन, सामान्य शिक्षकों को अंतर जिला स्थानांतरण के लाभ से वंचित रखा गया है। यह उचित नहीं है।



### विस्थापन आयोग का हो गठन : अंबा प्रसाद

कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से राज्य में विस्थापितों की समस्या का समाधान के लिए विस्थापन आयोग का गठन करने की मांग की। उन्होंने हजारीबाग जिले के एनटीपीसी की पकरी बरवाडीह चट्टी,बारियातू व गोंदलपुरा में अडानी कंपनी द्वारा जबरदस्ती खनन कार्य करने के लिये अन्य प्रक्रिया करने पर विधानसभा में आवाज बुलंद की। अंबा प्रसाद के प्रश्न पर मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि पहले भी तीन बार उठाया गया है। अदानी इंटरप्राइजेज के मामले पर मंत्री ने बताया कि ग्रामीण अदानी परियोजना का सच में विरोध कर रहे हैं और इस संदर्भ में इसीलिए किसी प्रकार का कार्य शुरू नहीं कराया गया है। दरअसल, ध्यानाकर्षण के माध्यम से बताया था कि हजारीबाग जिले के एनटीपीसी की पकरी बरवाडीह चट्टी बारियातू व केरेडारी कोयला खनन परियोजना एमडीओ के माध्यम से खनन कार्य कर रही है।

## खबर एक नजर में

### झारखंड तैलिक साहू सभा के लोग सीएम से मिले

**रांची।** विधायक अंबा प्रसाद ने जातीय जनगणना कराने और 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू कराने की मांग दोहराई है। उन्होंने तेलघानी विकास बोर्ड गठित करने की मांग सीएम हेमंत सोरेन से की। दरअसल, मुख्यमंत्री कक्ष में विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में झारखंड तैलिक साहू सभा के प्रतिनिधि मंडल ने हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर मुख्य रुप से महेश महतो, मदन कुमार, मदन प्रसाद, दिलीप साहू, राज किशोर साहू, कुमार रोशन आदि उपस्थित थे।

### जेल में प्रेम प्रकाश से पूछताछ करेगी इडी

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी प्रेम प्रकाश से जेल में दो दिनों तक पूछताछ करेगा। कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है। रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट में इडी ने आवेदन देकर यह अनुमति मांगी थी कि खनन घोटाला से जुड़े केस में जेल में बंद अभियुक्त प्रेम प्रकाश से पूछताछ की अनुमति दी जाये। इडी के आवेदन को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने प्रेम प्रकाश से जेल में पूछताछ की इजाजत दे दी। यह पूछताछ 3 और 4 अगस्त को रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में होगी, जहां प्रेम प्रकाश न्यायिक हिरासत में है। उम्मीद की जा रही है कि इस पूछताछ में नए खुलासे हो सकते हैं।

### एएसआई में प्रमोशन वाली वरीयता सूची को चुनौती वाली याचिका पर हाइकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** हाईकोर्ट में आरक्षियों (सिपाही) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, पुलिस महानिदेशक और कार्मिक विभाग से जवाब मांगा है। अब इस याचिका पर 24 अगस्त को अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई है। दरअसल पुरानी वरीयता सूची नवंबर 2020 में निर्गत की गई थी। जिसे निरस्त किए बिना ही फरवरी 2023 को आरक्षियों की नई सूची बनायी गयी। फिर बिना आपत्ति के ही आरक्षण का पालन नहीं करते हुए प्रोन्नत कर दिया गया और पदस्थापन भी कर दिया गया। जिसके बाद आरक्षियों ने याचिका दाखिल की।

### सीएम हेमंत सोरेन से मिला अल्लामा अर्शदुल कादिरी रहमतुल्लाह उर्स आयोजन समिति का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में हेमंत सोरेन से बुधवार को मंत्री हफीजुल हसन के नेतृत्व में हजरत अल्लामा अर्शदुल कादिरी रहमतुल्लाह उर्स आयोजन समिति, धतकीडीह, जमशेदपुर के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 2 सितंबर को आयोजित होने वाले 22वें सालाना उर्स कार्यक्रम में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में मौलाना अबरार आलम, मौलाना हारून रशीद, मोहम्मद इलियास अहमद, मौलाना गुलाम शेरानी और मोहम्मद नुमान रजा शामिल थे।

# कांग्रेस पार्टी के डीएनए में है आदिवासी समाज का विरोध करना : शिवशंकर

### भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक इरफान अंसारी के बयान की निंदा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा सदन में आदिवासी समाज पर कांग्रेस के विधायक द्वारा गलतबयानी को लेकर भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विधायक इरफान अंसारी के बयान से कांग्रेस की मानसिकता एक बार फिर सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा इरफान अंसारी के ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण बयान की घोर निन्दा के साथ विरोध करता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। इस समाज को कांग्रेस ने हमेशा छलने का कार्य किया है। आदिवासी समाज को सम्मान देना इनके नीति नियत में कभी नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को लेकर कांग्रेस पार्टी की यही मानसिकता सदियों से चली आ रही है। उनके लिए सिर्फ एक परिवार ही सब कुछ है। श्री उरांव ने कहा कि कांग्रेस के बयान से केवल भाजपा ही नहीं, समूचा जनजाति समाज मर्माहत है।

## विस घेरने पहुंचे बीआरपी-सीआरपी, एसएस संघ ने सरकार के प्रतिनिधियों को दिया अल्टीमेटम

# कैबिनेट की अगली बैठक में सेवाशर्त नियमावली नहीं आयी तो मुख्यमंत्री आवास का होगा घेराव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा घेरने पहुंचे बीआरपी-सीआरपी, एसएस संघ ने बुधवार को सरकार के प्रतिनिधियों से दो टूक कहा कि अगर नेक्स्ट कैबिनेट में सेवाशर्त नियमावली नहीं आयी तो रणनीति बनाकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव होगा। तत्कालीन विभागीय मंत्री स्व जगरनाथ महतो ने उन्हें अतिशीघ्र तोहफा देने की बात की थी, परंतु विभागीय सचिव ने आगे की पहल नहीं की। अंदोलित कर्मियों की बातों को गंभीरता से लेकर एडीएम विधि व्यवस्था और एसडीओ रांची ने संघ के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनके आंदोलन की सूचना सीएम के पास पहुंचा दी गयी है।


अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करता बीआरपी-सीआरपी, एसएस संघ

मालूम हो कि भीषण बारिश में भी विभिन्न जिलों से संघ के सदस्य अपनी मांगों के लिए विधानसभा में डंटे रहे। वह सरकार विरोधी नारे लगाते रहे। बारिश के दौरान भी उनका जोश देखते बन रहा था। संघ के सदस्यों का कहना था कि शिक्षा सचिव द्वारा उन्हें सिर्फ ठगा जा रहा है। 18 साल की सेवा के बाद भी उन्हें पारा शिक्षकों से कम मानदेय मिलता है। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार के प्रतिनिधि को आगाह किया कि हमलोगों की मांगों पर अविलंब निर्णय नहीं लिया गया एवं आगामी कैबिनेट में सेवाशर्त नियमावली पास नहीं हुई तो इससे भी उग्र रूप धारण कर मुख्यमंत्री आवास घेराव करेंगे एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी चले जाएंगे।

घेराव में रांची जिला के साथ पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, लातेहार, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, जामताड़ा, धनबाद, बोकारो, दुमका, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, जामताड़ा एवं अन्य जिले के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय कमेटी के केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, महासचिव नितिन कुमार, उपाध्यक्ष नीलम पाण्डेय, अरविंद चौबे, जावेद अंसारी, मिथिलेश कुमार सिंह, सचिव संजय झा, मनदीप राम संगठन सचिव संजय रजक, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, कार्यालय सचिव कुमार सिकंदर, कमलकांत मेहता, प्रवक्ता नवीन कुमार,मीडिया प्रभारी रविंद्र कुमार ठाकुर, के साथ सभी जिला के प्रतिनिधि एवं जिलों के साथी उपस्थित थे।

# राज्य के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स में 217 सीएचओ की हुई नियुक्ति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर लाने की सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग नियुक्ति प्रक्रिया में जुटी हुई है। इसी कड़ी में राज्य भर में बीएससी इन कम्युनिटी हेल्थ कोर्स के 217 सफल अभ्यर्थियों को विभिन्न जिलों के हेल्थ सब सेंटर और हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में नियुक्त किया गया है। संविदा के आधार पर हुई इस नियुक्ति में 25 हजार रुपये प्रति महीने मानदेय के मिलेगा। इसके अतिरिक्त 15 हजार रुपये प्रदर्शन के उपरांत नियम के तहत दिया जाएगा। पदस्थापित सीएचओ को एनएचएम के द्वारा निर्धारित कार्य दायित्व का निर्वहन करना होगा। यह सभी चिन्हित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के नियंत्रण में काम करेंगे।

**सीएचओ की नियुक्ति**

| | |
|---|---|
| बोकारो-13 | जामताड़ा- 04 |
| चतरा- 04 | कोडरमा- 06 |
| देवघर- 05 | लातेहार- 12 |
| धनबाद- 19 | लोहरदगा- 02 |
| दुमका- 12 | पाकुड़- 04 |
| पूर्वी सिंहभूम- 11 | पलामू-17 |
| गढ़वा- 12 | रामगढ़- 06 |
| गिरिडीह- 21 | रांची- 11 |
| गोड्डा- 05 | साहेबगंज- 03 |
| गुमला- 15 | सरायकेला- 09 |
| हजारीबाग- 20 | प.सिंहभूम- 06 |

**सेवा के दौरान इन बातों का रखना होगा ख्याल** : स्वास्थ्य विभाग द्वारा चयनित सीएचओ की सेवा संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर उनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी। यदि सरकारी कार्य में बाधा डालते हैं तो भी सेवा समाप्त कर दी जाएगी। गलत प्रमाण पत्र पाए जाने पर उनकी सेवा स्वतः समाप्त हो जाएगी।

## भाजपा का विस गेट पर प्रदर्शन, मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की

# राज्य में आदिवासियों की हत्या और दुष्कर्म के लिए राज्य सरकार जिम्मेवार : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा के मॉनसून सत्र के चौथे दिन भी भाजपा ने विधानसभा के बाहर कई मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने राज्य में आदिवासियों की हत्या और दुष्कर्म के लिए राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराते हुये सीएम हेमंत सोरेन से इस्तीफा देने की मांग की। थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरियों को झारखंड के मूल निवासियों के लिए आरक्षित करने की मांग की। सुभाष मुंडा हत्याकांड की जांच, नियोजन नीति को स्पष्ट करने, झारखंड को सुखाड़ और अकाल क्षेत्र घोषित करने समेत कई मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर विपक्षी विधायकों ने प्रदर्शन किया।



विधानसभा गेट पर प्रदर्शन करते भाजपा के विधायक

**इटखोरी के सीओ को बर्खास्त करें : किशुन दास**

झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र चौथे दिन भी सदन की कार्यवाही हंगामे के साथ हुई। सिमरिया विधायक किशुन दास ने इटखोरी प्रखंड के सीईओ राम विनय शर्मा को बर्खास्त करने की मांग को लेकर धरना दिया। उनका कहना था कि राम विनय शर्मा ने सैकड़ों एकड़ जमीन की अवैध तरीके से जमाबंदी की है। पिछले बजट सत्र में इन्होंने इस मामले को उठाया था। इसपर चतरा उपायुक्त ने जांच भी की और रिपोर्ट भी सौंपी लेकिन 4 महीने बीत जाने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। श्री दास ने सरकार से अविलंब कार्रवाई करने की मांग की।

### सत्ताधारी दल का केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन

**केंद्र से किसानों को मिलने वाला लाभ अब तक नहीं मिला**

मॉनसून सत्र के चौथे दिन सदन के बाहर सत्ताधारी दल के विधायकों ने भी केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। इंडिया के विधायकों का कहना है कि केंद्र सरकार किसानों के प्रति असंवेदनशील है। मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि पिछले वर्ष राज्य सरकार ने 226 सूखाग्रस्त ब्लॉक की सूची केंद्र सरकार को सौंपी थी और राज्य सरकार ने अपनी तरफ से सभी किसानों को 3500 रुपये भी दिये थे। लेकिन केंद्र सरकार की ओर से जो लाभ किसानों को मिलने वाला था, वह अब तक नहीं मिला। उन्होंने केंद्र सरकार से किसानों को सूखा राहत कोष की राशि अविलंब देने की मांग की। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने भी कहा कि झारखंड का हक उसे मिलना चाहिये।

### भाजपा को किसानों से कोई लेना देना नहीं : सत्यानंद

मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि एक तरफ जहां महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त है। झारखंड के किसान सूखे की मार झेल रहे हैं और अब तक केंद्र सरकार ने उन्हें कोई राहत नहीं दी है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि भाजपा को किसानों से कोई लेना देना नहीं है।

## रांची-पटना वंदे भारत का रूट बदला

# वंदे भारत फिलहाल टाटीसिलवे से मूरी और बरकाकाना होकर चलेगी

### साकी और बरकाकाना के बीच पटरी पर चट्टान गिरने से हुआ बदलाव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची से पटना के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के रूट में बदलाव किया गया है। यह बदलाव बुधवार से लागू है। रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन अगले आदेश तक परिवर्तित मार्ग से चलेगी। भारतीय रेलवे ने इसे लेकर सूचना जारी कर दी है। रेलवे की ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि वंदे भारत एक्सप्रेस अगले आदेश तक टाटीसिलवे, साकी और बरकाकाना होकर चलने वाली ट्रेन अब टाटीसिलवे से मूरी और बरकाकाना होकर चलेगी।

**इस वजह से बदला रूट** : रेलवे ने बताया है कि वंदे भारत एक्सप्रेस के रूट में बदलाव क्यों किया गया है। दरअसल मंगलवार को साकी और बरकाकाना के बीच पहाड़ी चट्टान रेलवे ट्रैक पर गिर गया था।



चट्टान गिरने से मंगलवार को सांकी- बरकाकाना रूट पूरे दिन प्रभावित हुआ था। बाद में धनबाद से बुलडोजर और पोकलेन मशीन भेजकर देर रात उसे हटाया गया।

**खतरे को देखते हुए लिया गया निर्णय** : प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस रूट से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन होता है, उस रूट में मानसून के दौरान चट्टान खिसकने का खतरा बना रहता है। इसके मद्देनजर रेलवे ने अगले आदेश तक दोनों ओर से चलने वाली वंदे भारत का मार्ग बदला है।

रांची से पटना जाने वाली वंदे भारत ट्रेन को बीते 27 जून को पीएम मोदी ने हरी झंडी दिखाई थी। यह ट्रेन रांची से पटना के बीच की दूरी 5.50 घंटे में तय कर लेती है।

### 12 इंस्पेक्टर का हुआ तबादला, अधिसूचना जारी

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 12 इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। इससे संबंधित अधिसूचना बुधवार को डीआईजी कार्मिक के द्वारा जारी कर दी गई है।



**कौन कहां गए**

- नागेश्वर रजक- जेपीए हजारीबाग
- सत्येंद्र नारायण सिंह- बोकारो जिलाबल
- सत्येंद्र ओझा- सीआईडी रांची
- संतोष कुमार- जेएपीटीसी पदमा
- नवीन प्रसाद-बोकारो जिला बल
- नंदकिशोर राम- जेएपीटीसी पदमा
- प्रेम रंजन उरांव- एसीबी रांची
- आनंद किशोर प्रसाद- रांची जिला बल
- संजय कुमार वर्मन- रांची जिला बल
- राजेंद्र कुमार दास- स्पेशल ब्रांच रांची
- बनारसी प्रसाद- धनबाद जिलाबल
- मनोज कुमार गुप्ता- स्पेशल ब्रांच रांची

# लाल आंखवालों से रहें सावधान! बच्चों में भी तेजी से फैल रहा कंजक्टिवाइटिस

## अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या, रिम्स में बुधवार को सात पीड़ित बच्चों का हुआ इलाज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के विभिन्न जिलों समेत राजधानी रांची में कंजक्टिवाइटिस की समस्या से सबसे ज्यादा बच्चे पीड़ित हो रहे हैं। बच्चे स्कूल में एक साथ ज्यादा समय गुजारते हैं। वहीं, पेन, पेंसिल और टिफिन बॉक्स का उपयोग एक दूसरे के साथ मिलकर करते हैं। यही कारण है कि बच्चे तेजी से संक्रमित हो जाते हैं। इधर, रिम्स और सदर अस्पताल सहित निजी नेत्र चिकित्सालयों में कंजक्टिवाइटिस से पीड़ित मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गयी है। बुधवार को रिम्स के नेत्र विभाग के ओपीडी में सात बच्चों का इलाज किया गया। कई बच्चे स्कूल ड्रेस में ही परामर्श लेने पहुंच गये थे।



### तीन-चार दिन में ठीक हो जाती है यह संक्रामक बीमारी

सदर अस्पताल के नेत्र चिकित्सक डॉ वात्सल्य ने बताया कि कंजक्टिवाइटिस वायरल समस्या है, जो तेजी से एक से दूसरे में फैलता है। बच्चे स्कूल में एक साथ ज्यादा समय गुजारते हैं। वहीं, पेन, पेंसिल और टिफिन बॉक्स का उपयोग एक दूसरे के साथ मिलकर करते है। यही कारण है कि बच्चे तेजी से संक्रमित हो जाते हैं। ज्यादा घबराने वाली बात नहीं है, क्योंकि तीन से चार दिन में यह बीमारी ठीक हो जाती है। कुछ में यह एक सप्ताह तक रहती है। लेकिन सावधानी और सतर्कता जरूरी है।

**रोग के लक्षण**

आंख का सफेद हिस्सा लाल होना, आंखों में जलन खुजली, आंखों से पानी या आंसू आना प्रमुख है।

**फ्लू को रोकने को क्या करें :** संक्रमित होने पर बार-बार अपने हाथ एवं चेहरे को ठंडे पानी से धोयें, निजी चीजों जैसे तौलिया, तकिया, आई कॉस्मेटिक्स आदि को किसी से साझा न करें, रूमाल, तकिये के कवर, तौलिया आदि चीजों को रोज धोएं, स्वच्छता का पूरा ध्यान रखें, अगर कोई भी लक्षण दिखाई दे तो घर से बाहर न जाएं और परिवार में भी लोगों से शारीरिक दूरी बनाकर रखें, आंखों को बार-बार हाथ न लगाएं, खुजली होने पर आंखों को बिल्कुल मले नहीं, आई ड्रॉप डालने से पहले और बाद में हाथों को साबुन से अवश्य धो लें, डॉक्टर की सलाह से ही दवा लें।

कंजक्टिवाइटिस संक्रमित मरीज के संपर्क में आने पर फैलता है। सदर अस्पताल में 50 प्रतिशत मरीज इसी समस्या को लेकर आ रहे हैं। बच्चों की संख्या ज्यादा है। हल्की समस्या दिखने पर भी बच्चों को स्कूल नहीं भेजें। हल्की समस्या में यह तीन से चार दिन में ठीक हो जाता है

**डॉ दीपांकर, नेत्र रोग विशेषज्ञ**

---

**रांची डीडीसी ने जारी किया निर्देश**

# ग्रामीण क्षेत्रों में बिना नक्शा पास कराये भवन निर्माण करने पर होगी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण क्षेत्रों में बिना नक्शा पास कराए भवन निर्माण करने पर कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को विकास भवन में रांची डीडीसी दिनेश यादव ने इसे लेकर जानकारी दी। ग्रामीण क्षेत्रों 5000 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल का घर बनाने पर उन्हें हर हाल में नक्शा जिला परिषद से पास कराना होगा। जो नक्शा नहीं पास करायेंगे, उनके भवन को अवैध मानते हुए डीडीसी और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर के द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

**झारखंड पंचायत भूमि विकास 2017 के अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई :** रांची डीडीसी दिनेश यादव ने कहा कि झारखंड पंचायत भूमि विकास (नक्शा एवं भवन निर्माण) 2017 के अधिनियम के तहत ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है जो भी 5000 स्क्वायर फीट या उससे अधिक क्षेत्रफल पर भवन का निर्माण किए हैं, उन्हें नक्शा पास कराना जरूरी होगा। बता दें कि इससे पहले ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण कराने के लिए नक्शा पास करवाने जैसा नियम नहीं था।

**ग्रामीण क्षेत्र में 5000 वर्ग फीट या उससे अधिक के क्षेत्रफल के भवन निर्माण के लिए भवन का नक्शा पास कराना होगा**



### कैसे करें नक्शा पास कराने के लिए आवेदन

जिला परिषद रांची के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्र में भवन निर्माण के संबंध में सरकार के निर्देश हैं। ग्रामीण विकास विभाग (पंचायती राज) झारखंड सरकार के (संकल्प संख्या 3428, दिनांक 10-10-2017) मुताबिक, झारखंड पंचायत भूमि विकास (नक्शा एवं भवन निर्माण) नियमावली 2017 के तहत झारखंड बिल्डिंग बायलॉज 2016 को संशोधित किया गया। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्र में 5000 वर्ग फीट से अधिक के क्षेत्रफल के भवन निर्माण के लिए भवन का नक्शा पास कराना होगा। इसके लिए जिला परिषद को शक्ति दी गयी है। बिचौलियों और दलालों के फेर में लोग ना पड़ें, इसके लिए पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन रखी गई है। इसके तहत संबंधित व्यक्ति जिला परिषद, रांची में निबंधित आर्किटेक्ट के माध्यम से नक्शा पारित कराने को आवेदन दे सकते हैं।

---

**प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियों नें स्मार्ट सिटी परिसर का किया भ्रमण**

# रांची स्मार्ट सिटी में लोगों को विश्व स्तरीय नागरिक सुविधाएं मिलेंगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कैडर के सात प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियों ने बुधवार को रांची स्मार्ट सिटी परिसर का जायजा लिया और कई महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। इस मौके पर इन अधिकारियों को बताया गया कि किस प्रकार से करीब साढ़े छह सौ एकड़ जमीन पर एरिया बेस्ड डेवलपमेंट की तर्ज पर एक नए शहर का विकास हो रहा है, जहां पर विश्व स्तरीय नागरिक सुविधाएं लोगों को मिलेंगी। शहर में किसी भी आधारभूत संरचना के विकास के लिए कोई तोड़ फोड़ न करना पड़े इसका पूरा ख्याल रखा गया है। इसके साथ ही इस शहर में लोगों को रहने के लिए आशियाना के साथ साथ रोजगार भी उपलब्ध होगा।



प्रशिक्षु अधिकारियों को जानकारी देते निदेशक अमित कुमार

### एबीडी क्षेत्र और आधारभूत संरचना का विकास

रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ और सूडा के निदेशक अमित कुमार ने बताया कि इस पूरे शहर में नागरिक सुविधाओं पर विशेष जोर दिया गया है। विभिन्न आकार की चौड़ाई की सड़कों के साथ साथ पैदल पथ और साइकिल लेन का भी प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही सेंसर बेस्ड स्ट्रीट लाइट और सिग्नल लाइट का व्यवस्था किया गया है। इसके साथ हीं सड़क के किनारे किनारे यूटिलिटी डक्ट के माध्यम से नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है। इसके साथ हीं पूरे परिसर में विशेष सुरक्षा का इंतजाम किया गया है। स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के जीएम राकेश कुमार नंदक्योलियार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरीए स्मार्ट सिटी की परिकल्पना और क्रियान्वयन की जानकारी दी।

**कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर :** अधिकारियों को बताया गया कि एबीडी क्षेत्र के साथ साथ पैन सिटी अर्थात पूरे शहर की सुरक्षा और यातायात प्रबंधन रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के कमांड सेंटर से नियंत्रित होता है। इसके लिए एडॉप्टिव ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम, ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीकॉग्नीशन, स्पीड वायलेशन डिटेक्टर, रेड लाइट वायलेशन डिटेक्टर और तीन प्रकार के विशेष कैमरे सुरक्षा कारणों से लगाए गए हैं। पूरे शहर की निगरानी एक हजार से ज्यादा उपकरणों से की जा रही है। सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार और अन्य जागरुकता कार्यक्रमों के लिए 50 लोकेशन पर वैरीएबल मैसेज साइन बोर्ड और पीए सिस्टम स्थापित किया गया है। अधिकारियों को कमांड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर का भ्रमण कराया गया और उससे जुड़ी तमाम जानकारी भी साझा की गयी। वर्तमान में शहर में ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले लोगों पर चालान के माध्यम से होने वाली कार्रवाई भी यहीं से की जा रही है। लगातार बारिश के बाद भी अधिकारियों को रांची स्मार्ट सिटी के आधारभूत संरचना खासकर सड़कों और नागरिक सुविधाओं से रूबरू कराया गया।

**एबीडी में बिजली पानी की आपूर्ति :** अधिकारियों को बताया गया कि एबी डी क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए डेडीकेटेड वाटर सप्लाई लाइन और वॉटर रिजर्वॉयर का निर्माण हो चुका है इसके साथ ही सीवरेज वाटर का एसटीपी में फिल्ट्रेशन कर सेकेंडरी वाटर के रूप में सप्लाई किया जाएगा। इसके साथ ही रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र में 24 घंटे 7 दन बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके इसके लिए गैस इंसुलेटेड पावर सब स्टेशन का निर्माण कराया गया है।

---

# वांटेड आर्म्स एक्ट के 100 से अधिक आरोपियों के ठिकाने पर छापेमारी, सुभाष मुंडा के शूटरों की हो रही है पहचान

**खबर मन्त्र सवाददाता**

**रांची।** रांची जिला में 100 से अधिक आर्म्स एक्ट के आरोपियों के ठिकाने पर पुलिस ने छापेमारी की है। एसएसपी कौशल किशोर के निर्देश पर राजधानी रांची के सभी थाना क्षेत्रों में मंगलवार की देर रात छापेमारी अभियान चलाया गया। आर्म्स एक्ट मामले के वैसे आरोपी जो वर्तमान में जेल से बाहर हैं या फिर जेल में हैं, उनके ठिकानों पर पुलिस ने छापेमारी की। अलग-अलग थाना क्षेत्र में कई आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को पकड़कर पुलिस थाना लेकर आई है। पुलिस द्वारा यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि आर्म्स एक्ट के आरोपी की वर्तमान में क्या गतिविधियां हैं, क्या जमानत पर है या फरार हैं। इसके अलावा उसका किस आपराधिक गिरोह से संबंध है, इन सभी मामलों का सत्यापन कराया जा रहा है। बताया जाता है कि पिछले बुधवार को दलादिली में कॉमरेड नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड के शूटरों की तलाश कर रही है। इससे पहले रांची जिला के 17 थाना क्षेत्र के 50 भू-माफियाओं से पूछताछ की गई थी। रांची जोनल आईजी पंकज कंबोज के निर्देश पर अभियान शुरू हुआ था। इस दौरान 50 भू-माफियाओं को उठाकर थाने लाया गया था।

---

# अलग-अलग जगहों पर रेलवे ट्रैक से तीन शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**कौन है युवक- युवती, शिनाख्त कर रही है पुलिस**

**अरगोड़ा स्टेशन के पास बरामद शव मामले में ऑनर किलिंग से भी जोड़कर देख रही पुलिस**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के अरगोड़ा स्टेशन से सटे रेलवे ट्रैक के पास से एक युवक और युवती का शव बरामद किया गया है। दोनों की मौत ट्रेन से कटने की वजह से हुई है। मामले की जानकारी मिलने के बाद अरगोड़ा पुलिस तफ्तीश में जुटी हुई है। दोनों मृतकों की पहचान देर रात तक नहीं हो पाई थी।

वहीं झारखंड पुलिस मुख्यालय के पास स्थित रेलवे ट्रैक से भी एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। उसकी मौत भी ट्रेन से कटने की वजह से हुई है। जीआरपी और आरपीएफ जांच में जुट गई है। डॉग स्कॉवयड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। आशंका जताई जा रही है कि युवक और युवती ने एक साथ ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या की है। पुलिस के द्वारा अलग-अलग थानों में दोनों की तस्वीर भेजी है ताकि पहचान हो सके। अरगोड़ा थाना प्रभारी ब्रज कुमार ने बताया कि मामला आत्महत्या का है या फिर हादसा का इसकी जांच की जा रही है। उधर, धुर्वा इलाके में भी एक ट्रैक पर युवक का शव बरामद किया गया है। अरगोड़ा ट्रैक मामले में कहा गया कि युवक- युवती ट्रेन से ही आए होंगे या उनके साथ ऑनर किलिंग की घटना तो नहीं है।

**धुर्वा में भी मिला शव :** वहीं रांची में ही रेलवे ट्रैक पर ही एक तीसरा शव भी बरामद हुआ। पुलिस मुख्यालय के पास स्थित रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव ट्रेन से कटा हुआ बरामद किया गया। हटिया जीआरपी और धुर्वा पुलिस मौके पर पहुंची तफ्तीश में जुटी। हत्या के बिंदु पर भी जांचः मिली जानकारी के अनुसार अरगोड़ा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर जो दोनों शव मिले हैं, उसमें किसी साजिश की भी आशंका जताई जा रही है। दोनों ही शव बेहद क्षत विक्षत स्थिति में मिले हैं। पुलिस इस मामले में हत्या के बिंदु पर भी जांच कर रही है।

---

**सीएम से मिला जिप और जिला मुखिया संघ का प्रतिनिधिमंडल**

# जिप के सुचारू संचालन के लिए आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराने का किया आग्रह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधान सभा स्थित सभा कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला के जिला परिषद सदस्य और मुखिया संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से जिला परिषद को बेहतर और सुचारू तरीके से संचालन के लिये आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार इस दिशा में बहुत जल्द यथोचित निर्णय लेगी। सीएम ने जिला परिषद और मुखिया संघ के प्रतिनिधि मंडल को कहा कि आपके संसाधन और राजस्व बढ़ाने में सरकार पूरा करेगी सहयोग। रांची में खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए सिदो कान्हू क्लब का गठन किया जा रहा है। जनप्रतिनिधि इसे सफल और सफल बनाने में सहयोग करें। जिला परिषद और ग्राम पंचायतों को सशक्त करने पर सरकार विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिला परिषदों को सेल्फ डिपेंडेंट बनने की पहल करनी होगी। इस दिशा में वे अपने



अधीनस्थ संसाधनों का व्यवसायिक इस्तेमाल करने की कार्य योजना बनायें। इसके साथ अपने क्षेत्राधिकार में आनेवाले जो भी संसाधन हैं, उनसे राजस्व को बढ़ाने की दिशा में भी आगे बढ़ें। इसमे जो भी सहयोग की जरूरत होगी, उसे सरकार पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। इन योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में आप सहयोग करें। ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पंचायत स्तर पर दवा दुकान योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को दवा दुकान संचालन का लाइसेंस दिया जा रहा है। इस योजना को मजबूती देने के साथ दवा दुकान का लाइसेंस लेने वाले युवाओं को पूरा सहयोग दें। उन्होंने कहा कि राज्य में खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए सिदो-कान्हू क्लब का गठन किया जा रहा है। इसके जरिए युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। सरकार की ओर से क्लब को खेल सामग्री देने के साथ आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। यह क्लब समुचित और प्रभावी तरीके से काम करेंए इसके लिए आप जैसे जनप्रतिनिधियों को भी अहम जिम्मेदारी निभानी होगी। इसके लिए आप सभी ग्रामीण क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं को चिन्हित कर इस क्लब के माध्यम से आगे लाने का कार्य करें। मौके पर विधायक मथुरा प्रसाद महतो और सुखराम उरांव, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, जिला परिषद पश्चिमी सिंहभूम के अध्यक्ष लक्ष्मी सुरीन, उपाध्यक्ष रंजीत यादव और सदस्य शशि भूषण पिंगुआ, राज तुबिद्, सुहागी मुर्मू और बसंती बुर्मु के अलावा मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष हरिन तामसोय, महासचिव जगमोहनए उपाध्यक्ष दिनेश बाईपाई और समिति के सदस्य मौजूद थे।

---

# सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का जवाब

# गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के आहार के लिए दिये ₹397 करोड़ की राशि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अधीन चलने वाले अनुपूरक पोषण कार्यक्रम के तहत विगत 3 वर्षों में झारखंड को भारत सरकार के द्वारा ₹397 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है। इस राशि के माध्यम से गर्भवती और शिशुओं को स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य की देखभाल, उन्हें पौष्टिक आहार, विशेष पूरक आहार प्रदान किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने लोकसभा में सांसद संजय सेठ के सवाल पर दी। सांसद संजय सेठ ने यह सवाल पूछा था कि सरकार ने गर्भवती और शिशुओं को स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए पौष्टिक और विशेष पूरक आहार प्रदान करने का क्या प्रावधान किया है। मिशन पोषण दो के दिशा निर्देशों के अंतर्गत सप्ताह में कम से कम एक बार अनुपूरक पोषण में मोटे अनाजों को अनिवार्य रूप से शामिल करने की सलाह भी दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में बताया कि इसके लिए भारत सरकार पूरी तरह से गंभीर होकर कार्य कर रही है। विगत 3 वर्षों में अनुपूरक पोषण कार्यक्रम के तहत झारखंड को जो राशि उपलब्ध कराई गई। उसके अनुसार वर्ष 2021-22 में 175 करोड़, 2022-23 में 164 करोड़ और 2023-24 में अब तक 55 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है।

---

**पिता ने ऑटो चलाकर पढ़ाई पूरी कराई, देश सेवा में अपने को किया समर्पित**

# चंद्रयान-3 में सॉलिड प्रोपलेंट फ्यूल प्रोवाइड कराने वाले रांची के युवा नीलेश झा ने झारखंड का बढ़ाया मान

**रांची के दो शिक्षण संस्थानों केंद्रीय विद्यालय और सरस्वती शिशु मंदिर का नाम रोशन किया**

**कुबेर सिंह**

**रांची।** नीलेश, कभी रांची की सड़कों पर पैदल चलता था। जुनून उसके मन में भरी हुई थी। उसे बस एक उड़ान भरना था। आकाश में नहीं बल्कि उस आकाश को भेद कर उस खोज की ओर निकलने वाले वैज्ञानिकों के साथ एक अहम रोल की भूमिका निभा कर इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में हमेशा के लिए दर्ज कर लिया। एकीकृत बिहार के बांका जिले के छोरा ने यह कारनामा कर दिया है। उसने चंद्रयान- 3 तक उड़ने के लिए एक विशेष तेल ईंधन की खोज के लिए बनाया। युवा निलेश कुमार झा का आज रांची, झारखंड को गर्व करना है। जिसने उसने झारखंड को कर्मभूमि बनाई।



**कौन है निलेश :** नीलेश बांका जिला का युवा है। एक आपदा में आई बाढ़ की बजह से उनकी दो एकड़ की जमीन बालू बन गई। बालू बनने के बाद उसके पिता को आजीविका के लिए रांची आना पड़ा। रांची आने के बाद उसके पिता ऑटो चलाने लगे। इसी दौरान नीलेश की पढ़ाई भी रांची में आरंभ हो गई। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए दूसरे राज्य गया।

14 जुलाई को लांच चंद्रयान-3 में बांका के होनहार युवक भगवानपुर निवासी अनिल झा का पुत्र नीलेश कुमार झा सॉलिड प्रोपरंट फ्यूल बनाने की टीम में शमिल था। फ़्यूल तैयार करने की टीम इसरो ने चार सदस्य टीम को जिम्मेदारी दी थी। इस काम में नीलेश का अहम योगदान रहा। 2019 से इस सॉलिड प्रोपलेंट तैयार करने के लिए वे रिसर्च कर रहे थे। उसके मुताबिक, इंजीनियरिंग करने के बाद देश के इसरो में काम करना बचपन से ही लक्ष्य था। पिता ने ऑटो चलाकर पढ़ाई पूरी करवाई। 10वीं की शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर रांची से की। इसके बाद रांची केंद्रीय विद्यालय से बारहवीं की पढ़ाई करने के बाद बिहार नालंदा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की डिग्री के बाद आइआइटी मद्रास की डिग्री लेकर चार साल तक रिसर्च करता रहा।

**मारक रॉकेटों में होगा फ्यूल का उपयोग :** निलेश ने सॉलिड प्रोपलेंट फ्यूल का उपयोग भारतीय सेना के मारक रॉकेटों में किया जाएगा। सॉलिड फ्यूल से चंद्रयान की क्षमता दुगुनी हो गई है। आइआइटी मद्रास के पास यह प्रोजेक्ट आया। आइआइटी के प्रोफेसर अरूल प्रकाश की अगुवाई में दो सहपाठी एलेज जार्ज और अंशुल सिंह तोमर ने इस रिसर्च को पूरा किया। नीलेश को विदेश में नौकरी मिल रही थी, लेकिन उसने देश की सेवा में योगदान देना अहम समझा।

---

# खान एवं खनिज विकास और विनियमन संशोधन विधेयक लाभकारी : आदित्य साहू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सांसद आदित्य साहू ने कहा है कि खान एवं खनिज विकास और विनियमन संशोधन विधेयक लाभकारी है। दरअसल, श्री साहू बुधवार को खान एवं खनिज विकास और विनियमन संशोधन विधेयक के समर्थन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संशोधन विधेयक खान क्षेत्र में पारदर्शिता और आत्म निर्भरता को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत की बढ़ती घरेलू मांग एवम सामरिक जरूरतों की पूर्ति केलिए यह संशोधन विधेयक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि खनन प्रक्रिया को सरल बनाने की दृष्टि से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में 2015, 2016, 2020 और 2021 में भी अनेक संशोधन हुए। उन्होंने कहा कि इस संशोधन से घरेलू उत्पाद को बढ़ावा मिलेगा। आयात की निर्भरता घटेगी, आत्म निर्भरता को भी मजबूती मिलेगी।



उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करना, नवीन तकनीकों के माध्यम से रोजगार के अवसर को उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस संशोधन के प्रावधानों को लागू होने से खनन क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ेगी। नए निवेशकर्ताओं को अवसर मिलेंगे तथा भाई भतीजावाद समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा बढ़ने से योग्य सक्षम लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि 55 लाख से ज्यादा लोग इससे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड खान खनिज से संपन्न राज्य है जिसे विशेष अवसर और लाभ मिलेंगे।

---

# ट्रेन में चोरी मोबाइल फोन को पुलिस ने बरामद कर लौटाया

**रांची।** रेल थाना पुलिस ने ट्रेन में यात्रा के दौरान गुम व चोरी हुए 56 मोबाइल फोन तलाश की है। पुलिस की ओर से इन मोबाइल फोन की कीमत लाखों में बताई गई है। चोरी गए एवं खोए हुए मोबाइल को रेल थाना रांची के द्वारा तकनीकी शाखा रेल जमशेदपुर की मदद से बरामद किया। पुलिस निरीक्षक कार्यालय में संबंधित लोगों को फोन के ओनर को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस अधिकारी ने लोगों को मोबाइल वापस लौटाते हुए जानकारी दी है कि, पिछले कुछ महीने के भीतर यह सभी 56 मोबाइल फोन गुम हुए थे, शिकायत मिलने के बाद इन सभी मोबाइल फोन को तकनीकी शाखा रेल जमशेदपुर की मदद से ट्रेस किया गया। गायब होने वाले फोने में 43 फोन की चोरी हुई थी जबकि 13 मोबाइल फोन के खोने की शिकायत मिली थी।

# नयी शिक्षा नीति में तकनीकी शिक्षा, शोध व अनुसंधान को दिया गया है महत्व : राज्यपाल

## सीपी राधाकृष्णन ने कहा- रोजगार हासिल करने की संभावना बढ़ेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि महान भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में गठित आयोग की अनुशंसा पर केंद्र सरकार द्वारा जनमानस के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 राष्ट्र के समक्ष प्रस्तुत की गयी। इस शिक्षा नीति को प्रस्तुत करने के पूर्व संपूर्ण देश के विभिन्न शिक्षाविदों व शोधर्थियों इत्यादि का सुझाव भी लिया गया था। राज्यपाल बुधवार को आड्रे हाउस में आयोजित चौथी 'आइसीसी एजुकेशनल कॉन्क्लेव : इम्पलीमेंटेशन ऑफ एनईपी 2020 इन हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



उद्घाटन करते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन।

उन्होंने कहा कि इस शिक्षा नीति को प्रस्तुत करने के पूर्व मैकाले की शिक्षा पद्धति का अनुसरण किया जा रहा था, जो कि हमारे देश को आत्मनिर्भर बनने में बाधा उत्पन्न कर रहा था। हम गुलामी की मानसिकता से नहीं उबर पा रहे थे और समाज के विकास के लिए आवश्यक परिवर्तन को करने में सक्षम नहीं हो पा रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि एनईपी 2020 का उद्देश्य देश के शिक्षा परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव लाना है, यह तभी संभव है जब मानव की क्षमता को पूर्ण रूप से विकसित किया जाये। उनके सैद्धांतिक ज्ञान को प्रयोगिक ज्ञान के साथ जोड़ा जाये। इसलिए इस शिक्षा नीति में तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान व शोध पर महत्व दिया गया है। विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए नियमित कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर ध्यान दिया गया है।

उच्च शिक्षा प्रणाली में शिक्षा को प्रौद्योगिकी के साथ एकीकृत करते हुए कौशल-उन्मुख शिक्षा को बढ़ावा दिया गया है, जो छात्रों को बहुमुखी कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस प्रकार पढ़ाई के बाद उपयुक्त रोजगार हासिल करने की संभावना बढ़ेगी और देश में नए उद्योगों को एवं कौशल आवश्यकताओं को उनके अनुरूप मानव बल मिल सकेगा। छात्र अपने कौशल के अनुसार अभिनव कार्य भी कर सकेंगे।

राज्यपाल ने कहा कि हमारा भारत पूर्व में पूरे विश्व के लिए एक अहम शिक्षा केंद्र के रूप में जाना जाता था। नालंदा, विक्रमशिला विश्वविद्यालय ने शिक्षा एवं अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च मानक स्थापित किए थे। हमें फिर से वही गौरव हासिल करना है और भारत को फिर से विश्वगुरु के रूप में स्थापित करना है। हम इस दिशा में निरंतर प्रगति कर रहे हैं। कोविड का टीका विकसित करने से लेकर विशेषकर विकासशील देशों में टीका की आपूर्ति कर भारत ने अपनी तकनीकी क्षमता के साथ-साथ विश्व-बंधुत्व की भावना का भी परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देते हुए बेहतर समाज का निर्माण करना एवं राष्ट्रीय चेतना विकसित करना है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से निश्चित रूप से नवोन्मेषी कार्यबल तैयार होगा और

# प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो कप संपन्न गुमला ने तीनों वर्गों में जीता खिताब

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर जेईपीसी के तत्वाधान में बुधवार को प्रमंडल स्तरीय 62वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का फाइनल बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में खेला गया। दक्षिणी छोटानगपुर प्रमंडल के जिलों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता का पहला फाइनल अंडर 14 बालक वर्ग में संत इग्नियस हाई स्कूल गुमला ने बेथनी कांवेंट मालमंड्रो रांची को ट्रायब्रेकर में 11-10 से हरा कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम किया। प्रतियोगिता का दूसरा फाइनल अंडर 17 बालिका वर्ग का खेला गया। जिसमें संत पीयूष उच्च विद्यालय रामपुर, गुमला ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टांगर, सिमडेगा को 1-0 से हरा कर टाइटल अपने नाम किया। प्रतियोगिता का तीसरा व अंतिम फाइनल मैच अंडर 17 बालक वर्ग का संत इग्नासियूस हाई स्कूल गुमला और रमेश सिंह मुंडा हाई स्कूल बुंडू रांची के बीच खेला गया, जिसमें संत इग्नासियूस हाई



ट्रॉफी के साथ खिलाड़ी।

स्कूल गुमला ने 1-0 से जीत दर्ज करते हुए खिताब जीता। तीनों विजेता टीम 7 से 9 अगस्त तक रांची के खेल गांव में होने वाली राज्य स्तरीय 62वीं प्री-सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 में दक्षिणी छोटानगपुर का प्रतिनिधित्व करेगी।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि धीरसेन ए सोरेंग, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी जेईपीसी ने विजेताओं को विजेता ट्रॉफी प्रदान किया तथा विजेता खिलाड़ियों को सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी श्री विनय बंधु कच्छप, आनंद कुमार (लेखा पदाधिकारी), जयंत कुमार (सहायक अभियंता) ने प्रमाण पत्र एवं पदक प्रदान किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्मल बड़ाईक (प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी चान्हो), पंकज तिर्की (प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अंगड़ा), मनोज कुमार (प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सिल्ली), मो इम्तियाज (प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी चान्हो) एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक जफर इमाम, देवचरण कच्छप, प्रदीप महतो, सुशील कच्छप, इम्तियाज हुसैन, दयानंद लकड़ा, अनामिका तिर्की, अनिता तिग्गा, शिव महतो समेत आयोजन समिति के शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं प्रखंड साधन सेवी ने मुख्य भूमिका निभायी।

# बायजूस में सीआइटी के दो छात्रों का कैंपस सेलेक्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बायजूस ने कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआइटी) के दो विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन किया है। इसीइ ब्रांच के अंकित झा एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र देवजीत दिगर का चयन बीडीएम के पद पर किया गया है।



ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के प्रो इंचार्ज डॉ कैलाश पति दत्ता ने बताया कि विद्यार्थियों को 7 लाख रुपये का सालाना पैकेज मिलेगा। वहीं, उनका जॉब लोकेशन पैन इंडिया होगा। कंपनी के एचआर प्रमुख के. सुधीर ने सफल विद्यार्थियों को ज्वाइनिंग लेटर दिया। मौके पर प्रो. अंकित सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रभारी प्राचार्य प्रो अर्शद उष्मानी ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है।

# सरकार की नीतियों के चलते युवाओं के सपने रह गये अधूरे : सुदेश महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरकार की नीतियों के चलते युवाओं के सपने अधूरे रह गए हैं। सरकार की नीति से नियत झलकती है। जवाबदेह राजनीति तैयार करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। वर्तमान सरकार युवाओं की सोच के साथ नहीं चल रही है। राजनीति अगर बैगर अंकुश के होगी तो इससे कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नेता और पार्टी की जवाबदेही तय करने की जिम्मेदारी युवाओं पर है। युवाओं को दल नहीं एक अच्छे लीडर को चुनना होगा जिसके अंदर नेतृत्व करने की क्षमता हो।

उक्त बातें हरमू, रांची स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में अखिल झारखंड छात्र संघ द्वारा आयोजित रांची विश्वविद्यालय छात्र संघ सम्मेलन में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो ने कही। इस सम्मेलन में रांची विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।



आजसू पार्टी के कार्यालय में आयोजित सम्मेलन में बोलते पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो।

उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। हर साल पांच लाख सरकारी नौकरियों का वादा कर सत्ता में आने वाली सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने में पूरी तरह से विफल है। वर्तमान सरकार की नीतियों के चलते युवाओं के सपने अधूरे रह गए। रोजगार के कोई साधन नहीं होने के चलते युवा पलायन को मजबूर है।

श्री महतो ने सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि सरकार की नीति से ही उनकी नियत झलकती है। इस सरकार ने अभी तक युवाओं के हित के लिए कोई भी नीति नहीं बनाई है यही इनकी नियत को बताता है। इनके द्वारा जो भी नीति बनाई गई वो किसी न किसी कारण से निरस्त ही हुई है। सभी युवाओं और उनके परिवार का एक ही लक्ष्य है कि अच्छे से पढ़ाई पूरी कर के फिर नौकरी मिले लेकिन सरकार के पास ऐसी कोई प्लानिंग ही नहीं है जिससे युवाओं को रोजगार दिया जा सके। युवाओं के भविष्य की गारंटी सरकार को लेनी चाहिए लेकिन सरकार बस सत्ता का सुख लेने में व्यस्त है। यह सरकार सरकारी नौकरी के अलावे और कोई भी अन्य रोजगार की व्यवस्था करने की भी नहीं सोचती है।

एक आदर्श सरकार वही है जो युवाओं को साथ ले कर चले, उनके बारे में सोचे और उनके हित में फैसले ले लेकिन राज्य की मौजूदा सरकार की सोच युवाओं के सोच के साथ नहीं चल रही है इसका परिणाम है कि आज अपनी हर मांग के लिए युवाओं को सड़कों पर उतरना पड़ता है। युवाओं की सोच से सरकार चलती तो ऐसा नहीं होता। राज्य के सभी युवाओं को हर क्षेत्र में आगे आ कर देश की प्रतिस्पर्धा में खुद को खड़ा करना होगा इसके लिए हमें सबसे पहले अपनी सोच को बदलना होगा। आप सभी खुद में एक शक्ति है इस शक्ति को पहचाने और इसे बढ़ाए।

उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी एक ऐसा संगठन है जहां सिर्फ और सिर्फ काबिलियत देखी जाती है। यहां बीपीएल परिवार से आने वाला बच्चा भी नेतृत्व दे सकता है। पार्टी में ऐसे कई नेता है जिन्होंने ऐसा कर के दिखाया है।

रांची विश्वविद्यालय छात्र संघ के सम्मेलन में मुख्य रूप से हरीश कुमार, गौतम सिंह, नीरज वर्मा, गदाधर महतो, ज्योत्सना केरकेट्टा, ओम वर्मा, नीतीश सिंह, राजकिशोर महतो, अभिषेक शुक्ला, राहुल तिवारी, दीपक दुबे, रोहित चौधरी, सपन कुमार सिंह, विक्रम यादव, विशाल यादव, बीएस महतो, अमित तिर्की, शुभम कुमार, चंदन कुमार, अभिजीत महतो, प्रतीक टोप्पो, घिलमान अनवर, के अलावा अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के कई सदस्य मौजूद थे।

# बीआरसी के नाइट गार्ड का बेटा स्कूल से लापता



**रांची।** बीआरसी के नाइट गार्ड शिवजी का 12 वर्षीय पुत्र हरि चरण महतो बुधवार को स्कूल गया था। वह देर रात तक घर घर वापस नहीं लौटा है। रांची बीआरसी की बींइओ अरविंदा कुमारी ने बताया कि हरिचरण राजकीय मध्य विद्यालय चडरी में आठवीं का छात्र है। 2 अगस्त की सुबह वह अपने घर से स्कूल को गया था। लेकिन देर रात तक घर नहीं वापस लौटा है। अगर किसी को भी इस बच्चे की सूचना मिले तो कचहरी स्थित बीआरसी कार्यालय या 620 21 35402 पर सूचित कर सकते हैं।

# शिव ही सत्य हैं : स्वामी श्री परिपूर्णानंद

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्री श्याम मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्री शिव महापुराण व्याख्यान के दूसरे दिन चिन्मय मिशन के स्वामी श्री परिपूर्णानंद जी के व्यास पीठ पर विराजमान होने के पश्चात पारंपरिक पूजन के बाद स्वामी जी ने बुधवार को महाशिवपुराण व्याख्यान को आगे बढ़ाते हुए कहा कि महर्षि वेदव्यास जी द्वारा कुल 18 पुराणों की रचना की गयी, जिनमें महाशिवपुराण वेद व्यास जी की अलौकिक एवं अनूठी रचना है ।इसमें कुल 24 हजार श्लोक एवं 7 संहिता है । श्रावण मास में महाशिवपुराण का वाचन एवं श्रवण दोनों ही अति उत्तम फलदाई है । शिव सदा स्वम मंगल हैं - शिव ही सत्य हैं, शिव ही सुंदर हैं, इसलिए कहा गया है सत्यम शिवम सुंदरम। आगे अपने व्याख्यान में कहा की महासदाशिव गुरु का स्थान भी रखते हैं। गुरु में सभी तत्व विराजमान रहते हैं जिनको पाने से अंधकार दूर हो कर प्रकाश फैलाता है। ईश निंदा से मनुष्य पाप का भागी होता है । शिव ही रुद्रदेव हैं और शिव ही श्रृष्टि के पालक और पापों के संघहार करता भी हैं । आज भगवान शिव की महिमा एवां उनका गुणगान सुनने के लिए भक्तों की अपार भीड़ थी । अंत में परिवार सहित श्री श्याम अग्रवाल ने महा शिवपुराण की समापन आरती की और इसके बाद सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण कर आज के कार्यक्रम का समापन किया गया ।

# शिक्षक नियुक्ति अधिसूचना की त्रुटियों में सुधार की जरूरत : संघ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश कमेटी की बैठक बुधवार को महासचिव अमीन अहमद की अध्यक्षता में हुई। इसमें झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सहायक अध्यापक नियुक्ति को निकाले गये विज्ञापन में ऊर्दू, बंगला, ओड़िया एव संस्कृत को मातृ भाषा के प्रथम पत्र में शामिल नहीं किये जाने का विरोध किया गया।

इस संदर्भ में निर्णय लिया गया कि राज्य के मुख्यमंत्री समेत अन्य संबंधित अधिकारियों को मांगपत्र सौंप कर मामले से अवगत कराया जायेगा। श्री अहमद ने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य नियुक्ति के लिए निकाले गये विज्ञापन में मातृभाषा के चयन में बड़ी त्रुटि सामने आई है। परीक्षा के पत्र-1 में उर्दू, बंगला, संस्कृत

## विज्ञापन में मातृभाषा के चयन में बड़ी त्रुटि आयी है सामने

एवं उड़िया को शामिल नहीं किया गया है। इससे विभिन्न प्रकार की कठिनाईयां आवेदकों के समक्ष उत्पन्न हो रही है। उपरोक्त चारों भाषाओं को मातृभाषा के तौर पर परीक्षा में रखने वाले विद्यार्थी आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। बैठक में प्रस्ताव पारित कर मांग की गई कि बिहार से प्राप्त 4401 उर्दू शिक्षकों (योजना मद) का पद प्राप्त हुए, जिसमें अबतक झारखंड में वर्ष 2014 में जैक द्वारा कुल 689 उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति योजना मद में हुई, जो वर्तमान में गैर योजना मद में परिवर्तित हो चुका है। शेष रिक्ति 3712 पदों पर उर्दू शिक्षकों की बहाली अविलंब की जाए। वर्ष 2016 में भाषा शिक्षकों की नियुक्ति स्नातक प्रशिक्षित भाषा शिक्षक के पद पर की गई। जिसमें उर्दू शिक्षकों के लिए कोई अलग से पद स्वीकृत नहीं था, बल्कि जिनका इंटर में उर्दू और अंग्रेजी विषय था, वैसे चयनित शिक्षकों को उर्दू मध्य विद्यालयों में पोस्टिंग करने का आदेश जारी किया गया था। इसकी पुनरावृति नहीं की जाए।

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26,000 सहायक आचार्य के पदों पर नियुक्ति करने का सर्कुलर जारी किया गया है। इसमें पेपर-एक में कुल 11 मातृभाषाओं को शामिल किया गया है। लेकिन इसमें उर्दू, संस्कृत, ओड़िया और बांग्ला को मातृभाषा के रूप में नहीं रखा गया है, जबकि मातृभाषा 100 अंकों का पेपर है। इसमें उत्तीर्ण होना आवश्यक है, इसलिए उर्दू सहित संस्कृत, बांग्ला एवं ओड़िया को भी पेपर-एक में शामिल किया जाए। पेपर-2 में उर्दू, संस्कृत, ओड़िया, बांग्ला को रखा गया है, ऐसे में जिनका मैट्रिक परीक्षा में उक्त विषय मातृभाषा के रूप में था, वे इस सहायक आचार्य के परीक्षा से वंचित रह जायेंगें। इसी तरह नियुक्ति नियमावली 2012 के तहत पूर्व से टेट पास अभ्यर्थी सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति की अहर्ता रखते हैं और वे सहायक शिक्षक के पात्र हैं, यह उनके टेट प्रमाण पत्र में उल्लेखित है, जिनकी नियुक्ति वर्षों से लंबित है। ऐसे में टेट पास अभ्यर्थियों की नियुक्ति किये बिना सहायक आचार्य के पद पर नियुक्ति की अधिसूचना जारी करना असंवैधानिक है, क्योंकि जैक द्वारा टेट सफल उम्मीदवारों का 2016 के पश्चात अब तक नियुक्ति नहीं की गई है। इससे टेट पास अभ्यर्थी उक्त परीक्षा के योग्य नहीं होंगें। इस गलती को सुधारा जाए। बैठक में अध्यक्ष अब्दुल माजिद, उपाध्यक्ष नाज़िम अशरफ, साबिर अहमद, प्रदेश प्रवक्ता शहजाद अनवर आदि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### नगर निगम ने किया पौधरोपण

**रांची।** नगर निगम द्वारा आज स्मार्ट सिटी में पौधरोपण किया गया। निगम द्वारा पीइटीसीआइ (पैट्सी) एनजीओ के साथ पौधरोपण का कार्य किया गया। सहायक नगर आयुक्त ज्योति कुमार सिंह ने पौधरोपण की शुरुआत की। ज्योति कुमार ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य पूरी रांची को हराभरा करना है। रांची में काफी संख्या में विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाये जा रहे हैं। नगर आयुक्त श्री शशिरंजन सर के दिशा निर्देश में इस काम को किया जा रहा है।

### दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष कैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाने के जुर्म में दोषी टाटीसिल्व के टाटी निवासी अजित महतो को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त एक साल साधारण कारावास काटनी होगी। अदालत उक्त आरोप में 24 जुलाई को दोषी करार दिया था। शादी से मुकरने के बाद पीड़िता ने उसके खिलाफ 24 अक्तूबर 2019 को टाटीसिल्वे थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के दूसरे दिन ही अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया था। पीड़िता ने आरोप लगाई है कि अजित महतो कॉल करके अपने बेडरूम में बुलाता और शारीरिक संबंध बनाता था। इस दौरान वह गर्भवती भी हो गई थी। इसके बाद वह शादी से मुकर गया। सुनवाई के दौरान एपीपी पीएन यादव ने ठोस गवाही दर्ज कराई। जिसके आधार पर अदालत ने दोषी ठहराया था।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म के जुर्म में सोनाहातू के कुदियामू गांव निवासी कपिलदेव पातर मुंडा एवं मोहन महतो को दोषी करार दिया है। साथ ही सजा के बिन्दु पर सुनवाई के लिए नौ अगस्त की तारीख निर्धारित की है। इसी मामले में ट्रायल फेस कर रहा एक युवक बुरू महतो को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है। घटना को लेकर पीड़िता की मां ने सोनाहातू थाना में चार दिसंबर 2019 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया है कि पीड़िता घर से रात में बाहर शौच के लिए निकली थी। उसी समय अभियुक्त कपिलदेव मुंडा ने अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसमें उसका सहयोग उसके दोस्त ने दिया था। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी परमानंद यादव ने पांच गवाहों को प्रस्तुत किया था। जिसके आधार पर मामले के दो अभियुक्तों को दोषी ठहराया है।

### मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम 9 से

**रांची।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के एनएसएस और नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाईकेएस) के संयुक्त तत्वावधान में पूरे देश में मेरी माटी- मेरा देश, माटी का नमन-वीरों का वंदन और मेगा ट्री प्लांटेशन कार्यक्रम का आयोजन 9 से 15 अगस्त 2023 तक करना है। इन कार्यक्रमों को लेकर 2 अगस्त को नेहरू युवा केन्द्र संगठन के कार्यालय में राज्य निदेशक हनी सिन्हा की अध्यक्षता में एनएसएस के साथ बैठक की गई। राज्य निदेशक ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का उद्देश्य देश के युवाओं के अंदर देशड्ढक्ति का ड्ढाव विकसित करना है। मंत्रालय से प्राप्त दिशा निर्देश का अक्षरश: पालन करते हुए झारखंड में उक्त कार्यक्रम का ड्ढाव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि माटी का नमनझ्रवीरों का वंदन अड्ढियान के माध्यम से देश के सुरक्षा में लगे सैनिकों का सम्मान करना है। बैठक में एनवाईकेएस के उपनिदेशक सर्वेन्द्र प्रताप सिंह, ओमप्रकाश कुशवाहा शामिल हुए।

# वैज्ञानिक दल के साथ बीएयू के कुलपति ने खरीफ फसलों की स्थिति का लिया जायजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने बुधवार को बारिश की लगातार फुहारों के बीच निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह एवं वैज्ञानिकों संग वेस्टर्न सेक्शन फार्म में शोध कार्यक्रमों से जुड़ी कुल 15 खड़ी खरीफ फसलों के प्रायोगिक प्रक्षेत्रों की स्थिति का मुआयना किया। कुलपति ने वैज्ञानिकों को धान बीजोत्पादन को विशेष प्राथमिकता देने तथा धान की 50 प्रतिशत शेष भूमि में धान की रोपाई ससमय पूरा करने को कहा। धान की सीधी बोवाई के फसल प्रदर्शन पर काफी अच्छा बताया. किसानों को प्रदेश में वर्षा की विषम स्थिति को देखते हुए धान की सीधी बोवाई एवं एरोबिक विधि से धान की खेती की ओर उन्मुख होने की सलाह दी। इस विधि में धान की अनुशंसित किस्मों जैसे



खरीफ फसलों के प्रायोगिक प्रक्षेत्र का मुआयना करते बीएयू के कुलपति।

सहभागी, नवीन, ललाट, आईआर 64 डीआरटी 1, सीआर धान 205, सीआर धान 302, सीआर धान 304, बीवीटी 202, एमटीयू 10-10 आदि का प्रयोग करने की सलाह दी। मौके पर निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने खेतों में पौधों की संख्या बनाये रखने, खरपतवार नियंत्रण, खेतों से जल की निकासी एवं कीट तथा रोग प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

शोध फार्म में भ्रमण में करीब साढ़े सत्तरह एकड़ भूमि में विभिन्न परियोजनाओं में धान की सीधी बोवाई, एरोबिक धान, जैविक धान एवं रोपा धान विधि के कुल 60 शोध कार्यक्रमों, इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टिट्यूट (आईआईआरआई) परियोजना में वर्षापात की वजह से रोपा धान में हो रही कठिनाईयों को देखते हुए धान की सीधी बोवाई के विभिन्न प्रयोगों का निरीक्षण किया।

मौके पर वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार सिंह ने धान की सीधी बोवाई में होने वाली मुख्य समस्या जैसे खरपतवार नियंत्रण पर किये जा रहे प्रयोगों तथा खरपतवार नाशी दवाओं की प्रायोगिक जांच के बारे में बताया। परियोजना अन्वेंषक (धान फसल) डॉ कृष्णा प्रसाद ने बताया कि फार्म के करीब तीन एकड़ टांड़ एवं मध्यम भूमि में धान की सीधी बोवाई का टारगेट पूर्ण हो चूका है। धान रोपा का करीब 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चूका है। मौके पर परियोजना अन्वेंषक (मकई फसल) डॉ मनिगोपा चक्रवर्ती एवं शस्य वैज्ञानिक (मकई फसल) डॉ सीएस सिंह ने शोध कार्यक्रमों की जानकारी दी।

दल ने एमएससी एवं पीएचडी छात्रों द्वारा धान फसल पर चलाये जा रहे शोध कार्यों को भी देखा

भ्रमण के दौरान आईसीएआर एवं स्टेट प्लान योजना अधीन उरद, मुंग, अरहर, सोयाबीन, मूंगफली, तिल, गुन्दली, कोदो, रागी आदि फसलों के शोध कार्यक्रमों की स्थिति की भी समीक्षा की गयी। दल ने एमएससी एवं पीएचडी छात्रों द्वारा धान फसल पर चलाये जा रहे शोध कार्यो को भी देखा। भ्रमण के दौरान डॉ एस कमार्कार, डॉ डीएन सिंह, डॉ सीएस महतो, डॉ नीरज कुमार, डॉ सुनील कुमार, डॉ अरुण पूरण, डॉ सूर्यप्रकाश, डॉ नूतन वर्मा, डॉ शशि किरण तिर्की, डॉ साबिता एक्का,डॉ नर्गिस कुमारी, डॉ सुप्रिया सुपल, डॉ आशियन टूटी, डॉ एनपी यादव आदि भी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## कांग्रेस के युवा अध्यक्ष से मिले जिला महासचिव

**सोनाहातू।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस महासचिव निशिकांत गोंझू ने राष्ट्रीय युवा कांग्रेस कार्यालय दिल्ली में राष्ट्रीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास से मुलाकात किये। इस दौरान युवा अध्यक्ष से जिला महासचिव ने झारखंड राज्य के राजनितिक विषयों पर चर्चा किये। जिला ग्रामीण महासचिव सोनाहातू के पंडाडीह गांव से है और कॉग्रेस पार्टी में सक्रिय भूमिका में है।

## वज्रपात सें रायडीह मोड़ का ट्रांसफार्मर जला

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के एनएच समीप रायडीह मोड़ में लगे ट्रांसफार्मर विगत रविवार को वज्रपात के चपेट में आने सें जल गया था। रायडीह मोड़ घनी आबादी का क्षेत्र है। बिजली नही रहने सें खासकर व्यवसाईयों और छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

## तमाड़ में किया गया पुतला दहन



**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के रायडीह मोड़ में बुधवार की शाम पांच परगना आदिवासी समाज सहित विभिन्न संगठनो के तत्वाधान में यूसीसी, सुभाष मुंडा हत्याकांड, मणिपुर कांड, मध्यप्रदेश में आदिवासी समाज के साथ क्रूरता के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मणिपुर के मुख्यमंत्री बिरेन सिंह का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में आदिवासी जन परिषद अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा, सिदाम मुंडा, दुर्गावती ओढ़ेया, मुंसी मुंडा, पूरन सिंह मुंडा, सहदेव मुंडा, सिदाम सिंह, रामा कांत मुंडा सुसीला देवी, जुगना मुंडा, देवांआनंद मुंडा आदी शामिल थे।

## पीड़ित बच्ची के परिवार से मिले सतीश पॉल मुंजनी

**अनगड़ा।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने बुधवार को जशपुरिया पब्लिक स्कूल मे पढ़ने वाली एक पांच वर्षीय बच्ची के साथ हुयी अमानवीय व्यवहार को लेकर पीड़ित परिवार से जाकर मिले। और उन्होंने पीड़िता के परिवार को आश्वासन दिया कि पीडिता को हर हाल मे न्याय मिलेगा तथा दोषी कोई भी हो उसको चिन्हित कर कड़ी से कड़ी सजा दिलवाया जाएगा। उन्होंन पुलिस प्रशासन से इस सवेदनशील घटना के अनुसंधान में किसी भी प्रकार की कोताही न बरते! पीड़ित परिवार से मिलने वालो में प्रदेश प्रवक्ता के साथ अनगड़ा प्रखण्ड कांग्रेस के वरिष्ट कांग्रसी मुमताज खान प्रखण्ड उपाध्यक्ष मुन्ना मुण्डा, सुरेश कुमार एवं कृष्णा कुमार शामिल थे।

## स्वच्छ भारत मिशन भाग दो का बैठक संपन्न

**खलारी।** खलारी प्रखंड सभागर में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) भाग दो का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी लेख राज नाग ने किया। बैठक में खलारी प्रखण्ड' के पाँच पंचायत चुरी पूर्वी, चुरी पश्चिमी, चुरी दक्षिणी, चुरी उत्तरी और पुरी मध्य को मॉडल गांव बनाने के लिए ठोस और तरल कचरा प्रबंधन कार्य हेतु विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में जिला समन्वयक अशुतोष कुमार, संतोष कुमार, प्रखण्ड समन्वयक प्रमोद कुमार संबंधित पंचायत के मुखिया जल सहिया उपस्थित।

## घर में पानी घुस को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

ठाकुरगांव। कांके प्रखंड के पतरातू गांव निवासी विधवा महिला मुसिना खातुन के घर में बुधवार को सरकारी योजना से बने नाली का पानी घुस गया। मामले को लेकर पीड़िता ने पूर्व में ही उपायुक्त तथा कांके बीडीओ को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई है। बुधवार को हुई तेज बारिश के बाद नाली का पूरा पानी घर मे घुस गया। पानी से घर मे रखे अनाज समेत अन्य सामान बर्बाद हो गए। मामले में बीडीओ शीलवंत कुमार भट्ट ने कहा कि मामला संज्ञान में है। जांचोपरांत दोषियों पर कार्रवाई किया जाएगा।

# रातू : सड़क हादसे में चिकित्सक की मौत

- बिहार के थे मो आमिर
- भोंडा में थी दवा दुकान



मृतक डॉ आमिर।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के सरनाटोली स्थित एयरटेल कंपनी की मोबाइल टावर के समीप बुधवार की दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक जेएच 01 जेड 2674 पर सवार एमबीबीएस चिकित्सक 36 वर्षीय मो आमिर की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वह बिहार के गया जिला न्यू करीम नगर निवासी मो सलीम अहमद के पुत्र थे। मृतक का परिवार पिछले दो महीने से फुटकलटोली अलकमर कॉलोनी में किराये के मकान पर रह रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है। दुर्घटना ग्रस्त मोटर साइकिल को जब्त कर लिया गया है। वहीं, फरार वाहन की तलाश की जा रही है। मृतक चार भाइयों में मंझिल थे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। न्यू करीम नगर और अलकमर कॉलोनी में मातमी सन्नाटा है।

### कैसे घटी घटना

डॉ आमिर ने चार दिन पहले ही भोंडा स्थित चांदनी चौक में मिनायजलशा नामक क्लिनिक खोला था। वह सुबह अपनी दुकान पर गये। सवा एक बजे वह क्लिनिक बंद कर दलादिली चौक की ओर आ रहे थे। जैसे ही वह सरनाटोली के नजदीक पहुंचे, विपरीत दिशा में जा रहे किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया। इससे वह सड़क पर गिर गये। उनके सिर पर गंभीर चोंटे आयी और वहीं दम तोड़ दिया।

## हेसाडीह के फार्म हाउस को हाथियों ने किया ध्वस्त



हाथियों ने उजाड़ दिया फार्म हाउस

**सोनाहातू।** प्रखंड के हेसाडीह पंचायत के कई गांव इन दिनों जंगली हाथियों के निशाने पर है। ग्रामीणों के अनुसार 10 से 12 की संख्या में हाथियों का झुंड हेसाडीह जंगल में जमे हुये है। शाम होते ही सीधे गांव को ओर रुख करते है। जो घर सामने मिला इकट्ठे धावा बोल कर क्षतिग्रस्त कर देते है। रात भर उत्पात के बाद सुबह खेत में सब्जी को नष्ट करते है। हाथियों के स्वभाव में बदलाव हुआ है,ये काफी आक्रामक हो गये है।मंगलवार रात हेसाडीह गांव के हेम प्रसाद मुंडा के फार्म हाउस में बना घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिये है। घर मे रखा पंप सेट,कृषि उपकरण आदि नष्ट हुये है।हाथी उत्पात करने के बाद जंगल मे चले गये है। रोजाना कुछ नुकसान तय है। ग्रामीणों का जीवन यापन का साधन ही कृषि है। फसल नष्ट होने और किसान असहाय हो रहे है। वन विभाग के रवैया ग्रामीणों के प्रति उदासीन है।

# दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर रघुवर दास को दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



बधाई देते विनय महतो धीरज

**सोनाहातू।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा घोषित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उत्साहित भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने पार्टी में दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किए गए रघुवर दास से मिलकर बधाई दी। रांची स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ प्रदान किया।

भाजपा नेता विनय महतो धीरज ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी में निष्ठावान कार्यकर्ता को पार्टी ने अवसर दिया है। इससे कार्यकताओं में पूरा उत्साह और जोश है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ऊजार्वान, मिलनसार और सभी छोटे-बड़े कार्यकताओं को साथ लेकर कार्य करने की सोच रखते हैं। 2024 के लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव में इनके कुशल सांगठनिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा और फिर से पार्टी स्पष्ट बहुमत से केंद्र और राज्य में सरकार बनाएगी।बधाई देने वालों में किशोर कुमार मेहता , निखिल कुमार, अरविंद,मदन, पंकज आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

एक नजर में

## जिसके साथ शिव हैं, शक्ति भी उसी के पास होती है : दिवाकर पाठक



**खूंटी।** शिव शिष्या परिवार के तत्वावधान में तोरपा में नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ बुधवार से हो गया। शिव महापुराण कथा का समापन 10 अगस्त को होगा। कथा के पूर्व तोरपा स्थित नगर भवन कथा स्थल से छाता नदी तक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर भवन से शुरू होकर मेन रोड कर्रा रोड होते हुए छाता नदी तक गई, जहां गंगा पूजन और अन्य अनुष्ठान के बाद कलशों में जल भरा गया। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं और अनस भक्त भोलेनाथ और पाव्रती का जयकारा लगाते चल रहे थे। काय्रक्रम स्थल पर प्रख्यात आचार्य दिवाकर पाठक द्वारा शिव महापुराण का वाचन किया जा रहा है। संध्या चार बजे से आचार्य दिवाकर पाठक ने कथा का शुभारंभ किया। कथा के दौरान अमृतमयी शिव महापुराण कथा के महात्म्य से श्रद्धालुओं को जीवन का मर्म समझाया। महाकाल का पूजन और ध्यान अकाल मृत्यु के भय से मुक्त करने वाला होता है। उन्होंने शिव पूजन की विधि और पूजन के लिए प्रयोग किए जाने वाले जल, बेलपत्र, धतूरा आदि के बारे में जानकारी दी। श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन शिव शिष्या के सहयोग से किया जा रहा है। जयसवाल समाज की ओर से कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के बीच बुंदिया और पेय पदार्थ आदि का वितरण किया गया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ किया जायेगा : उपायुक्त

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्र ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा और सेवाओं को सुदृढ़ और बेहतर बनाया जाएगा, ताकि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। उपायुक्त बुधवार को समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य और चिकित्सका सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी सीएचओ के कार्यों, ओपीडी, टेलीमेडिसिन, कम्यूनिटी बेस्ड असेसमेंट में किए गए कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी एमओआइसी और बीडीओ अपने संबंधित क्षेत्र के प्रमुख, उपप्रमुख, एएनएम, स्वास्थ्य कर्मी, सहियाओं के साथ बैठक कर स्वास्थ्य कार्यों की चर्चा करें और चिकित्सा सुविधा कों बेहतर अनाने का प्रयास करें। उन्होंने जिले के हर स्वास्थ्य उपकेंद्र में एएनएम की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल के साथ-साथ सभी पीएचसी और सीएचसी में भी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उचित स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ अस्पताल प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है।

### तिलक लगा कर आये छात्रों को स्कूल आने से किया मना, कहा

# तिलक लगाना है तो घर में रहो

छात्र छात्राओं ने कहा तिलक लगाकर स्कूल आने पर उन्हें कराई जाती है उठक बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते छात्र।



शिक्षक भिंसेंट सोरेन।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट बालिक उच्च विद्यालय परिसर में संचालित मॉडल स्कूल के प्रभारी शिक्षक भिंसेन्ट सोरेन ने छात्र छात्राओं को सिर पर तिलक व हाथ में कलवा पहनकर नहीं आए तिलक लगना ही है तो घर में रहो स्कूल मत आओ। वही स्कूल के छात्र छात्राओं का कहना है कि तिलक लगाकर स्कूल आने पर उन्हें उठक बैठक कराई जाती है। उन्हें तिलक लगाने के लिए मना किया जाता है। वही मामले की जानकारी मिलने के बाद बुधवार को सनातन सेना व बजरंग दल के कार्यकर्ता स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंनें तिलक ना लगाए जाने का विरोध कर शिक्षक को कहा कि हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई है। शिक्षकों को कहा कि बच्चों को तिलक व कलवा पहनने से रोका नहीं जाए। साथ ही स्कूल प्रबंधन से दोबारा इस प्रकार की घटना ना हो इसे लेकर आश्वासन मांगा। वहीं शिक्षक ने माफी मांगी और आगे से इस तरह की घटना नहीं दोहराने और छात्रो के पढ़ाई में किसी तरह का प्रभाव नहीं पड़ने की बात कही। वहीं छात्र छात्राओं ने कहा है कि भौतिकी रसायन व संस्कृत विषय की पढ़ाई नहीं होती है। छात्रों ने इन तीनो विषयों की पढ़ाई कराये जाने की मांग किया है।

## तुरूप गांव से निकला मोर्हरम का जुलुस



**अनगड़ा।** प्रखंड के तुरुप गाव से बुधवार को अब्दुल रज्जाक अन्सारी एवं पूर्व मुखिया दिनेश्वर मुन्डा के नेतृत्व में मोहर्रम का जुलुस निकाला गया। दिन भर हो रही बारीस के बाद भी जूलुस पूरे जोसो खरोस के साथ तुरूप गाव से गोन्दली पोखर बाजार पहँचा। जहां जूलुस में शामिल खिलाड़ीयों ने तलवार बाजी और अस्त्र- शस्त्र का जम कर प्रदर्शन किया। मौके पर आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि समाज सेवी एवं शिक्षाविद डॉ रिझू नायक विशिष्ट अतिथि प्रमुख दीपा उराव को तलवार तथा विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुन्डा को फरसी देकर तथा पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। इस अवशर खलीफा ग्यासउदीन अन्सारी शबनम परवीन सिकन्दर अन्सारी अब्दुल इमाम अन्सारी बीरेन्द्र सिंह भोक्ता रंजीत महतो कुंवर पहान धर्मनाथ मुन्डा साकीर अन्सारी शमसाद अन्सारी मिनहाज अन्सारी रकीक अन्सारी समाउल अन्सारी फिरोज सहील शफीउल्ला शमसुद्दीन अरमान शाहजहां इम्तियाज जिब्रैल अन्सारी इत्यादि मौजूद थे।

## अनुदान आयोगने झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय, रांची को दी मान्यता

**रांची।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नयी दिल्ली ने झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय,रांची को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा - 2f तहत मान्यता प्रदान की गई है एवं इस विश्वविद्यालय का नाम आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों की सूची में सम्मिलित कर लिया गया है।

ज्ञातव्य है कि झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय, राँची की स्थापना झारखण्ड विधान मंडल द्वारा पारित एवं अनुमोदित झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय अधिनियम, 2021 के तहत की गई है।

यह विश्वविद्यालय स्थापना के बाद से ही उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सतत् प्रयत्नशील रहा है। परिणामस्वरूप झारखण्ड के वैसे वंचित समूह के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले उच्च शिक्षा से वंचित युवक-युवतियों, कामकाजी लोगों, गृहणियों और उच्च शिक्षा प्राप्त कराने हेतु राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में अबतक 137 अध्ययन केन्द्रों की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 31 सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त हो जाने के अब आयोग के अधिनियम 1956 की धारा - 22 के तहत अनुमोदित स्नातक एवं स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक वर्ष 2023-2024 से दूरस्थ एवं ऑनलाईन माध्यम से शिक्षा प्रदान किया जा सकेगा ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से सेक्शन- 2f के तहत मान्यता प्राप्त किये जाने पर विश्वविद्यालय के कुलपति ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अब यह विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के उद्देश्यों की पूर्ति बहुत जल्द करने में समर्थ होगा एवं झारखण्ड के सुदूर ग्रामीण एवं आदिवासी बहुल क्षेत्रों में निवास करने वाले वंचित लोगों को उच्च शिक्षा आसानी से उपलब्ध कराते हुए उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, प्रो0 डॉ० घनश्याम कुमार सिंह, वित्त पदाधिकारी डॉ० बरूण कुमार मंडल, डॉ० मोहन लाला साहु एवं डॉ० शिव विलास साह ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसके विकास में अपना पूरा योगदान देने की बात कही।

## बिरहोर परिवार के बीच किया गया अनाज का वितरण

**राहे।** प्रखंड के बंसिया पंचायत के सोसो बिरहोर परिवार के बीच बुधवार को चावल का वितरण किया गया। प्रखंड के सोसो बिरहोर टोली में 60 बिरहोर परिवार रहते है। मुख्यमंत्री खाद्यन्न योजना के तहत प्रति परिवार 35 किलोग्राम चावल निशुल्क घर पहुँचा के दिया जाता है। इनका डीलर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी होता है। लेकिन तीन माह जून,जुलाई ओर अगस्त का आवंटन नही मिलने के कारण जून ओर जुलाई माह का चावल नही दिया गया था। इस सम्बंध में प्रमुख राहे लीलमनी देवी बिरहोर परिवार से मुलाकात कर आश्वस्त किया था कि जल्द ही चावल मिलेगा। बुधवार को प्रखंड आपूर्ति बिष्णुखंडित, मुखिया, नवकृष्ण लोहरा ने गांव जाकर बिरहोर परिवार के बीच जून ओर जुलाई माह का चावल वितरण किये।

# खलारी प्रखंड के दौरे में पहुंचे रांची उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव

खबर मन्त्र संवाददाता




खलारी प्रखंड सभागार में बैठक करते डीडीसी

**खलारी।** रांची के उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव खलारी प्रखंड में चल रहे विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण करने पहुँचे। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने अपग्रेडेड मिडिल स्कूल बुकबूका का निरीक्षण किया गया। उसके उपरांत उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार खलारी में प्रखंड के 14 पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधि के द्वारा खलारी प्रखंड में पानी की समस्या को रखा गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग,अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य,प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा,जिला परिषद सदस्य साल्या परवीन, सरस्वती देवी,विधायक प्रतिनिधि श्यामसुन्दर सिंह, सभी मुखिया,सभी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे। बैठक के उपरांत पुनः उप विकास आयुक्त ने सपही नदी में बने इंटेक वेल का भी स्थल निरीक्षण किया गया। जहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा पानी से संबंधित दिक्कतों से उप विकास आयुक्त महोदय को अवगत कराया गया। जनप्रतिनिधियों के द्वारा बताया गया कि इंटेक वेल से खलारी प्रखंड के 5 पंचायतों में पानी की आपूर्ति होती है,मगर पानी सूख जाने के कारण सिर्फ 7 महीने ही सप्लाई सुचारू रूप से हो पाती है। अतः सपही नदी में चेकडैम बनाने के लिए उप विकास आयुक्त महोदय से अनुरोध किया गया।

# विभिन्न जिलों के बीआरपी सीआरपी ने विधानसभा का किया घेराव

- ▶▶ सरकार से सेवाशर्त नियमावली अविलंब लागू करने की मांग।
- ▶▶ बीआरपी सीआरपी ने रखी मांग-परमानेंट करो या बर्खास्त करो।
- ▶▶ मांगें नहीं मानी गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी।

खबर मन्त्र संवाददाता



बारिश के बीच विधानसभा घेराव के दौरान अपनी बातें रखते प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद एवं अन्य।

**बेड़ो।** बीआरपी सीआरपी एसएस संघ झारखंड प्रदेश के बैनर तले बीआरपी सीआरपी की सेवाशर्त अविलंब लागू कराने हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए एकदिवसीय विधानसभा घेराव एवं प्रदर्शन कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारी बारिश के बीच जगन्नाथ स्वामी मंदिर विधानसभा सड़क के पास घेराव कार्यक्रम के दौरान झारखंड के विभिन्न जिलों से बीआरपी सीआरपी लगभग 550 संख्या में उपस्थित हुए। बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस प्रशासन ने बीआरपी-सीआरपी को विधानसभा के पहले ही रोक दिया। लगातार भारी बारिश के बावजूद विभिन्न जिलों के बीआरपी-सीआरपी बारिश में भी भींगते हुए अपनी मांगों के लिए डटे रहे। बीआरपी-सीआरपी विगत 18 वर्षों से अपने विभाग के अतिरिक्त अन्य कार्यों में भी संलग्न है किंतु सरकार सेवाशर्त नियमावली अभी तक कैबिनेट से पास नहीं कराई है। यह बहुत ही असंतोषजनक और दुखदायी है। सरकार के प्रतिनिधि के रूप में एडीएम लॉ एंड आर्डर एसडीएम रांची घेराव स्थल पर आकर संघ के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता किए और ज्ञापन लिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि बीआरपी सीआरपी की बातों को मौखिक रूप से जिस समय आप घेराव के लिए उपस्थित हुए हैं उसी समय माननीय मुख्यमंत्री एवं विभागीय सचिव को दे दिया गया है। आपका ज्ञापन अभी तुरंत माननीय मुख्यमंत्री के टेबल पर पहुंच जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार के प्रतिनिधि को आगाह किया कि हमलोगों की मांगों पर अविलंब निर्णय नहीं लिया गया एवं आगामी कैबिनेट में सेवाशर्त नियमावली पास नहीं हुई तो इससे भी उग्र रूप धारण कर मुख्यमंत्री आवास घेराव करेंगे। आज के कार्यक्रम में केंद्रीय कमेटी के महासचिव नितिन कुमार, केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, उपाध्यक्ष नीलम पांडे, अरविंद चौबे, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, कार्यालय सचिव कुमार सिकंदर, कमलकांत मेहता, प्रवक्ता नवीन कुमार,मीडिया प्रभारी रविंद्र कुमार ठाकुर, सुनील कुमार गुप्ता अब्दुल नासिर, विकास कुमार गुप्ता के साथ साथ सभी जिला के प्रतिनिधि एवं जिलों के साथी उपस्थित रहे।

**बीआरपी सीआरपी की प्रमुख मांगे निम्नलिखित है :-**

1. बीआरपी सीआरपी सेवा शर्त नियमावली अविलंब लागू करते हुए मानदेय बृद्धि जनवरी 2022 से दिया जाए।
2. बीआरपी सीआरपी को बुनियादी सुविधा यथा भविष्य निधि कटौती मेडिकल भत्ता दुर्घटना बीमा पर योजना भत्ता इत्यादि लागू किया जाए।
3. राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा विज्ञप्ति विभिन्न पदों एवं पारा शिक्षकों की तरह शिक्षक नियुक्ति एवं अन्य विभागीय नियुक्ति में 50 परसेंट आरक्षण बीआरपी सीआरपी के लिए आरक्षित किया जाए एवं सेवा अवधि के अनुसार उम्र सीमा में छूट प्रदान किया जाए।
4. स्कूल मैनेजर एसआई का पद शत-प्रतिशत विद्या बीआरपी सीआरपी हेतु आरक्षित किया जाय।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।
शुद्धि पत्र

पत्रांक – 621 / गढ़वा, दिनांक – 27.07.2023

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Advertisement P.R.No- 302930 Ad Received on 21.07.2023 ((WRD/MIDV/GARHWA/06-F2/2023-24) मानपुर मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य प्रखण्ड– रंका, जिला– गढ़वा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 303832 Minor Irrigation(23-24)D

कार्यालय : जिला शिक्षा अधीक्षक, खूँटी
नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक सी०,
चाईबासा रोड, खूँटी-835210

आम सूचना

प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, तोरपा द्वारा प्राप्त सूचना अनुसार श्री दिनेश कुमार होरो, सहायक शिक्षक, राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, उनुकदा प्रखण्ड तोरपा दिनांक 01.07.2017 से अपने कर्त्तव्य से अनुपस्थित है। इनके पारिवारिक सदस्यों से पृच्छा अनुसार श्री होरो दिनांक 01.07.2017 से ही लापता हैं जिसके लापता होने का गुमशुदगी सनहा तोरपा थाना जिला खूँटी में दर्ज है। परन्तु इस संदर्भ में श्री होरो के परिवार के सदस्यों द्वारा अबतक कोई भी सूचना कार्यालय को नहीं दी गई हैं।

अतएव श्री दिनेश कुमार होरो, सहायक शिक्षक, राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, उनुकदा प्रखण्ड तोरपा सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर जिला शिक्षा अधीक्षक, खूँटी कार्यालय में योगदान समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित समयावधि से योगदान नहीं करने की स्थिति में नियमानुसार सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की जायेगी।

विश्वासभाजन
जिला शिक्षा अधीक्षक, खूँटी।

PR.NO.303874 District(23-24):D

# दुर्भाग्यपूर्ण हंगामा

लोकसभा के अंदर सांसदों के लगातार वेल में आकर नारेबाजी-हंगामा करने और सदन की कार्यवाही के लाइव प्रसारण के दौरान टीवी पर दिखाने की मंशा से मंत्रियों के सामने प्लेकार्ड लहराने से नाराज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को सदन की कार्यवाही का संचालन नहीं किया। बुधवार को सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई। लेकिन, सदन की कार्यवाही का संचालन पीठासीन सभापति मिधुन रेड्डी ने किया तो वहीं दोपहर बाद 2 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर पीठासीन सभापति किरीट प्रेमजी भाई सोलंकी सदन को चलाते नजर आएं। वर्तमान लोकसभा में अभी तक सदन का उपाध्यक्ष नहीं चुना गया है इसलिए स्पीकर की अनुपस्थिति में पीठासीन सभापति के पैनल में शामिल लोकसभा सांसद ही सदन की कार्यवाही का संचालन करते हैं। मणिपुर के मुद्दे पर कांग्रेस सहित विपक्ष दल लगातार हंगामा कर रहा है। इस हंगामें के पीछे मणिपुर के मामले को अधिक से अधिक उछालने और केन्द्र सरकार की छवि को खराब करने की मंशा है। लोकसभा चुनाव नजदीक आने के कारण विपक्ष अपनी अनावश्यक सक्रियता दिखाया जा रहा है। प्रश्न काल और शून्य काल को भी चलने नहीं दिया जा रहा है जो किसी भी कोण से सही नहीं है। सदन में देश के हितों का अंतिम निर्णय होता है। सांसदों में इसको लेकर पूरी तैयारी और बहस का अभाव साफ दिख रहा है। वर्तमान समय में सभी दलों में सदन की गंभीरता का साफ अभाव दिख रहा है जो देश के हित में नहीं है। सदन में विरोध और विरोध का अति कर देना शर्मनाक है। सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा अध्यक्ष ने सांसदों के व्यवहार को लेकर राजनीतिक दलों के नेताओं से अपनी नाराजगी जाहिर कर दी है। इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति से नाराज लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला सदन में नहीं आये।

# बिगड़ता माहौल

जैसा कि हर बड़े चुनाव से पहले वातावरण विषाक्त व आक्रामक होता है, वही मंजर फिर उभर आया है। हर घटनाक्रम का सांप्रदायिक एंगल उभारा जा रहा है। जयपुर से मुंबई जा रही एक ट्रेन में रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के जवान ने फायरिंग करके एक असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर समेत तीन यात्रियों की हत्या कर दी। पहले तो इस घटना को विभागीय असंतोष की परिणति बताया गया। फिर कहा गया कि आरपीएफ जवान की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। निश्चय ही यह घटना बेहद चिंता का विषय है कि जिन सुरक्षा बलों पर लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है वे देश के राजनीतिक विमर्श में लिप्त होकर कैसे अपने दायित्वों से विमुख होते हैं। जो हथियार उन्हें लोगों की सुरक्षा के लिये दिया गया है, उससे वे कैसे किसी की जान ले सकते हैं। यदि कथित रूप से उस जवान की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, तो क्यों उसे सुरक्षा का गुरुत्तर दायित्व दिया गया था? इस तरह के घटनाक्रम विपक्षी राजनीतिक दलों के उन आरोपों को बल देते हैं जिसमें वे सत्तारूढ़ दल के विभाजनकारी विमर्श से ध्रुवीकरण की राजनीति को प्रश्रय देने की बात कहते रहे हैं।इस बीच नूंह की हिंसा ने देश को विचलित किया है। एक धार्मिक यात्रा के दौरान पथराव और आगजनी के बाद स्थिति चिंताजनक बनी। पुलिस थाने व धार्मिक स्थलों पर हमले हुए और बड़ी संख्या में वाहनों व अन्य संपत्ति को आग के हवाले किया। दुर्भाग्य से इस हिंसा में कुछ मौतें भी हुई हैं। कालांतर इस हिंसा की तपिश ने आसपास के इलाकों के साथ ही गुरुग्राम तक को अपनी चपेट में लिया। सवाल ये भी है कि सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाके में पर्याप्त सुरक्षा के अभाव में धार्मिक जुलूस को निकाले जाने की अनुमति की तार्किकता क्या है? ऐसी घटनाओं से जो गुरुग्राम और राजस्थान तक फैली देशकी कैसी छवि पेश करती है।

# विज्ञान की शिक्षा पर हो पूरा जोर



जिस प्रकार समाज में कोरोना के वैक्सीन और जांच को लेकर भ्रम और असमंजस फैल रहा है यह कोई नयी बात नहीं है। हमारी शिक्षा की कमजोरी कहें या स्तरहीनता की समस्या आज भी लोग आधुनिक अविष्कारों पर विश्वास नहीं कर रहें हैं। यही कारण है कि सरकार की योजनाओं का भी सही प्रति फल नहीं निकलता है। सवाल यह उठता है कि शिक्षा को धर्म से जोड़ा जाए कि वैज्ञानिक चिंतन और सोच से लबरेज किया जाए।

क्या यह सच नहीं है कि भारत में कुछ खास धर्मों के मानने वाले शिक्षण संस्थानों में अपने-अपने धर्मों के प्रचार के लिए कोशिशें करते रहते हैं। कभी कभी सच में लगता है इस मसले पर देश में एक बार खुली बहस हो जाए कि क्या भारत में धर्म प्रचार की स्वतंत्रता जारी रहे अथवा नहीं ? देखा जाए तो केवल अपने धर्म पालन की सबको स्वतंत्रता होनी चाहिये। लेकिन, शिक्षण संस्थानों में अबोध बच्चों को अपने धर्म की अच्छाई और बाकी सभी धर्मों की बुराई बताना बच्चों को अबोध उम्र में कट्टर बनाना और दूसरे धर्मावलम्बियों के प्रति घृणा फैलाना कहाँ तक उचित है ? यही तो देश में धार्मिक उन्माद फैला रहा है ? यही तो आपसी असहिष्णुता की मूल धर्म के प्रचार-प्रसार की छूट की कोई आवश्यकता नहीं। धर्म कोई दुकान या व्यापार तो है नहीं जिसका प्रचार प्रसार करना जरूरी हो।

भारतीय संविधान धर्म की आजादी का अधिकार प्रदान करता है। अनुच्छेद 25 (1) में कहा गया है कि सभी व्यक्ति समान रूप से धर्म का प्रचार करने के लिए स्वतंत्र है। लेकिन अनुच्छेद 26 कहता है कि धार्मिक आजादी और धार्मिक संप्रदायों के क्रियाकलाप में शांति और नैतिकता की शर्तें भी हैं। अनुच्छेद 28 में कहा गया है कि सरकारी शैक्षिक संस्थानों में कोई धार्मिक निर्देश नहीं दिया जाएगा।

अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो देखते हैं कि भारत के संविधान निमार्ताओं ने सभी धार्मिक समुदायों को अपने धर्म के प्रचार की छूट दी थी। क्या इसकी कोई आवश्यकता थी? यह मानना होगा कि दो धर्म क्रमशः इस्लाम और ईसाई धर्म के मानने वालों की तरफ से लगातार यह प्रयास होते रहते हैं कि अन्य धर्मों के लोग भी येन-केन-प्रकारेण किसी भी लालच में उनके धर्म का हिस्सा बन जाएं। यह कठोर सत्य है। इससे कोई इंकार नहीं कर सकता है। इस मसले



- आरके सिन्हा

> एक छोटा सा उदाहरण और देना चाहूंगा। एमडीएच नाम की मसाले बनाने वाली कंपनी के संस्थापक महाशय धर्मपाल गुलाटी को सारा देश जानता है। वे पक्के आर्य समाजी हैं। महाशय जी पूरी दुनिया में 'किंग ऑफ स्पाइस' माने जाते है। वे देश की राजधानी में एक अस्पताल और अनेक स्कूल चलाते है। कोई बता दें कि उन्होंने कभी किसी गैर-हिन्दू को हिन्दू धर्म से जोड़ने की कोशिश भी की हो।

पर देश में बार-बार बहस भी होती रही है और आरोप भी लगते रहे हैं कि इन धर्मों के ठेकेदार लालच या प्रलोभन देकर गरीब आदिवासियों, दलितों वगैरह को अपना अंग बनाने की फिराक में लगे ही रहते हैं। बेशक, भारत में ईसाई धर्म की तरफ से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस और ईमानदारी से काम भी किया गया है।

पर उस सेवा की आड़ में धर्मांतरण ही मुख्य लक्ष्य रहा है। मदर टेरेसा पर भी धर्मांतरण करवाने के अकाट्य आरोप लगे हैं। उधर, इस्लाम का प्रचार करने वाले बिना कुछ कहे ही धर्मांतरण करवाने के मौके लगातार खोजते हैं। हालांकि मुसलमानों के अंजुमन इस्लाम ने भी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। यह मुंबई में सक्रिय है। अब आप देखें कि आर्य समाज, सनातन धर्म सभी और सिखों की तरफ से देश में सैकड़ों स्कूल, कॉलेज, अस्पताल वगैरह चल रहे हैं। पर इन्होंने किसी ईसाई या मुसलमान को कभी धर्मांतरण करवाने का कभी प्रयास नहीं किया। एक छोटा सा उदाहरण और देना चाहूंगा। एमडीएच नाम की मसाले बनाने वाली कंपनी के संस्थापक महाशय धर्मपाल गुलाटी को सारा देश जानता है। वे पक्के आर्य समाजी हैं। महाशय जी पूरी दुनिया में 'किंग ऑफ स्पाइस' माने जाते है। वे देश की राजधानी में एक अस्पताल और अनेक स्कूल चलाते है। कोई बता दें कि उन्होंने कभी किसी गैर-हिन्दू को हिन्दू धर्म से जोड़ने की कोशिश भी की हो।

खैर,धर्म परिवर्तन केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में एक जटिल मसला रहा है। इस पर लगातार बहस होती रही है। यह समझने की जरूरत है कि मोटा-मोटी संविधान कहता है कि कोई भी अपनी मर्जी से अपना धर्म बदल सकता है, यह उसका निजी अधिकार है। पर किसी को डरा-धमका या लालच देकर जबरदस्ती या लव जिहाद करके धर्म परिवर्तन नहीं करा सकते।

संविधान संशोधन के द्वारा धर्मप्रचार को रोकना सम्भव तो है। पर यह देखना चाहिए कि धर्म के नाम पर बवाल किस वजह से हुआ ? यदि धर्म प्रचार की वजह से हुआ है तो किन लोगों की वजह से हुआ है? एक राय यह भी है कि भारत में उन धर्मों के प्रचार की स्वतंत्रता होनी ही चाहिए जिनका उदय भारत भूमि पर हुआ है।

जैसे हिन्दू, सिख, जैन और बौद्ध। अगर यह धर्म अपनी जन्म भूमि पर भी अधिकार खो देंगे तो यह तो उनके साथ बड़ा अन्याय होगा। समस्या का मूल कारण इस्लाम और ईसाई हैं। इस्लाम और ईसाइयत को छोड़ दें तो बाकी धर्मो के बीच कोई आपसी विवाद नहीं है । यदि सभी धर्म प्रतिबन्धित हों जिनमे हिन्दू धर्म और उससे निकले दूसरे धर्म भी शामिल होंगे तो यह गेंहू के साथ घुन पिसने जैसी बात हो जायेगी। हाँ केवल इस्लाम और ईसाइयत का धर्म प्रचार प्रतिबन्धित हों तो युक्ति सांगत लगता है। आगे बढ़ने से पहले पारसी धर्म की भी बात करना सही रहेगा। यह भी भारत की भूमि का धर्म नहीं है। यह भारत में इस्लाम और ईसाइयत की तरह से ही आया है। लेकिन, पारसियों ने भारत में अपने धर्म के प्रसार-प्रचार की कभी चेष्टा तक नहीं की। भारत में टाटा,गोदरेज,वाडिया जैसे बड़े उद्योगपति हैं। इन समूहो में लाखों लोग काम करते हैं। ये देश के निर्माण में लगे हुए हैं। सारा देश इनका आदर करता है। इनसे तो किसी को कोई मसला नहीं रहा। इस बीच, धर्म की अवधारणा से भिन्न है मजहब का ख्याल । धर्म का तात्पर्य मुख्यतः कर्तव्य से है जबकि मजहब की अवधारणा किसी विशिष्ट मत को मानने से है। इसमें किसी किताब में दर्ज शब्दों के अक्षरशः पालन की अपेक्षा की जाती है। किताबिया मजहब जो मानते हैं उन्हें वैसा ही मानते रहने की आजादी बेशक बनी रहे कोई हर्ज नहीं, जैसे कोई सोते रहने की आजादी का तलबगार है, जागना नहीं चाहता, उसे सुख से सोने दीजिए ।

खास बात

## स्त्री की छवि

पुष्पा

जब आज के युग में यह स्पष्ट रूप से स्वीकार कर लिया गया है कि घर के कामों को पति और पत्नी समान रूप से मिलकर निपटाते हैं, पत्नी का स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि पति का; एक महिला को छुट्टी पर जाने और मौज-मस्ती करने का उतना ही अधिकार है जितना पुरुष को; फिर ऐसा क्यों है कि विज्ञापनों में वही पुरानी छवि पेश की जाती है? बाथरूम क्लीनर के विज्ञापन में महिलाओं को सफाई एजेंटों के रूप में क्यों दिखाना चाहिए? प्रेशर कुकर का विज्ञापन या मसाला ब्रांड का प्रचार या कुकिंग ऑयल का विज्ञापन केवल महिलाओं के लिए ही क्यों होना चाहिए? एडवेंचर और मस्ती को दशार्ने वाले विज्ञापनों में केवल पुरुषों को ही क्यों दिखाया जाना चाहिए? महिलाओं को ऐसा तेल क्यों चुनना चाहिए जो उनके पतियों को स्वस्थ रहने में मदद करे इसके उलट क्यों नहीं? सौभाग्य से, मैं आजकल, कुछ विज्ञापन देखती हूं जो इन रूढ़ियों से दूर जा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसे विज्ञापन बहुत कम हैं। उपभोक्ताओं के सोचने और कार्य करने के तरीके को भी प्रभावित करते हैं, खासकर जब उत्पादों या सेवाओं का लाखों अनुयायियों के साथ मशहूर हस्तियों द्वारा समर्थन किया जा रहा हो। विज्ञापनदाता और समर्थनकर्ता दोनों को इसके प्रति संवेदनशील होना होगा और जिम्मेदारी से काम करना होगा। लेकिन हमेशा ऐसा होता नहीं। इसका एक बड़ा उदाहरण फेयरनेस क्रीम और साबुन की मार्केटिंग है। यह सच है कि रंग पूर्वाग्रह हमारे समाज में पहले भी था, लेकिन अपने उत्पादों को बेचने के लिए, दशकों तक इन निमार्ताओं ने अपने विषैले संदेशों के जरिये गोरी त्वचा को सुंदरता और सफलता से जोड़ा। जुलाई 2018 में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मैकेनिकल एंड इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी में प्रकाशित मैसूरू में युवाओं के खरीद-व्यवहार और विश्वास प्रणाली पर फेयरनेस क्रीम के विज्ञापनों के प्रभाव पर एक अध्ययन रिपोर्ट छपी, इसमें सामने आया कि कैसे फेयरनेस क्रीम विज्ञापनों ने सुंदरता की परिभाषा को प्रभावित किया। सुंदर सांवले लोगों के मानस को इन विज्ञापनों ने जो नुकसान पहुंचाया।

## आध्यात्मिक लाभ ही सर्वोपरि

धर्म-प्रवाह



श्रीराम शर्मा आचार्य

आध्यात्मिक जीवन आत्मिक सुख का निश्चित हेतु है। अध्यात्मवाद वह दिव्य आधार है, जिसपर मनुष्य की आंतरिक तथा बाह्य दोनों प्रकार की उन्नतियाँ एवं समृद्धियाँ अवलंबित हैं। सांसारिक उपलब्धियाँ प्राप्त करने के लिए भी जिन परिश्रम, पुरुषार्थ, सहयोग, सहकारिता आदि गुणों की आवश्यकता होती है, वे सब आध्यात्मिक जीवन के ही अंग हैं। मनुष्य का आंतरिक विकास तो अध्यात्म के बिना हो ही नहीं सकता। अध्यात्मवाद जीवन का सच्चा ज्ञान है। इसको जाने बिना संसार के सारे ज्ञान अपूर्ण हैं और इसको जान लेने के बाद कुछ भी जानने को शेष नहीं रह जाता। यह वह तत्वज्ञान एवं महाविज्ञान है, जिसकी जानकारी होते ही मानव-जीवन अमरतापूर्ण आनंद से ओत-प्रोत हो जाता है। आध्यात्मिक ज्ञान से पाये हुए आनंद की तुलना संसार के किसी भी आनंद से नहीं की जा सकती क्योंकि इस आत्मानंद के लिएमानसिक शक्ति नष्ट न हो

विपत्ति आने पर मनुष्य अपनी जितनी शक्ति को उद्विग्न और अशांत रहकर नष्ट कर देता है, उसका एक अंश भी यदि वह शांत-चित्त रहकर कष्टों को ही मुक्त हो सकता है। मनुष्य धैर्यपूर्वक उपाय करने के बजाय, अपनी सारी क्षमताओं को व्यग्र और विकल होकर नष्ट कर देता है। किंकर्त्तव्यविमूढ़ बनकर ह्यक्या करें, ह्यकहाँ जाएँ', ह्यकैसे बचें आदि वितर्कना करते हुए बैठे रहते हैं, जिससे आई हुई विपत्ति भी सौगुनी होकर उन्हें दबा लेती है।

राष्ट्रीय ध्वज की रूपरेखा तैयार करनेवाले महान स्वतंत्रता सेनानी श्रद्धेय पिंगली वेंकैया जी की जयंती पर उन्हें कोटि कोटि नमन।

श्री पिंगली वेंकैया जी द्वारा अभिकल्पित तिरंगा आज भारत के गौरव,अखंडता व शक्ति का परिचायक है।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

आपके ट्वीट

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची रेल मंडल के #ऊफट श्री प्रदीप गुप्ता और #ऊउट श्री देवराज बनर्जी ने मुलाकात की। हटिया और पिस्का रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास को लेकर 6 अगस्त को आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में आमंत्रित किया।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





देश में 55 लाख करोड़ की सड़क विस्तार की योजना चल रही है। लेकिन कुछ योजनाओं में भू अर्जन न हो पाने के कारण देर हो रही है। इस राज्य के जिला प्रशासन को इसके लिये गंभीर होना चाहिए।

**– नितिन गडगरी, केन्द्रीय मंत्री**

# नई शिक्षा नीति में राष्ट्र की भाषाओं को स्थान मिला

अवधेश कुमार अवध

शिक्षा

हर राष्ट्र की अपनी एक राष्ट्रभाषा होती है इसलिए भारत जैसे सम्प्रभुता सम्पन्न, विशाल, सबसे बड़े गणतन्त्र राष्ट्र की भी अपनी राष्ट्रभाषा होनी चाहिए। यह प्रश्न तब तक उठना स्वाभाविक और उचित भी है जब तक भारत की अपनी राष्ट्रभाषा न चुन ली जाए। लेकिन आजादी के सात दशकों के बाद भी दुर्भाग्यवश अब तक ऐसा नहीं हो सका।

ब्रितानी हुकूमत के समय में हिंदी का पूरे भारत में बोलबाला था। लॉर्ड मैकाले ने ब्रिटेन में हिंदी की व्यापकता और लोकप्रियता को लेकर कई बार ऐसी बातें स्वीकार की थी, पार्लियामेंट में रखी थी। मैकाले ने अपने अध्ययन में यह महसूस किया था कि भारत को यदि और अधिक समय तक गुलाम बनाकर रखना है तो यहाँ की प्रतिष्ठित शिक्षा पद्धति को बंद करना होगा और किया भी। मैकाले के अनुसार, संस्कृत को समाज से दूर और हिंदी को असभ्य/अनपढ़ों की भाषा के रूप में व्यवहृत करना होगा जिससे अंग्रेजी जानने वाले क्लर्क पैदा किये जा सकें। भारत की प्रायः समस्त भाषाएँ संस्कृत से पैदा हुई हैं और इसमें सबसे बड़ी और व्यापक भाषा हिंदी है। इसलिए समस्त भारतीय भाषाएँ हिंदी से कमोबेश सम्बंधित हैं। भारत में अंग्रेजी शासन के प्रति विद्रोह और जनक्रान्ति में हिंदी की भूमिका अग्रणी रही है। आजादी के समर में चाहे नारों की बातें करें या साहित्य की, हिंदी का ही सर्वाधिक योगदान रहा है। न केवल मध्य भारत बल्कि आज का बांग्लादेश, पाकिस्तान, दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत भी हिंदी के प्रभाव में था।

देश को बाँटने की कुत्सित योजना ने हिंदी भाषा के समक्ष अन्य भाषाओं को विरोधी बनाकर उतारने की चेष्टा की। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर भारत के कुछ नेता क्षेत्रीय राजनीति की रोटी भाषाओं के तवे पर सेंकने लगे। आजादी के उपरान्त संविधान में एक राष्ट्रभाषा की आवाज तो उठी किन्तु अंग्रेजी परस्त सत्तालोलुप लोगों ने क्षेत्रीय भाषा- भाषियों को भड़काकर अंग्रेजी की जड़ें मजबूत कीं। हिंदी को राष्ट्रभाषा न बनाकर राजभाषा तक सीमित रखा गया और लॉलीपॉप दिया गया कि अंग्रेजी सहायक भाषा बनकर रहेगी और 1965 तक हिंदी को व्यापक बनाकर राष्ट्रभाषा बनाया जा सकता है। अनुच्छेद 343/1 में देवनागरी लिपि में हिंदी को भारत संघ की राजभाषा घोषित किया गया। उसके बाद हिंदी को इतनी ही इज्जत मिली कि इसकी गिनती भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भारतीय भाषाओं में एक भाषामात्र की है।

एक अन्य संशोधन के अनुसार राज्य सरकारें अपनी पसंद की भाषा में कामकाज संचालित करने के लिए स्वतन्त्र होंगी जबकि राजभाषा अधिधियम 1963 में यह व्यवस्था की गई कि सभी सरकारी प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी का प्रयोग किया जाएगा। आज की सच्चाई है कि सहायक भाषा ने राजभाषा को मजदूरों, अशिक्षितों, पिछड़ों और असभ्यों की भाषा बनाकर रख दिया है। अंग्रेजी परस्त लोगों के भीतर अंग्रेजियत मानसिकता और कूटनीति कूट-कूटकर भरी थी। ये काली चमड़ी वाले अंग्रेज आजाद भारत को भी अंग्रेजी और गैर अंग्रेजी के स्तरीकरण के रूप में बनाये रखना चाहा। अंग्रेजी को स्वामित्व के रूप में भारत में कायम रखना चाहा।

हिंदी के सिर पर अंग्रेजी को बैठाने का ही नतीजा है कि बच्चों की प्रथम पाठशाला की संज्ञा प्राप्त पारिवारिक ढाँचा पल- प्रतिपल बिघटित हो रहा है। माँ को मॉम, बापू को डैड, पति को हस्बैंड और चाचा, ताऊ, मामा, फूफा जैसे दर्जनों रिश्तों को एक ₹अंकल₹ में भर दिया। बुआ, चाची, ताई, जैसी नारियाँ ₹आँटी₹ में खपाई गईं। बचे खुचे रिश्ते ₹इन लॉजर₹ हो गए। हिंदी की शुचिता पर अंग्रेजी ने छककर विष वमन किया।

कॉटून वर्ल्ड



साभार कॉर्टून मूववेंट

लेटर टू एडीटर

### आर्थिक दशा-दिशा

**भारतीय** अर्थव्यवस्था की दशा को लेकर रिजर्व बैंक ने जो तस्वीर पेश की है, वह चिंताजनक है। केंद्रीय बैंक यह बता पाने की स्थिति में भी नहीं है कि हालात सामान्य कब तक होंगे। रिजर्व बैंक ने अपनी सालाना रिपोर्ट में साफ कहा है कि अर्थव्यवस्था पर दूसरी लहर का असर लंबे समय तक बना रहेगा। देश की आर्थिक दशा पर पैनी निगाह रखना आवश्यक है।

**- शशि प्रकाश, रांची**

### हकीकत बताएं

**पहले** महाराष्ट्र व बिहार पुलिस में तकरार, फिर सीबीआई को जांच की जवाबदारी सौंपने से इसकी परतें खुलने लगी है। ड्रग डीलर की गिरफ्तारी नए राज खोलेगी कि फिल्मी दुनिया में क्या-क्या चल रहा है। सीबीआई दाऊद के कनेक्शन की भी जांच करे, जिससे फिल्मी हस्तियों के वास्तविक चरित्र का पता लग सके। यह समस्या पूरे युवा शक्ति को बर्बाद कर रही है।

**-अमृतलाल, मेदिनीनगर**

# कृष्ण की कर्म भूमि मेवात में हिंसा, संयोग या 'प्रयोग'

डॉ. पवन सिंह

सामयिक

मेवात की धरती भगवान श्रीकृष्ण की भूमि है। यह उनकी क्रीडा स्थली रही है। यह यात्रा नूंह के नल्हड़ महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर शृंगार मंदिर पुन्हाना में संपन्न होती है। इन दोनों स्थानों का महत्व श्रीकृष्ण के नाम के साथ जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि यहीं श्रीकृष्ण विराजमान हुए थे और उन्होंने पवित्र शिवलिंग की स्थापना की थी। इसी स्थान पर उन्होंने कौरवों-पांडवों के मध्य संधि करवाने का प्रयास किया था। शृंगार मंदिर वह स्थान है जहां पर वहां के लोगों ने श्रीकृष्ण के बाल्यकाल में उनका शृंगार किया था। इसलिए इसका नाम शृंगार मंदिर पड़ा। पुन्हाना का नाम भी 'भगवान पुनः आना' के आधार पर रखा गया है। यहां फिरोजपुर झिरका में स्थित झीर महादेव मंदिर भी वही स्थान है जहां पांडवों ने अज्ञातवास का समय बिताया था। इसलिए मेवात के कण-कण में प्रभु श्रीकृष्ण के अहसास को महसूस किया जा सकता है और इसी भाव को ध्यान में रखते हुए पिछले तीन वर्षों से इस ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा का प्रयोजन किया जाता है। जिसमें यहां के व हरियाणा के अन्य स्थानों से आए हुए शिवभक्त बड़ी संख्या में हिस्सा लेते हैं, इस यात्रा में राष्ट्रत्व का भाव रखने वाले मेव समाज के बंधु भी भागीदार होते हैं। पांडवकालीन स्थान होने के कारण श्रावण मास में यह यात्रा अनेकों वर्षों से होती आ रही है। आज मेवात की पहचान हिंदू विरोधी गतिविधियों के लिए होने लगी है। पिछले कुछ वर्षों में यहां से बहुत अधिक संख्या में हिन्दुओं का पलायन हुआ है। जहां हिन्दू हैं भी उनका प्रतिशत बहुत कम है। आये दिन हिंदू विरोधी घटनाएं होती रहती है। तो क्या मेवात की पहचान हिंदू विरोधी बननी चाहिए या फिर भगवान श्रीकृष्ण? प्रश्न सीधा है पर उत्तर कठिन। मेवात का सौहार्द बना रहे, यहां सभी मिल-जुल कर रहे। 'हरियाणा एक-हरियाणवी एक' का भाव चरितार्थ हो। यहां का हिंदू समाज अपने आप को अकेला व असहाय न समझे। हरियाणा का सारा समाज मेवात के साथ खड़ा है, इस बात को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष इस यात्रा का आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में हरियाणा भर से लोग इसमें हिस्सा लेते हैं। इस बार शृंगार की कलश यात्रा में एक हजार महिलाओं ने भाग लिया, इस उत्साह व उमंग से भी इस यात्रा के प्रतिवर्ष बढ़ते महत्व को देखा जा सकता है।

वरना क्या कारण है कि पांच हजार लोगों की सुरक्षा में केवल सौ पुलिस कर्मी ही लगाए गए। यात्रा की सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों की संख्या हमलावर तत्वों को देखते हुए कम सिद्ध हुई।

हमले के वीडियो देखने पर ध्यान आता है कि हमले की तैयारियां बहुत दिनों से हो रही थी, फिर क्यों नहीं खुफिया विभाग को इसकी कानों कान खबर हुई। जिस प्रकार से उग्र भीड़ की तैयारी व मनसूबे थे उसके कारण हालात और अधिक खराब हो सकते थे। जिस तरीके से तीर्थयात्रियों पर हमला हुआ है, उसमें महीनों की तैयारी का अंदेशा होता है।

यह पूरी घटना पूर्व-नियोजित थी। अभी तक की प्राप्त जानकरी अनुसार 70 से अधिक निजी कारों व बसों को तोड़ा/ जलाया गया हैं। दो होमगार्ड जवान और एक पानीपत के हिन्दू कार्यकर्ता के दुखद बलिदान सहित अनेकों घायल हैं। बड़ी संख्या में पत्थरों का एकत्र होना, अलग-अलग पॉइंट पर हमला करना, यह बिना पूर्व योजना के सम्भव नहीं है ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### वैश्य समाज ने डीसी का किया स्वागत



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला के नए उपायुक्त चंदन कुमार का रामगढ़ जिला वैश्य समाज ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। । इस दौरान वैश्य समाज के प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें जिले का उपायुक्त बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। वैश्य समाज ने नए उपायुक्त को रामगढ़ जिले के भौगोलिक व सामाजिक संरचना और स्थिति से अवगत कराया। साथ ही वैश्य समाज ने उपायुक्त से रामगढ़ जिले में भ्रष्टाचार मुक्त निष्पक्ष प्रशासन देने का आग्रह किया। मौके पर वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता ने जन समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर त्वरित कार्रवाई करने का उपायुक्त से आग्रह किया। वहीं झारखंड वैश्य समाज के मुख्य संस्थापक सह युवा इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड वैश्य समाज के वरिष्ठ नेता रविंद्र साहू, संतोष वर्णवाल, रवि साहू, अजीत जायसवाल, राधे श्याम साहू, जमुना प्रसाद, दिगम्बर साहू, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### दलादली में संकल्प सभा आज

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** माकपा रांची जिला कमेटी ने गुरुवार को दलादली चौक में शहीद स्व. सुभाष मुंडा की स्मृति में श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा होगा। जिसमें सीपीएम के पोलित ब्यूरो सदस्य बृन्दा करात और सीपीएम झारखंड राज्य सचिव प्रकाश विप्लव सहित राज्य कमिटी सदस्यों, किसान सभा, सीटू, एडवा, डीवाईएफआई, एसएफआई, आंगनबाड़ी कर्मी सहित जिला से भारी संख्या में आम लोगो हिस्सा लेंगे। जिला सचिव आरपी सिंह चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम में शहीद नेता को श्रद्धांजलि देकर उनके द्वारा छोड़े गए अधूरे कामों को पूरा करने का संकल्प लिया जायेगा। साथ ही झारखंड राज्य सरकार से अविलम्ब हत्यारों को पकड़ कर सजा देने की मांग की जायेगी।

### बोंगाबार में लगा नया ट्रांसफार्मर



**कुजू।** नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने बुधवार को बोंगावार में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया महतो ने कहा कि कुछ दिन पूर्व ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। जिसकी जानकारी मिलते ही बिजली विभाग में अधिकारियों से बात कर नया ट्रांसफार्मर लगवाया। नया ट्रांसफार्मर लगने से बोंगावार के लोग काफी खुश है। इस बीच ग्रामीणों द्वारा नगर परिषद उपाध्यक्ष का स्वागत फूल माला पहनाकर किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद हेमनी देवी, जयकिशोर महतो, राजू प्रजापति, रवि साहू, राजेश राम, कुलेश्वर प्रजापति, सचिन प्रजापति, देवन्ति देवी, शंकर महतो, महेन्द्र महतो, जीवन कुमार आदि उपस्थित थे।

### झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

**उरीमारी (रामगढ़)।** झामुमो छापर पंचायत सह बुडमु प्रखंड कमेटी ने बिंजा टोला भवानी गांव में सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान 350 से अधिक लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। अभियान में रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, विशिष्ट अतिथि डॉ हेमलाल मेहता उपस्थित थे। आम सभा में संथाली रीति-रिवाजों, मांदर ढोल नगाड़ों एवं संथाली नृत्य संगीत के साथ अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। सभा में प्राइवेट कंपनी रुंगटा को कोयला खनन के लिये कभी घुसने नहीं देने का संकल्प लिया गया। आमसभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर साहू और संचालन विनोद मांझी ने किया। मौके पर झामुमो बुढ़मू प्रखंड कमेटी के सभी पदाधिकारी सहित महिला मोर्चा बुढ़मू प्रखंड कमेटी सदस्य मौजूद थे।

### रैयत विस्थापित मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**उरीमारी (रामगढ़)।** एलएंडटी कंस्ट्रक्शन में कार्यरत स्थानीय मजदूरों को कम्पनी द्वारा निकाल देने से आक्रोशित रैयत विस्थापित मोर्चा ने बिरसा शाखा के अध्यक्ष पप्पु लाल मांझी के नेतृत्व ने कंपनी का कार्य ठप कर दिया। कार्य ठप होने के बाद कंपनी प्रबंधन से वार्ता हुई। वार्ता में कहा गया कि सिविल का काम पूरी तरह से खत्म हो रहा है और मजदूरों को अब बिजली विभाग में काम करने को लेकर स्थानांतरण किया जाएगा। मजदूरों का वेतन कम्पनी के नियमानुसार न्यू वेतन मासिक भुगतान किया जाएगा। वार्ता के बाद करीब तीन घंटा के बाद कार्य शुरू हुआ। वार्ता में सीसीएल प्रबंधन की ओर से पीओ डी शिवादास, मैनेजर रमेश्वर मुण्डा, एवं एलएंडटी मैनेजर सुनिल कुमार सिंह, विस्थापितों की ओर से सूरज बेसरा, पप्पु लाल मांझी, राजेन्द्र मुण्डा, महालाल सोरेन, संतोष करमाली,राजू मुण्डा, रौशन हांसदा, अनील मांझी, पप्पु लाल मांझी, राजेन्द्र मुण्डा, बिनोद मुर्मू, अनिल हांसदा, संतोष करमाली, महालाल सोरेन, राकेश हांसदा, रौशन हांसदा सहित कई मजदूर शामिल थे।

### साई मंदिर में महाप्रसाद वितरित



**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साई दरबार में बुधवार को श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद का वितरण स्व कृष्ण कुमार सिन्हा की 5वीं पुण्यतिथि पर किया गया। स्व कृष्ण कुमार सिन्हा के बड़े सुपुत्र संजय कुमार सिन्हा ने पिताजी की पुण्यतिथि पर खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया। सिन्हा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष वे अपने पिताजी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। उन्होंने कहा कि आज अपने पिताजी की पुण्यतिथि पर उन्होंने आनंद साई दरबार में श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया। महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

### कोयलांचल में मूसलाधार बारिश जारी

**कुजू।** कुजू कोयलांचल व आस-पास ले क्षेत्रो में बुधवार की सुबह से मूसलाधार बारिश जारी है ।जिससे आम लोगों का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण गली- मोहल्लों के सड़क बड़े नाले जल स्रोतों में तब्दील हो गए। पानी की तेजधार बहती देखी गई। इससे लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली हैं।

# हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में कुव्यवस्था की होगी जांच

## विधायक मनीष जायसवाल की शिकायत पर मंत्री ने लिया संज्ञान

**स्वास्थ्य मंत्री ने अपर मुख्य सचिव को मामले की जांच का दिया निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हाल ही में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन सेवा केंद्र ट्रामा सेंटर में रात्रि के समय अंधेरा कायम रहने की वजह से मोबाइल टॉर्च की रोशनी से मरीजों का इलाज करते हुए चिकित्सक और चिकित्सा कर्मी देखे गए। इस मामले को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बेहद गंभीरता से उठाया और इस पूरे मामले से विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन के माध्यम से संबंधित मामले के दोषियों पर कार्रवाई करने और यहां डीजल की खपत के नाम पर मची लूट पर जांच की मांग की। विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था की शिकायत पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने संज्ञान लिया और महज 24 घंटे के भीतर अपर सचिव को मामले की जांच कर 15 दिनों के अंदर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पत्र में यह भी कहा है कि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल का मंतव्य भी इस जांच प्रतिवेदन में शामिल किया जाय। ज्ञात हो की मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में कई जनरेटर के साथ सोलर पैनल की भी व्यवस्था है बावजूद इसके अंधेरे में मोबाइल टॉर्च की रोशनी में मरीजों का इलाज किया जाता है जो दुर्भाग्यपूर्ण है । विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की प्रतिमाह हजारों लीटर इंधन के खपत के नाम पर लाखों रुपया का यहां बंदरबाट होता है और अंधेरे में मरीजों का इलाज कर उनकी जिंदगी से खिलवाड़ किया जाता है। इससे पहले भी कई बार इस प्रकार के मामले पर शिकायत के बावजूद यहां कोई सुधार नहीं होना अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही और जनविरोधी क्रियाकलाप को बखूबी दशार्ता है। विधायक ने कहा कि किसी भी हाल में यहां इलाज को आने वाले जरूरतमंद मरीजों के जिंदगी से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



**स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को ज्ञापन सौंपते विधायक मनीष जायसवाल।**

# रामगढ़ में युवक की चाकू से गोदकर हत्या

## वारदात में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र में एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक पवन कुमार यादव शहर के विकास नगर मोहल्ले का निवासी था। मृतक के भाई पंकज यादव ने बताया कि रात 9:30 बजे पवन यादव घर में खाना खाने के बाद टहलने के लिए बाहर निकला। उन्होंने बताया कि 10:00 बजे तक जब भाई वापस नही लौटा तो वेलोग परेशान हो गए और मोबाइल पर फोन किया। तब उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। पंकज ने बताया कि इसके बाद हमलोग परेशान हो गए और भाई की खोजबीन में लग गए। उन्होंने बताया कि इसी दौरान रात्रि 10:45 बजे के आसपास एंबुलेंस ड्राइवर ने बताया कि एक युवक सदर अस्पताल में भर्ती है। वहां शीघ्र आ जाइए। पंकज यादव ने बताया की जब वे सदर अस्पताल पहुंचे तब वहां अपने भाई को मृत अवस्था में पाया। पंकज ने बताया कि उनके भाई पवन यादव के शरीर में 25-30 स्थानों पर चाकू से हमले के निशान हैं और गला भी कटा हुआ है। पवन की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पवन की हत्या में मोहम्मद हमास, सोनू यादव और आजाद सूर्या शामिल थे। वे सभी विकास नगर मोहल्ले में ही रहते हैं। पवन पर मोहम्मद हमास ने ही चाकू चलाया था। मोहम्मद हमास को बाजार टांड़ में सोनू यादव के खटाल में ही गिरफ्तार किया गया। वह वहीं पर छुपकर रह रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। अपराधियों से पूछताछ की जा रही है। अपराधियों के साथ उस मोटरसाइकिल जेएच 02 एएन 7631 को भी जब्त किया गया है। इसी से वे लोग पवन को अपने साथ लेकर गए थे। इस हत्याकांड का मुख्य आरोपित मोहम्मद हमास है। पवन की हत्या में आजाद सूर्या और सोनू यादव की संलिप्तता रही है।



**मृत युवक की फाइल फोटो।**

### बरही मुखिया संघ की बैठक में लिये गये कई निर्णय

**बरही।** प्रखंड कार्यालय स्थित बरही मुखिया संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने किया। बैठक में सभी उपस्थित मुखिया ने बताया कि बरही प्रखंड के सभी किसानों को वर्षा नहीं होने के कारण फसल का बीज सही से तैयार नहीं हो पाया है। इस सम्बंध में मुखिया संघ ने झारखंड सरकार से बरही प्रखंड सहित हजारीबाग जिला को सूखाड घोषित करने एवं सभी किसानों को मुआवजा देने का मांग की। इसके अलावा विभिन्न समस्याओं व मांग को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात करने का निर्णय लिया गया। अंबेडकर आवास एवं प्रधानमंत्री आवास में सही लाभुकों का चयन करने की जिम्मेवारी बिना किसी हस्तक्षेप के मुखिया को पूर्ण रूप से देने पर चर्चा किया गया।

प्रत्येक माह बीडीओ की उपस्थिति में मनरेगा संबंधित कर्मियों के साथ मुखिया की बैठक होने पर चर्चा की गई। बैठक में कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, केदारूत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, डपोक मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, रसोईयाधमना मुखिया गोविंद प्रसाद, रानीचुआ पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुड्डू, गैरियाकरमा मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम सहित अन्य उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल, चालक की मौत

**पदमा।** इटखोरी मोड़ के समीप दिन बुधवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार पति- पत्नी एवं बच्चा घायल हो गया तथा विक्टा गाड़ी संख्या जेएच 1 एस 5738 के चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जानकारी के अनुसार विक्टा गाड़ी में सवार कृषि वैज्ञानिक डॉ शमशेर बहादुर सिंह हजारीबाग से बरही की ओर जा रहे थे। वहीं इटखोरी मोड़ से कुछ पहले पुलिया के पास वाहन के आगे चल रहे बाइक सवार जिसमें पति पत्नी एवं बच्चा था, को टक्कर मारते हुए पुलिया के नीचे विक्टा गाड़ी गिर गई। इससे विक्टा चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की खबर सुनते ही पदमा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और घायल पति-पत्नी एवं बच्चा को इलाज के लिए हजारीबाग भेजा जहां पत्नी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा गया।

## डॉ प्रकाश ज्ञानी बने उपाधीक्षक



**बरही।** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में प्रभारी के रूप में पदस्थापित डॉ प्रकाश ज्ञानी की पदोन्नति बरही अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक के पद पर किया गया। इस अवसर पर बरही अनुमंडल अस्पताल कर्मियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी को बुके देकर स्वागत व अभिवादन किया। बताया कि बतौर प्रभारी डॉ प्रकाश ज्ञानी निःस्वार्थ भाव से अपनी सेवा दे रहे हैं। अस्पतालकर्मियों ने बताया कि डॉ प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में अस्पताल में चिकित्सीय सुविधा व मरीजों का इलाज बेहतर तरीकों से किया जा रहा है। स्वागत कर बधाई देने वालो में शकुंतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्षा डॉ संगीता चौधरी, डॉ पवन कुमार, डॉ प्रवीण कुमार, बीपीएम नारायण राम, अनीता कुमारी, सुधांशु शेखर, कादम्बनी दुबे, इंदु सिन्हा, इरशाद आलम, संतोष कुमार, मोजाहिद एहसान सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

### झमाझम बारिश से किसानों में खिले चेहरे

**रजरप्पा।** सूखे की आशंका से डरे किसानों के चेहरे पर मंगलवार-बुधवार से खुशी झलक रही है। मंगलवार सुबह से शुरू हुई हल्की बारिश का सिलसिला बुधवार को तेज हो गया। बारिश से किसानों में खुशी का माहौल है। किसान कैलाश कुमार, गुनी महतो, किशोरी महतो, उत्तम कुशवाहा, संतोष कुमार टिडुआर, हरि कुमार महतो और अन्य ने बताया कि किसी तरह से खाने पीने योग्य धान की फसल हो जाएगी। कुछ किसानों का कहना है कि 10 दिन पहले अगर वर्षा होती तो और चार चांद लग जाती, लेकिन लंबे इंतजार के बाद भी वर्षा होने से हम लोग काफी खुश हैं।

# आजसू का भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल

- लूट खसोट में सरकार है मस्त आम जनता त्रस्त : रोशन चौधरी
- दर्जनों लोगों ने कांग्रेस छोड़ थामा आजसू पार्टी का दामन

**शमशाद अंसारी**



**केरेडारी।** आजसू पार्टी ने हेमंत सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ भय, भूख,व्यापक भ्रष्टाचार,बढ़ते अपराध के खिलाफ बुधवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में आजसू केरेडारी प्रखंड कमेटी के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं आम जनमानस की जन समस्याओं को लेकर हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित कर सरकार और उनके कार्यशैली पर हमला बोला है।

बुधवार को केरेडारी प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में आजसू के कार्यकतोओं द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित कर सरकार के नाम पर विभिन्न तरह के हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ अंचल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

इस कार्यक्रम में आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी तथा हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष वैद्यनाथ महतो तथा जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा ने किया। चौधरी ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार तथा इसमें शामिल सभी सत्ता दल एवं स्थानीय विधायक की उदासीनता के कारण पूरे राज्य भर में व्याप्त भ्रष्टाचार,भय, भूख, लूट मार, और दिनदहाड़े हत्याएं बढ़ गई हैं। यहां की सरकार को कोई मतलब नहीं है। आज निचले स्तर के अधिकारी से लेकर के ऊंचे स्तर के अधिकारी तक आम जनता उनके रवैया एवं भ्रष्टाचार से त्रस्त है, एक भी सरकारी कार्य धरातल पर नहीं उतर रही है। सरकार को और यहां के स्थानीय विधायक के साथ जितने भी विभाग के अधिकारी है उन्हे इस आंदोलन के माध्यम से यह सूचित करना चाहते हैं कि अगर हमारी आवाज को अनदेखा कीजिएगा तो आजसू पार्टी के एक एक कार्यकर्ता कार्यालय में जाकर आम जनता का काम बैठकर कराएंगे। जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि झारखंड गठन के बात सही और उसके पूर्व से ही झामुमो तथा यूपीए की सरकार की फितरत रही है। जब भी झामुमो तथा यूपीए की सरकार इस राज्य में बनी है तब से सिर्फ और सिर्फ लूट का सूट का झारखंड राज्य बन बैठा है। मौके पर पंकज साहा, विजय वर्मा,रविशंकर जायसवाल, मोहन महतो,बिनोद सिंह विधायक, प्रेमचंद महतो, लीलाधन साव,महिला प्रखंड अध्यक्ष राधा देवी, गौतम वर्मा, तुलेश्वर राम,नागेश्वर तूरी,प्रमोद कुशवाहा,पंसस देवनारायण महतो सहित कई उपस्थित थे।

## एक नजर में

### मदनगुंडी टोल प्लाजा में बरही के स्थानीय निजी वाहनों को मिले छूट : केदार यादव



**बरही।** बरही विधानसभा के युवा समाजसेवी पदमा निवासी केदार यादव ने बरही विधानसभा में मदनगुंडी स्थित टोल प्लाजा में स्थानीय लोगों के निजी वाहनों को छूट देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक ही विधानसभा में दो-दो टोल प्लाजा का संचालन किसी भी रूप से न्यायोचित नहीं है। इचाक नगवां में भी टोल प्लाजा संचालित है, अब मदनगुंडी में भी टोल प्लाजा संचालित होगा, इससे सबसे अधिक प्रभावित बरही विधानसभा के लोग होंगे, उनका आर्थिक दोहन होगा। इससे बरही विधानसभा के लोगो को बचाने की जरूरत है। उन्होंने एनएचएआई एवं सरकार से मांग किया कि बरही विधानसभा के लोगो के निजी वाहनों को पूर्ण रूप से छूट दिया जाए अन्यथा जरूरत पड़ी तो हमलोग आंदोलन के लिये बाध्य होंगे। युवा समाजसेवी सिंहरावा निवासी सहजाद खान ने कहा कि क्षेत्रवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई के लिए हम सभी को एक होकर लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। हमारे सिंहरावा पंचायत के समीप रसोईया धमना में एक टोल प्लाजा है, हमे कोडरमा जाने के लिए चंदवारा के रास्ते जाना होता है जो करीब 15 से 18 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, इतना नजदीक में टोल प्लाजा के संचालन से क्षेत्र की जनता का आर्थिक दोहन होगा, जिसका हमलोग पुरजोर विरोध करते है और बरही विधानसभा के लोगो के निजी वाहनों को टोल प्लाजा से छूट मिले अन्यथा आंदोलन को बाध्य होंगे।

### बच्चों को दी गयी स्वास्थ्य की जानकारी

**दारू।** सरस्वती उच्च विद्यालय और राजकीय मध्य विद्यालय आदर्श दारु बालक स्कूल में स्कूली बच्चों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम जिला स्वास्थ समिति हजारीबाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रवि शंकर की अध्यक्षता में जिला काउंसलर तनु मौर्या, बीटीटी सविता देवी, प्लान इंडिया की पूजा कुमारी,प्रखंड की सहिया दीदी की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चे - बच्चियों को यौन एवं प्रजनन, मानसिक स्वास्थ्य, लिंगआधारित हिंसा, असंचारी रोग, पोषण, नशाखोरी, एवं शिक्षा संबंधी परामर्श दिया गया इस अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया इस बारे में तनु मौर्या ने बताया कि एक ग्राम में यह कार्यक्रम तीन माह के अंतराल पर तीन बार आयोजित किया जाना है आगे भी इस स्तर का कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

### चुरचू के बीडीओ को दी गयी विदाई

चरही। चुरचू प्रखंड मुख्यालय के सभागार भवन में चुरचू के निवर्तमान बीडीओ के विदाई सम्मान समारोह प्रखंड और अंचल कर्मियों के द्वारा आयोजन किया गया। बीडीओ इंदर कुमार की तबादला चतरा जिला में डीटीओ के पद किया गया है। जहां पर जिला परिवहन पदाधिकारी के रूप में कार्य भार को संभालेंगे। इस कार्यक्रम में चुरचू सीओ शशि भूषण सिंह को विधिवत बीडीओ पद के लिए अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। सीओ ने कहा कि बीडीओ इंदर कुमार के कार्यकाल में पूरे प्रखंड में काफी विकास कार्य हुए हैं। मौके पर उपस्थित प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,उप प्रमुख संजय सिंह, संझली मुर्मू,राधिका देवी, देवकी महतो सहित आठों पंचायत के मुखिया, उपमुखिया व जनप्रतिनिधियों ने बुके देकर विदाई दिया।

### फाइलेरिया की दवा 10 अगस्त से दी जायेगी

विष्णुगढ़। प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा फाइलेरिया बीमारी से बचाव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में प्रखंड के पीडीएस विक्रेताओं ने हिस्सा लिया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मी ने इस दौरान बताया कि 10 अगस्त से 25 अगस्त तक प्रखंड क्षेत्र के लोगो को फाइलेरिया की बीमारी से बचने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दवा घर घर जा कर दी जाएगी। बैठक में उमेश पांडेय, तपेश्वर रजक,उमेश सिंह, सुभाष कुमार, मुकेश कुमार,अमरदीप बरनवाल, प्रवीण कुमार, छत्रधारी भाई पटेल,गोविंद पटेल,हीरालाल महतो,सुरेश रजवार, नंदकिशोर पांडेय हीरो राम एवं महिला स्वयं सहायता समूह के सभी सदस्यगण सहित प्रखंड क्षेत्र के कई आंगनवाड़ी सेविका उपस्थित थे।

### पुलिस ने साइबर अपराधियों को छोड़ा

**बरकट्ठा ।** पुलिस ने साइबर अपराध के आरोप में मासीपीढ़ी गांव से दो युवक को मंगलवार के देर रात में घर से उठाकर थाना लाया। सुबह होते ही दोनों युवकों को छोड़ दिया गया। मालूम हो हो कि थाना क्षेत्र के आधे दर्जन से अधिक गांव के युवक साइबर ठगी के जाल में फंसे हुए हैं। इस वजह से पुलिस कई बार साइबर अपराध के आरोप में युवकों को रात में पकड़ती है। इसके बाद सुबह होते ही छोड़ देती है। थानेदार दिनेश कुमार ने बताया कि एक युवक को पूछताछ के लिए लाया गया। पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने पूछे जाने पर बताया कि दो युवकों को आईटी एक्ट के एक पुराने मामले में नोटिस तामिला पुलिस कराने गई थी। दो चार लोंगो को रात में घर से पकड़ती है और उसे फिर दो चार घंटे के बाद छोड़ देती है।

### मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना अंतर्गत मंगलवार को कॉलेज मोड़ से एक होंडा साईन मोटरसाईकिल चोरी होने की प्राप्त लिखित आवेदन पर कोर्रा थाना काण्ड संख्या 219/23 दिनांक 01.08.23 धारा 379 भा0द0वि0 दर्ज कर काण्ड के उदभेदन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय, सदर, हजारीबाग के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी कोर्रा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के क्रम में वाहन चेकिंग के दौरान हरनगंज से मोटरसाईकिल सवार दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया, जिसके पास से उक्त कांड में चोरी गई किया। मोटरसाईकिल को बरामद किया गया । तत्पश्चात कड़ाई से पूछताछ करने पर उक्त दोनो व्यक्तियों के द्वारा अपने गिरोह के अन्य सदस्यों का खुलासा उनके पास से चोरी की गई तीन अन्य मोटरसाईकिल एवं छिनतई की तीन मोबाइल को विधिवत बरामद किया गया

### छह डीजे मालिकों पर प्राथमिकी दर्ज

**बरही।** मोहर्रम के अवसर डीजे बजाने मामले में छह डीजे मालिकों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। इस संबंध में बरही थाना काण्ड संख्या 363/23 दिनांक 01/08/2023, धारा 188, 186 भादवि एवं 3 झारखण्ड ध्वनि विस्तारक और वादन नियंत्रण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी बरही का कार्यालय ज्ञापांक 475, दिनांक 27.07.2023 के आलोक में वादी सतीश कुमार बरही अंचल निरीक्षक बरही चौक पर मुहर्रम पर्व के अवसर पर दंडाधिकारी के रूप में विधि व्यवस्था संधारण हेतू प्रतिनियुक्त थे। पर्व के दौरान अनुमंडल क्षेत्र में द०प्र०सं० की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गयी थी। जिसमें किसी भी परिस्थिति में चलंत डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगया गया था।

### कृषि वैज्ञानिक की सड़क दुर्घटना में मौत

बरही: गौरियाकरमा स्थित बिरसा कृषि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक एसबी सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक वैज्ञानिक एसबी सिंह अपने सरकारी वाहन जेएच-01एस-5738 से हजारीबाग से गौरियाकरमा अपने संस्थान जाने के दौरान वाहन पलट जाने से उनकी सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। उनके निधन पर बिरसा कृषि अनुसंधान संस्थान के उपनिदेशक श्रीनिवास गिरी, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, दुलार यादव, रमेश ठाकुर, अब्दुल मनान वारसी, कुमारी मीरा, राजन ओम,गिरधारी लाल यादव, अर्जुन यादव, विकास यादव, कांग्रेस नेता नरेश सिंह, देवनंदन यादव समेत संस्थान के कर्मियों ने शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

# गुरु आज्ञा की महता



स्वामी सत्यानंद सरस्वती

**सभी** आध्यात्मिक आकांक्षाओं को दो बातों का ध्यान रखना चाहिए। सबसे पहले, उन्हें नियमित रूप से कम से कम पंद्रह मिनट के लिए आसन का अभ्यास करना चाहिए। वृद्धों को भी, बिना असफल अभ्यास करना चाहिए। मैं अस्सी साल से अधिक उम्र का हूं, लेकिन मैं हर दिन पंद्रह मिनट आसन का अभ्यास करता हूं। सेकंड, अपने गुरु मंत्र का कम से कम पांच मिनट का जप रोज सुबह शाम एक मुक्के मन से करना न भूलें। मैने पंद्रह मिनट नही कहा है सिर्फ पांच मिनट। जप का अभ्यास जब मन करे तब नही करना चाहिए। मंत्र गुरु से आया है अपने मन से नहीं। किसी भी ज्ञान की प्राप्ति के लिए गुरु आवश्यक है, और योग की प्राप्ति के लिए भी गुरु आवश्यक है। जप अभ्यास से पहले संकल्प लेना चाहिए कि अभ्यास के दौरान आप संसार का नहीं, बल्कि एक बिंदु पर रहेंगे। यह समझना जरूरी है कि मंत्र केवल आवश्यक नहीं, नींव है, मन को एक-एक बिंदु बनाने का आधार है। मन को एक बिंदु बनाने में सक्षम होना मतलब है जीवन की मास्टर कुंजी अपने हाथों में प्राप्त करना। अगर आप अपने जीवन के भाग्य को नियंत्रित करना चाहते हैं, तो एक ही तरीका एकाग्रता की कला सीखना है। चोर हो या बदमाश, साधु हो या ऋषि, जवान हो या बूढ़ा, पवित्र, ब्रह्मचारी हो या अनैतिक, कोई फर्क नहीं पड़ता। जिसका मन शून्य की स्थिति में प्रवेश करता है, वह कुंजी प्राप्त करता है।

### शून्य के तीन राज्य

**शून्य** में प्रवेश करने का अर्थ है एक ऐसी अवस्था जहां सांसारिक जागरूकता नहीं है। शून्य की इस अवस्था को एक बार नहीं, तीन बार प्राप्त करनी पड़ती है। ॐ नमः शिवाय. और कुछ नहीं मन में - प्रथम शून्य का यह अवस्था है।

कबीर कहते हैं कि जिस सर्वोच्च राज्य को तुम पाना चाहते हो वह शून्य तीन राज्य से परे है-शून्या, शून्या, शून्या के पार। उन्होंने कहा, जागृत, स्वप्न, सुसुप्ती जानी, तुरिया तर मिलाया। यह तब हुआ जब मुझे होश आया, सपना और गहरी नींद बताती है कि मैं महाचेतन स्थिति में बदल गया। जागृत, जागृत या जागरूक, शून्य की पहली अवस्था है। जागृत राज्य में शून्य की पहली अवस्था, स्वप्न में दूसरा शून्य की अवस्था, स्वप्न में तीसरा शून्य की अवस्था, सुशुप्ती में गहरी निद्रा की अवस्था। उसके बाद चौथा राज्य तुरिया आ जायेगा।

### अनदेखी हकीकत

**मैं** इसे अलग तरीके से समझाने की कोशिश करूंगा। जागरूक, जागृत अवस्था हो या जागृत अवस्था में कुछ मिनटों के लिए समझ बोध के संबंध को पूरी तरह से कटाना जरूरी है। पांच मिनट काफी है। निशाने पर गोली लग जाये तो एक गोली ही काफी है अगर एक पल के लिए भी आप शून्य की स्थिति में प्रवेश करते हैं, तो चमत्कार होंगे। भीतर के लिए सर्वोच्च आत्मा को शांति देता है। आप देख नहीं सकते क्योंकि आपके पास आंखें नहीं हैं। नेत्र बिना वस्तु नहीं देखीये, बुद्धि बिना विचार नहीं देखिये, सूक्ष्मदर्शी बिना जीवाणु नहीं देखीये। आप परमाणु विकिरण को अपनी आंखों से या माइक्रोस्कोप से भी नहीं देख सकते।

इसका सेंसर ही अलग है। यह एकाग्रता के मार्ग से ही आप अंदर जा सकते हैं। और कोई रास्ता नहीं है। मंदिर, मस्जिद, चर्च, बाइबिल, भगवद गीता या रामायण मार्ग नहीं है। बस एक ही रास्ता हैः बस एक पल के लिए एक बिंदु बनने की कोशिश करें।

**प्रस्तुति : स्वामी मुक्तरथ**

# मौन एक अनंत भाव

**भारत** सदियों से ऋषि-मुनियों का देश रहा है। ये ऋषि-मुनि तप और साधना के लिए हमेशा से प्रकृति की गोद में बने गुफाओं में ही ध्यान लगाया करते रहे हैं। इस मौके पर आइए जानते हैं गुफा में मौन साधना करने के फायदे...

1- जिस प्रकार से थके हुए शरीर के लिए नींद लेना जरूरी होता है उसी तरह दिमाग की शक्ति को बल प्रदान करने के लिए मौन साधना जरूरी होता है। मौन साधना शक्ति के संचय का एक अनूठा तरीका होता है। मौन साधना से व्यक्ति को आध्यात्मिक दृष्टि से काफी फायदा और संपन्न बनाता है।

2- हम रोजमर्रा के जीवन में कई तरह की समस्याओं से जुझते रहते हैं जिसके कारण हम अपनी बोली से निरर्थक प्रयास करते रहते हैं। अनियंत्रित बोली से व्यक्ति को कई संकटों में फंसाती है। ऐसे में मौन ऐसा उपाय है जिससे आंतरिक जगत के साथ बाहरी दुनिया में भी मदद मिलती है। मौन साधना से मन की शक्ति बढ.जाती है।

3- ध्यान, योग और मौन साधना से शरीर की तमाम तरह की बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ जाती है। इसके अलावा व्यक्ति लंबे समय तक ज्यादा सहज, सजग और तनाव रहित बना रहता है। इसके कारण कामकाज में होने वाली गलतियों को संभावना बहुत कम हो जाती है। अगर आपको लंबे समय तक तनाव से दूर रहना है, जीवन जीने में सहजता चाहिए तो मौन साधना बहुत उपयोगी साबित होता है।

4- सांसारिक दृष्टि से भी और आत्मिक दृष्टि से भी मौन एक महत्वपूर्ण साधना है। यह वह साधना है, जो चित्तवृत्तियों को बिखरने से बचाती है। चुप रहने से वाणी के साथ व्यय होने वाली मस्तिष्कीय शक्तियों की क्षति होने से बचत होती है।

5- जिस प्रकार शोरगुल वाले वातावरण में हम पास के शब्द भी नहीं सुन पाते, किन्तु शांत वातावरण में दूर-दूर की ध्वनियां भी आसानी से सुनी जा सकती है, उसी प्रकार अशान्त, उद्विग्न मन आत्मा की आवाज नहीं सुन पाता। दिव्यलोकों से हमारे लिए जो दिव्य आध्यात्मिक संदेश आते हैं, उन्हें सुनने के लिए मौन होने की आवश्यकता पड़ती है।

6- लगातार बोलते रहने से वाणी की प्रभाव क्षमता क्षीण होती है। मौन साधना का महत्व महात्मा गांधी भी अच्छी तरह से जानते थे। वे अपना अधिक समय मौन में बिताते थे। उनके पास समय का बड़ा अभाव रहता था, तो भी वे सप्ताह में एक दिन मौनव्रत के लिए अवश्य निकाल लेते थे। उनका कहना था, कि मौन से मुझे बड़ा विश्राम मिलता है और कार्य करने के लिए नयी ताजगी का अनुभव होता है।

# धर्म की रक्षा के लिए सृष्टि में अवतार

संतोष कुमार पाण्डेय

**अवतार** अर्थात देहधारी ईश्वर की आध्यात्मिक अवधारणा हिंदू धर्मशास्त्रों का एक अभिन्न अंग है। ऐसा माना जाता है कि जब पृथ्वी पर जीवन अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से गुजर रहा होता है तो ईश्वर स्वयं मानव या किसी अन्य रूप में प्रकट होते हैं। वे जगत की सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं इसे बुराई से बचाने के लिए स्वयं को व्यक्त करते हैं।

अवतार को भौतिक रूप धारण किया हुआ ईश्वर कहा गया है। इस प्रकार दिव्य सत्य का अनुमान अथाह वैभव में उसकी कल्पना करने के बजाय, मनुष्यत्व के माध्यम से साक्षात् उसका अनुभव किया जा सकता है। स्वयं में आनंदमय होते हुए भी एक अवतार के रूप में ईश्वर किसी अन्य प्राणी की तरह जीवन की चिंताओं, दुखों और खुशियों का अनुभव करते हैं। ब्रह्मा, विष्णु और शिव की हिंदू त्रिमूर्ति में से केवल विष्णु को ही समय-समय पर अवतार लेने के लिए जाना जाता है।

गीता के भगवान श्रीकृष्ण उनके 9वें अवतार कहे जाते हैं। अवतार की अवधारणा को भगवद्गीता के 4.6 से लेकर 4.8 तक के श्लोकों में विस्तार से बताया गया है। अजन्में, अविनाशी तथा समस्त सृष्टि के स्वामी होते हुए भी ईश्वर अपनी आंतरिक शक्ति (माया) के माध्यम से जीवरूप में व्यक्त होते हैं। जब-जब धर्म की हानि होती है तथा अधर्म में वृद्धि होती है, वे स्वयं अवतार लेते हैं। सदाचारियों की रक्षा के लिए, दुष्टों का संहार करने के लिए एवं धर्म की पुनर्स्थापना करने के लिए वे युग-युग में अवतरित होते हैं।

यद्यपि ईश्वर जन्म-मृत्यु के फेर से परे हैं, फिर भी वे अज्ञान एवं दुष्टता की शक्तियों से लड़ने के लिए इस पृथ्वी पर श्रीकृष्ण के रूप में प्रकट हुए। सत्य और असत्य के संघर्ष में वे सदा सत्य के साथ खड़े रहते हैं। सृष्टि में अवतार का प्रकट होना ईश्वर की ओर से एक आश्वासन है कि धर्म हमेशा प्रबल रहेगा; और असत्य पर सदा सत्य की विजय होगी।



एक अवतार के रूप में श्रीकृष्ण धर्म के धारक हैं। ज्ञान एवं सदाचार की वे मूर्ति हैं। वे दुनिया के सुचारु विकास और एक आदर्श एवं नैतिक व्यवस्था की स्थापना के लिए काम करते हैं। जबकि अन्य प्राणियों के जन्म प्रकृति द्वारा संचालित होते हैं, ईश्वर अपनी स्वतंत्र इच्छा से प्रकट होते हैं। मनुष्य को दैवी स्तर तक उठाने के लिए वे उसके ही स्तर तक उतर आते हैं। मानव जाति के प्रति उनकी करुणा के कारण वे बार-बार जन्म लेते हैं। ईश्वर के मानव रूप में होने के कारण, कोई व्यक्ति उससे अपना मानवीय संबंध मान सकता है। वह किसी का मित्र, दार्शनिक एवं मार्गदर्शक हो सकता है। कठिन समय में मार्गदर्शन और अन्य सहायता के लिए कोई भी उनकी ओर देख सकता है।

अवतार सभी के आध्यात्मिक उत्थान में रुचि रखता है। उसका संदेश संपूर्ण मानव जाति के लिए है। उसके शब्द अधिक महत्व रखते हैं क्योंकि वह अपने अंतर्निहित दैवीय अधिकार के साथ बोलता है। एक साधारण मनुष्य के लिए वह कुछ आदर्श स्थापित करता है और स्वयं अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। अपने उपदेशों तथा अपने स्वयं के उदाहरण द्वारा वे सब को सही मार्ग दिखाता है। जीवन के हर क्षेत्र में वे मनुष्य में उसकी निहित संभावनाओं को प्राप्त करने में सहायता करता है।

# रावण को अंगद ने राम के गुणों को समझाया



सुखी भारती

वीर अंगद कहते हैं कि
**बिष्णु बिमुख श्रुति संत बिरोधी।**

अर्थात उन्हें भी मृत ही मानना चाहिए, जो भगवान विष्णु, वेद एवं संतों का विरोधी हो। रावण तो चलो इन अवगुणों से भरा हुआ ही था।

श्रीरामचरित मानस में वर्णित कोई भी चौपाई, पद अथवा सोरठा, या एक साधारण-सी दिखने वाली पंक्ति भी व्यर्थ भाव में नहीं लिखी गई है। इस महान पवित्र ग्रंथ में निहित संपूर्ण ज्ञान, मानव जाति के उत्थान के लिए ही लिपिबद्ध किया गया है। तभी तो वीर अंगद द्वारा रावण को, दिए जा रहे, चौदह मृत लोगों वाले उपदेस को, रावण के माध्यम से संपूर्ण जगत को दिया जा रहा है। कारण कि रावण का तो उसी समय ही निश्चित था, कि उसे तो संसार से अपयश कमा कर चले जाना है। लेकिन आने वाले भविष्य में असंख्य ही ऐसी पीढ़ियां आने वाली हैं, जो या तो श्रीराम जी के पथ मार्गी होंगे, या फिर, वे रावण के कुमार्ग को अंगीकार करेंगे। अगर वे रावण के पथ को पाने वाले होंगे, तो उन्हें कम से कम यह जानकारी तो होगी, कि अगर हम ऐसे चौदह प्रकार के लोगों को अपने समक्ष पायेंगे, तो महापुरुषों ने तो उन्हें पहले ही मृत की संज्ञा में रखा हुआ है। ऐसे में संभव है, कि जीव संभलने का प्रयास करेगा। क्योंकि कोई भी व्यक्ति स्वयं को कभी भी, जीते जागते मृत कहलाना पसंद नहीं करेगा।

लेकिन आज वर्तमान की परिपाटी में भी देखेंगे, तो हमारे चारों ओर ऐसी विचारधारा वाले असभ्य लोगों से दुनिया भरी पड़ी है। लोग स्वयं को नास्तिक कहलाने में गर्व महसूस करते हैं। अध्यात्म इनकी दृष्टि में व्यर्थ होने के साथ-साथ, निरा कूड़ विषय है। उन्हें लगता है, कि धर्म को मानने वाले लोग अशांति फैलाते हैं। दंगे व हिंसा इन्हीं के कारण है। संतों के प्रति तो उनके शब्दों में अत्याधिक विष भरा होता है। उन्हें लगता है, कि संसार के समस्त सुख वैभव व काम सुख तो आज के आधुनिक संत लोग ही भोगते हैं। वेद की बात करें, तो वे इस महान ग्रंथ से पूर्णतः अपरिचित हैं। उन्हें लगता है, कि वेदों में भला ऐसा क्या है, जो कि हम इसे पढ़ें? पर उन्हें क्या पता है, कि हमारे वेदों में विज्ञान के ऐसे-ऐसे महान सूत्र लिपिबद्ध हैं, कि जर्मनी जैसे देश में तो वेदों को अपनी सरल भाषा में अनुवाद करके, वे बड़ी-बड़ी खोजें कर रहे हैं। और जिन संतों के प्रति वे अपनी कड़वाहट प्रगट कर रहे हैं। वे वास्तव में संत ही कहाँ हैं? वे तो पूर्णतः कपटी व छल से भरे धूर्त हैं। जो रावण की भाँति संत वेष में आकर, भोली भाली माता सीता का अपहरण करते हैं। संत तो महर्षि वाल्मिकी थे, जिनके पास माता सीता रहती भी हैं, और अपने दो प्रतापी पुत्रें को वहाँ जन्म भी देती हैं। बस अंतर यह है, कि त्रेता युग में रावण जैसे कपटियों की संख्या अधिक नहीं थी। जबकि वर्तमान समय में महर्षि वाल्मिकी जैसे संतों की संख्या अधिक नहीं है। जिसे देखो भगवा रंग के कपड़े पहन कर साधु बनने का ढोंग करने लगता है। जबकि शास्त्रों में साधु की परिभाषा बड़ी कठिन कही गई-

**साधु कहाना कठिन है,**
**ज्यों लंबी पेड़ खजूर।**
**चढे.तो चखे प्रेम रस,**
**गिरे तो चकनाचूर।।**

**अंत में वीर अंगद कहते हैं-**
**तनु पोषक निंदक अघ खानी।**
**जीवत सव चौदह प्रानी।।**

आपने संसार में देखा होगा, कि कुछ लोगों को केवल अपने तन के सुखों तक ही मतलब होता है। वे केवल अपने पेट के ही सगे होते हैं। उनके समक्ष कोई कितने भी अभाव में ही क्यों न हो, उनका हृदय रत्ती भर भी द्रवित नहीं होता। हमारे गुरु जनों ने लंगर की प्रथा इसीलिए तो आरम्भ की थी। कारण कि हम सब मिल कर भूखे-प्यासों की सहायता करें।

बारहवें स्थान पर वीर अंगद ने पराई निंदा करने वालों को रखा। उन्होंने कहा कि जो लोग कभी अपने चरित्र का अवलोकन न करके, सदैव दूसरों के चरित्र पर ही लाँछन लगाते रहते हैं। उनकी निंदा करते रहते हैं, उन्हें भी मरा ही समझना चाहिए।

और अंत में कहा कि जो लोग पापों की खान होते हैं। अर्थात किसी भी अवगुण से रहित नहीं होते, वे भी मरे ही होते हैं।

# कोणार्क के सूर्य मंदिर की वास्तुकला



### अद्भुत है श्रीकृष्ण के पुत्र से है इसका संबंध

अनन्या मिश्रा

कोणार्क सूर्य मंदिर का चित्र आपने 10 रुपये के नोट के पीछे जरूर देखा होगा। ओडिशा के पुरी जिले में स्थित कोणार्क सूर्य मंदिर पूरे देश में फेमस है। इस मंदिर की वास्तुकला बेहद शानदार है।

ओडिशा के पुरी जिले में स्थित कोणार्क सूर्य मंदिर पूरे देश में फेमस है। इस मंदिर की वास्तुकला काफी शानदार है। इस मंदिर का अध्यात्म की दृष्टि से भी विशेष महत्व है। पुरी का कोणार्क मंदिर सूर्य देव को समर्पित है। बता दें कि हिंदू धर्म में सूर्य देव को सभी रोगों का नाशक माना गया है।

### यूनेस्को धरोहर है कोणार्क

इस मंदिर की कई खासियत के चलते इसे यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल किया गया है।

इस मंदिर के इतिहास की बात करें तो पुराणों में बताया गया है कि भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब ने एक बार नारद मुनि के साथ गलत व्यवहार किया था। जिसके कारण नारद जी ने क्रोधित होकर भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र को श्राप दे दिया था। नारद मुनि के श्राप के कारण भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र को कुष्ठ रोग हो गया। जिसके बाद साम्ब ने इस रोग से मुक्ति पाने के लिए चंद्रभागा नदी के सागर संगम पर कोणार्क में 12 वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। जिसके कारण सूर्यदेव ने साम्ब से प्रसन्न होकर उन्हें दर्शन दिए। रोगों के नाशक सूर्यदेव ने साम्ब के रोग का भी निवारण कर दिया।

बीमारी से मुक्ति पाने के बाद साम्ब ने भगवान सूर्यदेव का एक मंदिर बनवाने का निर्णय किया। रोग का नाश होने और चंद्रभागा नदी में स्नान करते हुए साम्ब को सूर्यदेव की एक मूर्ति मिली। बताया जाता है कि स्वयं देव शिल्पी श्री विश्वकर्मा ने यह मूर्ति सूर्यदेव के शरीर के ही एक भाग से बनाई थी। लेकिन फिलहाल यह मूर्ति पुरी के जगन्नाथ मंदिर में रख दी गई है।

### रथ का महत्व

बता दें कि सूर्य देव को समर्पित कोणार्क मंदिर समय की गति को दशार्ने का काम करता है। इस मंदिर को भगवान सूर्य देव के रथ के आकार का बनाया गया है। इस रथ में 12 जोड़ी पहिए लगे हुए है। इस रथ को 7 घोड़े खींचते हैं। कहा जाता है कि यह 7 घोड़े 7 दिन के प्रतीक है। वहीं 12 पहिए 12 महीनों के प्रतीक है।

या फिर इन 12 जोड़ी पहियों को दिन के 24 घंटे के रूप में भी देखा जा सकता है। इसके अलावा 4 पहियों को समय बताने वाले धूपघड़ी की तरह इस्तेमाल किया जाता है। कोणार्क मंदिर में 8 ताड़ियां भी बनी हुई हैं, जो दिन के 8 प्रहर को दर्शाता है।

# उत्तराखंड की गोद में बसा है मां पूर्णागिरि का मंदिर प्रसिद्ध शक्तिपीठ

अनन्या मिश्रा

**पूर्णागिरि** शक्तिपीठ उत्तराखंड के टनकपुर शहर में स्थित है। यहां पर माता सती की नाभि गिरी थी। इसे पुण्यगिरी के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू धर्म में सिद्धपीठ या शक्तिपीठ की मान्यता अधिक होती है। शक्तिपीठ के दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। भक्तों के मन की मुराद सीधे भगवान तक पहुंचती है। ऐसा ही एक शक्तिपीठ पूर्णागिरी है। बता दें कि पूर्णागिरि शक्तिपीठ उत्तराखंड के टनकपुर शहर में स्थित है। यहां मां महाकाली की पूजा होती है। मान्यता के अनुसार, जब भगवान श्रीहरि विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से माता सती के पार्थिव शरीर को अलग-अलग भागों में बांटा था। कहा जाता है कि इस स्थान पर मां सती की नाभि गिरी थी। इसी वजह से यह जगह 108 सिद्धपीठ में से एक है। पूर्णागिरि को पुण्यगिरी के नाम से भी जाना जाता है। पूर्णागिरी मंदिर नेपाल सीमा पर बसे चम्पावत जनपथ के दक्षिण भाग में आता है।

### यह चीजें करें कैरी

कई बार जब हम कहीं बाहर जाते हैं तो जल्दबाजी में कुछ जरूरी चीजें भूल जाते हैं। लेकिन आप पूर्णागिरी जाने का प्लान बना रहे हैं। तो इस यात्रा पर जाने से पहले आपको कुछ ऐसी जरूरी चीजें लेनी होती हैं। इस दौरान आप जरूरी सामान जैसे आधार कार्ड, कैश और दवाइयां रख लेनी चाहिए। क्योंकि सिग्नल कम होने पर यूपीआई आदि काम नहीं करता है। इसलिए यात्रा पर जाने से पहले जेब में थोड़ा सा कैश जरूर रख लें।



### कम्फर्टेबल कपड़े और शूज

पूर्णागिरी की यात्रा में आपको 3 किमी की खड़ी चढ़ाई करनी होती है। ऐसे में कम्फर्टेबल कपड़े और साथ में शूज कैरी करने चाहिए। जिससे कि आपको यात्रा के दौरान किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। कम्फर्टेबल कपड़े और शूज में आपको चढ़ाई करने में आसानी होगी। आप चाहें तो लूज कुर्ता भी पहन सकते हैं। इस कुर्ते के साथ आप शूज कैरी कर सकती हैं।

### इस समय जाएं पूर्णागिरी धाम

ऐसे तो आप कभी भी पूर्णागिरि मंदिर कभी भी जा सकते हैं। लेकिन प्रयास करें कि गर्मी और बरसात के मौसम में यह यात्रा न करें। क्योंकि तेज धूप और गर्मी के कारण आपको 3 किमी की चढ़ाई करने में काफी मुश्किल होगी। वहीं बारिश के मौसम में पहाड़ी इलाका होने के कारण यह चढ़ाई काफी खतरनाक हो सकती है। इसलिए बारिश के बाद ही आप यहां पर दर्शन के लिए पहुंचे। इस दौरान पूर्णागिरी में भीड़ भी कम होती है और दर्शन भी काफी अच्छे से हो जाते हैं। पूर्णागिरि की मान्यता है कि यहां पर भक्त सच्चे मन से जो भी मांगता है।

## स्पीड न्यूज

### नाबालिग को भगाने का आरोपी धराया

**गुमला।** थाना क्षेत्र के हुसैन नगर निवासी महताब आलम (24) को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। वह एक नाबालिग को शादी की नियत से भगा ले गया था। जिसके पिता ने गुमला थाना में एफआईआर दर्ज कराया था। जिसके आधार पर गिरफ्तार किया गया।

### विद्या मंदिर में विज्ञान सप्ताह का समापन



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में 6 दिनों से चल रहा विज्ञान सप्ताह संपन्न हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकटरमन के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मौके पर चंद्रशेखर वेंकटरमन की जीवनी, उनके कार्य एवं प्राप्त उपलब्धियों पर प्रश्न-मंच कराया गया। इसे सफल बनाने में विज्ञान आचार्य /आचार्या श्याम सुंदर कुमार, मंजू देवी एवं नीलिमा सिंह के अलावे सभी आचार्य बंधु भगिनी का योगदान रहा। बताते चलें कि मंच का संचालन मंजू देवी ने किया।

### जांच कराने की मांग पर झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश, एसपी से शिकायत

**लोहरदगा।** आजसू के केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता ने एसपी आर रामकुमार को एक ज्ञापन सौंप कुछ लोगों पर उनके खिलाफ साजिश के तहत झूठे मुकदमे में फंसाने को लेकर शिकायत की है। कहा कि किस्को प्रखंड की सभी पंचायतों में मुखिया, पंचायत सचिव, सप्लायर 14वें वित्त की राशि में बड़े पैमाने पर गबन करने की जांच की मांग डीसी-डीडीसी एवं राज्य के उच्च अधिकारियों से 25 जुलाई को की गयी है। जिसकी जांच हो रही है। 1 अगस्त को सभी मुखिया किस्को पंचायत भवन में बैठक कर मेरे विरुद्ध विकास कार्य में बाधा, रंगदारी और एससी एसटी एक्ट में फंसाने और धमकी देने को लेकर साजिश रचे है। इसे लेकर राजू ने शिकायत करते हुए जांच कर सभी मुखिया के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है साथ ही इसका प्रतिलिपि लोहरदगा उपायुक्त को भी सौंपा गया।

### क्लब का पदस्थापना समारोह आज



**गुमला।** लायंस क्लब गुमला की बैठक अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया की अध्यक्षता में लायंस भवन में हुई। जिसमें विश्व शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। निर्णय लिया गया कि 3 अगस्त को क्लब का पदस्थापना समारोह लायंस भवन में धूमधाम से मनाया जायेगा और रांची से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर तथा उनकी टीम का भव्य स्वागत किया जायेगा। 1 से 7 अगस्त तक पूरे डिस्ट्रिक्ट 322 ए के अंतर्गत हरेक क्लब में वृक्षारोपण किया जायेगा। बैठक में अध्यक्ष शंकरलाल जाजोदिया, सचिव अशोक जयसवाल, पीआरओ हेमंत कुमार, पूर्व अध्यक्ष महेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष गुलाबचंद प्रसाद, मुरली मनोहर प्रसाद, पदम साबू, पवन अग्रवाल, संजीव उर्वशी, अशोक आनंद, विशाल कुमार बिट्टू, शिव प्रसाद सोनी भी थे।

### आजसू नेताओं ने गिनायी समस्याएं



**गुमला।** आजसू गुमला जिला कमेटी ने बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी का स्वागत करते हुए उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। उपायुक्त से जिला के बुनियादी समस्याओं के विषय में चर्चा की गयी। उपायुक्त ने जिले के ज्वलंत मुद्दे को सकारात्मक पहल के साथ समाधान का आश्वासन दिया। बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष दिलीप साहु, केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह, जिला महासचिव आनंद गुप्ता, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहु, जिला सह कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, युवा अध्यक्ष उत्तम साहु, अनुप कुमार साहु व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### करंट की चपेट में आने से बच्ची घायल

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के बैरटोली निवासी विजय भूषण सिंह की बेटी मायावती (13) खेत में पटवन के दौरान विद्युत तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजन तत्काल नजदीकी उप स्वास्थ्य लेकर पहुंचे। जहां से उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल गुमला में उपचार के बाद उसे रिम्स भेजा गया। डॉक्टर ने बताया कि किशोरी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### विधायक ने जलसहियाओं के 51 माह के बकाये मानदेय का मामला उठाया

**गुमला।** विधायक भूषण तिर्की ने विधानसभा सत्र के शून्य काल में जलसहियाओं का 51 माह के मासिक बकाये भुगतान का मामला उठाया। बुधवार को गुमला विधायक भूषण तिर्की ने सत्र के दौरान कहा कि गुमला जिला अंतर्गत जलसहियाओं को पूर्व की सरकार से मासिक मानदेय के तौर पर प्रोत्साहन राशि केवल 3 माह का मिला है। जबकि जलसहिया आज भी अपने कार्य में बने हुए हैं। इन जलसहियाओं को पिछले 51 माह का मासिक मानदेय अब तक नहीं मिला है।

### संवेदक संघ ने मांगा बकाया भुगतान



**गुमला।** गुमला जिला संवेदक संघ के सदस्य बुधवार को नव पदस्थापित उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से शिष्टाचार मुलाकात की एवं गुमला जिला के संवेदकों को हो रही समस्याओं को लेकर उनसे चर्चा की। संवेदक संघ ने उपायुक्त से योजनाओं के कार्य पूर्ण हो चुके कार्यों का भुगतान करने की अपील की। संवेदकों ने बताया कि भुगतान नहीं होने से उन्हें मानसिक सहित कई परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। जिसपर उपायुक्त ने कहा कि वे भुगतान की दिशा में जल्द सकारात्मक पहल करेंगे ताकि संवेदकों को उनका बकाया राशि मिल पाये। मौके पर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, सचिव पंकज सिंह, गोपी सिंह, नीरज सिंह, गोपाल शर्मा, आसिफ जफर, कौशल साहु, दुर्गा साहु, आनंद गुप्ता, मंटू सिंह, नरेंद्र प्रसाद भी थे।

# बीएस कॉलेज स्टेडियम में होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम

- स्वतंत्रता दिवस को लेकर लोहरदगा उपायुक्त ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को स्वतंत्रता दिवस-2023 को आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई।

बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई व आवश्यक निर्देश दिये गये। स्वतंत्रता दिवस पर नगरपालिका क्षेत्र में अवस्थित महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से शुरू होगा, जो 8.45 बजे तक चलेगा। इस दौरान उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी शहर के शंख नदी के पास व समाहरणालय परिसर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा, गुदड़ी बाजार अवस्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा, अजय उद्यान स्थित एसपी अजय सिंह की प्रतिमा, उपायुक्त कार्यालय के समीप बाबा साहब भीमराम अंबेडकर की प्रतिमा, पावरगंज चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा, सोमवार बाजार स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा और मैना बगीचा स्थित वीर बुधू भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा।

## बीएस कॉलेज में प्रातः 9.05 बजे होगा ध्वजारोहण



स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम बीएस कॉलेज स्टेडियम में होगा। इसमें मुख्य अतिथि प्रातः 9.05 बजे ध्वजारोहण करेंगे। प्रातः 7.45 बजे उपायुक्त आवास और 10.30 बजे समाहरणालय परिसर में उपायुक्त ध्वजारोहण करेंगे। पुलिस अधीक्षक अपने कार्यालय, परिसर में 10.40 बजे, परियोजना निदेशक आइटीडीए आईटीडीए कार्यालय में पूर्वाह्न 10.50 बजे और पुलिस लाइन में पूर्वाह्न 11.20 बजे पुलिस अधीक्षक ध्वजारोहण करेंगे। लोहरदगा एसडीओ सुबह 11 बजे कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण करेंगे। सभी कार्यालय प्रधान अपने कार्यालय में ध्वजारोहण करेंगे। बैठक में भंडरा प्रखंड के भौंरो में शहीद पांडेय गणपत राय की जन्मस्थली और कुडू प्रखंड के टिको ग्राम में शहीद वीर बुधु भगत के शहादत स्थल पर भी ध्वजारोहण का निर्णय लिया गया।

**भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित :** 15 अगस्त को सुबह 5 से दोपहर 12 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये गये। बीएस कॉलेज स्टेडियम, लोहरदगा में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था किये जाने का निर्देश जिला अग्निशामक पदाधिकारी को दिया गया।

**ये भी रहे उपस्थित :** बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, प्रशासक नगर परिषद देवेंद्र कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ डीएन सिंह, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अनुप हांसदा, उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यगण उपस्थित थे।

## टॉपर्स और खिलाड़ियों को किया जायेगा सम्मानित

स्वतंत्रता दिवस पर इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में जैक, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड से लोहरदगा जिला में तीनों बोर्ड के एक-एक टॉपर मुख्य मंच पर सम्मानित होंगे। 12वीं की परीक्षा में तीनों संकाय से एक-एक टॉपर्स सम्मानित होंगे। साथ ही, वैसे खिलाड़ियों जिन्होंने बीते एक वर्ष में अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मेडल हासिल किया हो। इस वर्ष जून में थाइलैंड के पटाया शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में पदक हासिल करने वाले कराटे खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। वहीं स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत में जिला आरक्षी बल की तीन टुकड़ी, महिला पुलिस बटालियन की 01 टुकड़ी, कस्तूरबा विद्यालय, +2 नदिया हिंदू उवि व जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना की एनसीसी की एक-एक टुकड़ी व स्काउट एवं गाइड की एक टुकड़ी परेड में भाग लेगी। परेड का पूर्वाभ्यास कार्यक्रम 10 अगस्त से बीएस कॉलेज स्टेडियम में प्रारंभ होगा। जिसमें कस्तूरबा और नवोदय विद्यालय जोगना की टीम बैंड की धुन का अभ्यास करायेगी।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के बाद गुमला उपायुक्त बोले

# एनसी चेकअप नजरअंदाज न करें मां-बच्चे के शरीर पर पड़ेगा असर

- एनीमिया को लेकर सभी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में जांच अभियान चलाकर दवा वितरण का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में पदाधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग, अस्पताल प्रबंधन समिति एवं स्वास्थ्य से जुड़े टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा जिले में किये जा रहे कार्यों के संबंध में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने स्वस्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी लेते हुए बिंदुवार समीक्षा की। गर्भवती महिलाओं का एनसी1 एवं एनसी 4 का चेकअप है सबसे महत्वपूर्ण मेटर्नल हेल्थ के संबंध में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के एनसी1 एवं एनसी 4 चेकअप का ऑनलाइन अनमोल ऐप के माध्यम से डाटा अपडेट करने का निर्देश दिया। साथ ही जो महिलाएं आस पास के जिलों में जाकर अपना एनसी 4 का चेकअप करवा रहीं है उसका भी डाटा अन्य जिलों से समन्वय स्थापित कर लेने की बात कही।

### पत्रकारों ने रखी जिले की प्रमुख समस्याएं

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बुधवार को जिले के पत्रकारों से समाहरणालय स्थित सभागार में शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक में उपायुक्त ने जिले के विकास के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी जन समस्याओं का समाधान करना। जिसपर पत्रकारों ने गुमला शहर की सबसे बड़ी समस्या जलापूर्ति बताते हुए कहा कि पीएचइडी व नगर परिषद में कोई तालमेल नहीं है। जिसके कारण आये दिन जलापूर्ति बाधित हो जाती है। वहीं सिंचाई मामले में कतरी जलाशय में सौ करोड़ से बने नहर के मामले से अवगत कराया गया।

# गोली मारकर युवक की हत्या

### जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो /लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र के खरता गांव में गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी गयी है। युवक पिछले पांच साल से अपने ससुराल बरतु साहू के यहां रह रहा था। सत्येंद्र साहू (38) पिता बैजू साहू मूल रूप से लातेहार जिला के चंदवा थाना क्षेत्र के होलहंग मसियातु का रहने वाला था। वह पिछले पांच साल से कैरो थाना क्षेत्र के खरता गांव में अपने ससुराल में रह रहा था। बताया जा रहा है कि सत्येंद्र साहू की खरता सेमरा बगीचा में किसी अज्ञात अपराधी ने एक गोली मारकर हत्या कर दी है। ग्रामीणों ने शव को बुधवार की सुबह देखा। जिसके बाद मामले की सूचना कैरो थाना पुलिस को दी गयी।



ग्रामीणों से हत्या के बारे में जानकारी लेते पुलिस अधिकारी।

### सूकरी से विवाह तो हत्या का कारण नहीं !

कैरो थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को देखने से प्रतीत होता है कि किसी दूसरे स्थान पर हत्या कर शव को सेमरा बगीचा में रख दिया गया है। पुलिस हरेक बिंदु पर जांच कर रही है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पायेगा कि हत्या के पीछे की वजह क्या है। स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। हत्या की घटना को लेकर लोग हैरान हैं। वहीं परिजनों का आरोप है कि सत्येंद्र ने नरकोपी के मन्द्रों में सूकरी कुमारी के साथ भी प्रेम विवाह किया है। जिसके द्वारा बार-बार जान से मारने की धमकी दी जाती है। हत्या के कारणों का अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना स्थल पर एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, इंसेक्टर मंटू कुमार, थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव, एसआई ऋषिकांत, संतोष कुमार द्वारा जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## राशन को लेकर लाभुकों ने दिया धरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड परिसर में दो अलग-अलग पंचायत के लाभुकों ने राशन की शिकायत को लेकर प्रखंड परिसर में धरना दिया। जिसमें गम्हरिया पंचायत अंतर्गत डीलर सविता देवी द्वारा जून व जुलाई माह का राशन नहीं दिए जाने को लेकर चना, गर्दा, केरवा मनोहर, बारपानी के सैकड़ो लाभुकों ने धरना दिया। लाभुकों ने कहा कि नजदीकी डीलर के बर्खास्त हो जाने के बाद गम्हरिया गांव के डीलर सविता देवी के पास से राशन मिलने लगा। लेकिन डीलर सविता देवी के द्वारा अंगूठा लगावाकर कंचा पर्ची देते हुए कहा गया कि नेटवर्क नहीं होने के वजह से सभी का अंगूठा लगवा लिया जा रहा है। राशन आने के बाद पर्ची के आधार पर राशन दिया जाएगा। किंतु जून और जुलाई माह का राशन नहीं दिया गया। जिसको लेकर बीते 19 जुलाई को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ सह एमओ ललित कुमार सिंह को आवेदन दिया था। जिसके बाद राशन वितरण कराने को लेकर आश्वासन दिया गया था। किंतु काफी दिन बीत जाने के बाद भी राशन वितरण नहीं हो सका। इस संबंध में बीडीओ ललित प्रसाद सिंह ने कहा कि उक्त डीलर सविता देवी का चार सदस्यीय टीम बनाकर जांच कराई जा रही। जल्द ही लाभुको को राशन उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं दूसरे मामले में जोगिराल कला के लाभुकों ने स्थानीय डीलर से ही राशन उठाने की मांग को लेकर धरना दिया।

## कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विधानसभा में उठाया ढिबरा का मुद्दा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड लघु समनुदान खनिज (संशोधन) नियमावली-2021 के जरिये ढिबरा व्यापार को पुनर्जीवित करने के सरकार के फैसले के बाबजूद जमीनी स्तर पर सिस्टम निष्क्रिय है। ढिबरा व्यापार से जुड़े मजदूर और व्यापारी दोनों ही चिंतित है। बीते दिनों ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ और कांग्रेस पार्टी ने ढिबरा व्यापार को वैध तरीके से शुरू कराने को लेकर आंदोलन भी किया था। इधर झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में ढिबरा का मुद्दा उठा। वहीं कांग्रेस के मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विधानसभा में तारांकित प्रश्न के जरिये ढिबरा पर सरकार का रुख और विभागीय स्तर पर चल रही कार्रवाई से संबंधित जानकारी मांगी थी।

इस मामले में खान एवं भूतत्व मंत्री ने जानकारी दी है कि जेएसएमडीसी के द्वारा ढिबरा डंप को चिन्हित कर मानचित्रण, भंडारण मात्रा एवं गुणवत्ता का आंकलन कार्य हेतू भूतत्व निदेशालय खान एवं भूतत्व विभाग को अनुरोध किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आंकलन प्रक्रिया पूर्ण होते ही ढिबरा का कारोबार वैध तरीके से जेएसएमडीसी के जरिये को-ऑपरेटिव के सहयोग से शुरू हो सकेगा।

### जन कल्याण ट्रस्ट ने किया डीसी से मुलाकात



**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष अजीत कुमार दूबे के नेतृत्व में उपायुक्त शशि रंजन से मुलाकात कर स्वागत किया। मौके पर उपसचिव सह प्रवक्ता अजय तिवारी, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, ट्रस्ट के वरीय सदस्य अखिलेश पाठक समेत कई लोग मौजूद थे। अध्यक्ष ने कहा कि डीसी से जिलेवासियों को काफी उम्मीद है। डीसी ने ट्रस्ट के कार्यों से प्रभावित होकर कहा कि ट्रस्ट सामाजिक कार्यों को करें उन्हें हर संभव मदद किया जायेगा।

### कांग्रेसी नेताओं ने किया डीसी का स्वागत



**मेदिनीनगर।** कांग्रेसी नेताओं ने नव पदस्थापित उपायुक्त शशि रंजन से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर बुके देकर उनका स्वागत किया। शिष्टाचार भेंट करनेवालों में जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी, वरिष्ठ नेता दीनानाथ तिवारी प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी एवं सत्यानन्द दुबे शामिल थे। कांग्रेसी नेताओं ने पलामू में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अंचल में भूमि संबंधी बिंदुओं पर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया। उपायुक्त ने एक महीने में प्रशासन में बदलाव का आश्वासन दिया।

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने उपायुक्त से मुलाकात की



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का प्रतिनिधि मंडल नए उपायुक्त शशि रंजन से उनके कार्यालय में औपचारिक मुलाकात कर उन्हे पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पलामू के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र, महासचिव दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष दयाशंकर शर्मा, सचिव समता प्रसाद शर्मा, सचिव अशोक कुमार मेहता शामिल थे।

### डीलर का नाम बदले जाने के विरोध में काचन की महिलाएं पहुंची उपायुक्त दरबार



**मेदिनीनगर।** गरीबों को खाद्यान्न सामग्री सुलभ रूप में गांव में ही उपलब्ध हो इसके लिए प्रत्येक गांव में सरकारी जन वितरण प्रणाली की दुकान खोली गई है। इस दुकान के माध्यम से राशन कार्डधारियों को सरकार द्वारा निर्धारित सस्ते मूल्य पर लोगों को खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराया जाता है लेकिन इन सारी योजनाओं पर पलामू जिला प्रशासन द्वारा पानी फेरा जा रहा है। इसका ताजा उदाहरण रामगढ़ प्रखंड के ग्राम काचन का है। काचन गांव में लगभग 459 राशन कार्डधारी हैं, जिसमें ज्यादातर आदिवासी, खरवार, परहिया समेत विभिन्न जाति व समुदाय के कार्डधारी हैं। इन सबों का राशन काचन गांव में ही सानिया देवी दुकानदार के माध्यम से दिया जाता था। लेकिन जुलाई व अगस्त माह में इन सभी कार्डधारियों के दुकानदार का नाम बदलकर रामगढ़ प्रखंड के ही ग्राम उलडंडा निवासी नागेंद्र साव दुकानदार के पास कर दिया गया है। इस कारण काचन के कार्डधारियों के अगस्त माह का आवंटन सानिया देवी के पास न देकर चार किमी दूर उलडंडा गांव के नागेंद्र साव के पास भेज दिया गया है।

# बिजली की बदहाली से जिले के किसान हो रहे हैं परेशान : कर्नल संजय कुमार सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** मानसून की विफलता, सूखा, कीमतों में वृद्धि, ऋण का अत्यधिक बोझ आदि परिस्थितियाँ, किसानों के दर्द को बढ़ा देती है। देश के अन्नदाता कहे जाने वाले किसान बर्षो से अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। लेकिन इनके दर्द को समझने में सरकारें नकाम रहीं हैं। हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के किसान आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। किसान सिचाईं, बीज, खाद के लिए तो चिंतित हैं। वर्तमान समय में किसानों के सिंचाई के लिए बिजली विभाग का रवैया भी परेशानी का सबब बन गया है। उक्त बातें किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय सिंह ने कही। उन्होंने किसान ब्रिगेड की समीक्षा में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के स्वयंसेवक किसानों ने अवगत कराया कि फसल की सिंचाई के लिए एकमात्र साधन के रूप में बिजली पर निर्भर किसानों का बिजली विभाग का असहयोगात्मक रवैये से किसान त्रस्त हैं। स्वयंसेवक किसानों ने कहा कि बारिश नहीं होने के कारण ऊपरी इलाकों के किसानों का एकमात्र सहारा बिजली है। वह बिजली विभाग के भरोसे कुछ फसल लगाए हैं जिन से कम से कम पशुओं का चारा का प्रबंध हो सके। लेकिन लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण किसानों की फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। जिसे लेकर किसानों में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्र में दर्जनों गांव ऐसे हैं जहां कि ट्रांसफार्मर जली हुई है बांस के खंभे के सहारे उपभोक्ता अपने घरों तक बिजली ले जाने को मजबूर हैं। किसान ब्रिगेड ने बिजली विभाग से इन सभी समस्याओं को दूर करने समेत निर्वाध रूप से 24 घन्टें बिजली सेवा बहाल करने की माँग की है। कर्नल संजय सिंह ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं से बिजली विभाग के प्रबंधक को अवगत कराते हुए शीघ्र बिजली आपूर्ति ठीक करने को लेकर ज्ञापन देंगें।

# साइबर सेल से ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों का होगा निष्पादन: एसपी

- एसपी कार्यालय में हुआ साइबर सेल और मीडिया सेल का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय गुमला में बुधवार को एसपी डॉ ऐहतेशाम वकारिव, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्त देवी व अंजुमन के सदर मो मौशाहिद आलम पम्मु ने साइबर सेल व मीडिया सेल का संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। पूर्व में साइबर सेल व मीडिया सेल का अस्थाई संचालन तकनीकी शाखा में किया जा रहा था।



उद्घाटन करते एसपी, जिप उपाध्यक्ष व अन्य।

मौके पर एपसी ने कहा कि साइबर सेल से आम नागरिकों के साथ हो रही ऑनलाईन धोखाधड़ी के मामलों का निष्पादन किया जायेगा। जिसके लिए लोग साइबर सेल या थानों में आवेदन दे सकते हैं। आवेदन प्राप्त होने के बाद पुलिस उसपर तत्काल कार्रवाई करेगी। वहीं मीडिया सेल के माध्यम से सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जायेगी। जिसमें लोगों के चैट से लेकर हर चीज की पुलिस जांच करेगी। एसपी ने कहा कि साइबर सुरक्षा को लेकर जिले में अच्छी पहल की गई है। इसके माध्यम से जिले में साइबर अपराध की घटनाओं की रोक थाम होगी। वहीं आम लोगों के जीवन में विश्वास व सुरक्षा बढेंगी। इस अवसर पर चेंबर के दामोदर कसेरा, अभिजीत जायसवाल, बबलू वर्मा, हिमांशु केसरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# प्रोन्नति की लंबित मांग पूरी करने की लड़ाई लड़ रहे हैं कर्मचारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** झारखंड राज्य चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ झारखंड के आह्वान पर 6 सूत्री मांगों को लेकर आहूत राज्य स्तरीय विधान सभा मार्च कार्यक्रम में चंदवा से लगभग एक दर्जन की संख्या में सरकारी चतुर्थवर्गीय कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने बताया कि वरीयता एवं योग्यता के आधार पर वर्ग 4 के कर्मचारियों का वर्ग 3 में प्रोन्नति लंबित है, अविभाजित बिहार में आजादी काल से वर्ग 3 के पदों पर वर्ग 4 के कर्मियों को 25 प्रतिशत पदों पर वरीयता एवं योग्यता के आधार पर प्रोन्नति की व्यवस्था थी, लेकिन झारखंड में एक भी पद पर प्रोन्नति नहीं दी गई है। जबकि बिहार में अभी भी यह नियम लागू है। जिसको लेकर हम सभीकर्मियों के द्वारा लंबे समय से लड़ाई लड़ी जा रही है। आगे बताया कि 6 सूत्री मांगों में चतुर्थवर्गीय कर्मियों को वरीयता एवं योग्यता के आधार पर तृतीय वर्ग के पद पर एकमुश्त प्रोन्नति करने, 10 वर्ष की सेवा के उपरांत चतुर्थवर्गीय कर्मियों को ग्रेड पे 2400 रुपये दिए जाने, सरकार की नीति के अनुसार 10 वर्ष की सेवा पर सेवा नियमति करने व विलम्भ होने की हालत में उक्त पद पर कार्यरत कर्मी को सेवा नियमन तक पूर्ण वेतन भत्ता स्वीकृत करने समेत अन्य मांगे शामिल है।



# युवाओं को मौके दे रहे हैं, रोहित-विराट को आराम पर बोले हार्दिक

एजेंसी




**तारोबा।** स्टार हरफनमौला हार्दिक पांड्या ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे और तीसरे वनडे में आराम इसलिए दिया गया ताकि विश्व कप से पहले युवा खिलाड़ियों को मौके मिल सकें। भारत ने तीन मैचो की श्रृंखला 2.1 से जीती। हार्दिक ने तीसरा वनडे 200 रन से जीतने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, विराट और रोहित टीम का अभिन्न अंग हैं। वैसे रूतुराज और अक्षर को भी मौका देना जरूरी था क्योंकि वे इतने साल से खेल रहे हैं। उन्हें पता हैं कि इस तरह की परिस्थितियों में कैसे खेलना है।' उन्होंने कहा, इसका मकसद युवाओं को मौका देना था ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अगर हमें किसी को परखना है तो उसका मौका दिया जाए।' पहले दो मैच में नाकाम रहने के बाद हार्दिक ने तीसरे मैच में 52 गेंद में नाबाद 70 रन बनाए और उन्होंने इसके लिए कोहली को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मैने विराट से दो दिन पहले काफी उपयोगी चर्चा की। उसने मुझे सलाह दी। वह मुझे इतने साल से खेलते देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रीज पर कुछ समय बिताओ और 50 ओवरों का मैच खेलने की आदत डालो। उसने महत्वपूर्ण सलाह दी जो मेरे दिमाग में रही।' हार्दिक ने कहा, मैं मौके के इंतजार में ही था और एक बार लय हासिल करने के बाद मैने अच्छी पारी खेली।' दूसरा वनडे हारने के बाद भारत पर वेस्टइंडीज में 17 साल बाद श्रृंखला हारने का खतरा मंडराने लगा था लेकिन हरफनमौला खेल से भारत ने तीसरा वनडे जीता। हार्दिक ने कहा, एक कप्तान के तौर पर मुझे ऐसे मैचों का इंतजार रहता है। हमें पता है कि नाकाम रहने पर निराशा होगी लेकिन जिस तरह से टीम ने वापसी की, वह काबिले तारीफ थी। दबाव के बिना आप हीरो नहीं बन सकते।'

## मैं उस मानसिकता के साथ नहीं खेल सकता : शार्दुल

एजेंसी




**तरौबा (त्रिनिदाद)।** वेस्टइंडीज में अपने प्रदर्शन से शार्दुल ठाकुर ने भारत की विश्व कप टीम में चयन के लिए मजबूत दावा पेश किया है, हालांकि सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर 'योगदान' देना जारी रखना चाहता है। शार्दुल वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में सबसे सफल गेंदबाज बने, उन्होंने मंगलवार को यहां निर्णायक मैच में 4/37 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े के साथ तीन मैचों में 8 विकेट लिए। वनडे विश्व कप 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में आयोजित किया जाएगा और टीम प्रबंधन खिलाड़ियों को अपनी जगह पक्की करने का मौका देना चाहता है। शार्दुल ने तीसरे वनडे के बाद कहा, 'मैं इस श्रृंखला में आठ विकेट लेकर खुश हूं। एक क्रिकेटर के रूप में हम वर्षों से इस अवसर का इंतजार करते हैं, कभी-कभी आप प्रदर्शन करते हैं, कभी-कभी नहीं। 'मैं जो भी सीरीज खेलता हूं उससे मेरा आत्मविश्वास हमेशा बढ़ता है क्योंकि मैं केवल अपने करियर में अनुभव जोड़ रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा कि मुझे अपनी जगह पक्की करने के लिए खेलना होगा क्योंकि मैं उस मानसिकता के साथ नहीं खेल सकता और मैं उस तरह का खिलाड़ी नहीं हूं। उन्होंने कहा, 'अगर मुझे विश्व कप टीम में नहीं चुना गया तो यह उनका फैसला है, मैं इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कर सकता। मैं हमेशा टीम के लिए प्रदर्शन करने और मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की कोशिश करता हूं।' निचले क्रम में बल्लेबाजी करने वाले दाएं हाथ के तेज गेंदबाज शार्दुल को लगता है कि उन्हें एक भूमिका निभानी है और यही कारण है कि वह पिछले दो वर्षों से वनडे टीम में नियमित हैं। शार्दुल ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैंने एक भी वनडे सीरीज नहीं खेली, मेरा मतलब है कि मैं घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं था। मुझे नहीं पता कि मुझे तब क्यों नहीं चुना गया, लेकिन मैं पिछले 2 वर्षों में अन्य सभी एकदिवसीय श्रृंखलाएं खेली और इसका हिस्सा रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि टीम को मुझसे कुछ उम्मीदें हैं इसलिए मुझे टीम में रखा गया है।

## एशियाई चैंपियंस की परीक्षा के लिए तैयार भारत

**चेन्नई।** एशियाई खेलों की तैयारी के लिए टूनार्मेंट से करीब एक महीना पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम गुरुवार से शुरू होने वाली हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना लोहा आजमाएगी। मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर होने वाले छह टीमों के टूनार्मेंट में भारत अपने अभियान की शुरूआत चीन के विरुद्ध करेगा।

## वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के लिए पंजीयन कल से, अनुराग ठाकुर बने पहले प्रतिभागी



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में 15 अक्टूबर 2023 को होने वाले वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के लिए कल से पंजीयन शुरू होगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर इसके लिए पंजीयन करने वाले पहले व्यक्ति है और पहले प्रतिभागी भी बन गये हैं। पंजीयन की बुधवार को घोषणा किये जाने के मौके पर श्री ठाकुर पंजीयन कर इसके पहले प्रतिभागी बने। दिल्ली हाफ मैराथन का यह 18वां संस्करण है। डिस्टेंस रनिंग इवेंट्स का आयोजन करने वाली कंपनी प्रोकैम इंटरनेशनल ने 15 अक्टूबर 2023 को आयोजित होने वाली विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस के लिए आज पंजीयन शुरू करने की घोषणा की। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन की फिजिकल और वर्चुअल रेस के लिए पंजीयन कल सुबह सात बजे से शुरू होगा। श्री ठाकुर ने कहा वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के लिए पंजीयन कराकर मुझे खुशी हो रही है और मैं इस इवेंट में हजारों लोगों को भाग लेते देखने का इंतजार कर रहा हूं। मैं सभी को इस इवेंट के लिए पंजीयन करने और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करूंगा। 18 साल तक किसी इवेंट का आयोजन करना शतक लगाने के बराबर है। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन की लंबी उम्र भारत और दुनिया के लोगों के बीच इस आयोजन की लोकप्रियता को दशार्ती है। दुनिया के सबसे तेज हाफ मैराथन में से एक माने जाने वाले 268,000 डॉलर की पुरस्कार राशि वाले वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ एथलीट राजधानी के दिल में भारत के इलीट और एमेच्योर धावकों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस मौके पर हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड की अध्यक्ष एवं वेदांता लिमिटेड की गैर कार्यकारी निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कहा, जैसा कि हम वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के एक और संस्करण की शुरूआत कर रहे हैं, हम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रतिष्ठित मैराथन एक साझा उद्देश्य के लिए कम्यूनिटीज के एक साथ आने की भावना का प्रमाण है।

## Ashes 2023 : इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को लगा दोहरा झटका, जुर्माने के साथ कटे WTC अंक




एजेंसी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने बुधवार को कहा कि उसने हाल में संपन्न एशेज श्रृंखला के दौरान धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दोनों के अंक काटे हैं और दोनों पर मैच फीस का जुमार्ना लगाया गया है। आइसीसी ने अपनी वेबसाइट पर जारी विज्ञप्ति में कहा कि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया पर निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने के लिए एक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक का जुमार्ना और मैच फीस काटी गई है। पांच टेस्ट की एशेज श्रृंखला 2-2 से बराबर रही। आईसीसी ने कहा, संशोधित नियमों के तहत उन पर निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुमार्ना और एक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक काटा गया है।' डब्ल्यूटीसी चक्र 2023-25 में प्रत्येक टेस्ट जीतने पर 12 अंक और ड्रॉ होने पर चार अंक दिए जाते हैं। चौथे टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए ऑस्ट्रेलिया के 10 अंक काटे गए। मेजबान इंग्लैंड को हालांकि एशेज श्रृंखला में ज्यादा नुकसान हुआ और पांच में से चार टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए उसके 19 अंक काटे गए। आइसीसी ने कहा, इंग्लैंड ने एजबस्टन में पहले टेस्ट में निर्धारित समय में दो ओवर कम फेंके, लाड्र्स में दूसरे टेस्ट में नौ, ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट में तीन और द ओवल में पांचवें और अंतिम टेस्ट में पांच ओवर कम फेंके।' इस तरह इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में दो, दूसरे टेस्ट में नौ, चौथे टेस्ट में तीन ओर पांचवें टेस्ट में पांच अंक से कुल 19 अंक गंवाये। ओवर गति से जुड़ी नई सजा की घोषणा पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका में आइसीसी के वार्षिक सम्मेलन के दौरान की गई थी और इसे तुरंत प्रभाव से लागू किया गया। अंक काटने के अलावा इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया पर जुमार्ना भी लगाया गया। आइसीसी ने कहा, ऑस्ट्रेलिया पर मैनचेस्टर टेस्ट (चौथे टेस्ट) में 10 ओवर कम फेंकने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है (प्रत्येक कम ओवर के लिए पांच प्रतिशत और अधिकतम 50 प्रतिशत)।' आईसीसी ने कहा, इंग्लैंड पर धीमी ओवर गति के कारण पहले टेस्ट के लिए 10 प्रतिशत, दूसरे टेस्ट के लिए 45 प्रतिशत, चौथे टेस्ट के लिए 15 प्रतिशत और पांचवें टेस्ट के लिए 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है।' श्रीलंका को उसकी सरजमीं पर 2-0 से हराकर पाकिस्तान 24 अंक के साथ शीर्ष पर चल रहा है। भारत 16 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। पिछला डब्ल्यूटीसी चैंपियन ऑस्ट्रेलिया तीसरे जबकि इंग्लैंड चौथे स्थान पर है।

## सिंधू, श्रीकांत और प्रणय ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में, मंजूनाथ ने किया उलटफेर



**सिडनी।** स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत सीधे गेम में जीत के साथ बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे जबकि मिथुन मंजूनाथ ने चौथे वरीय और दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी सिंगापुर के कीन यीउ लोह को हराकर उलटफेर किया। दुनिया के 50वें नंबर के खिलाड़ी मंजूनाथ ने पुरुष एकल के पहले दौर के 41 मिनट चले मुकाबले में लोह को 21-19 21-19 से हराया। मंजूनाथ इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूनार्मेंट के अगले दौर में मलेशिया के दो खिलाड़ियों ली जी जिया और लियोंग जुन हाओ के बीच होने वो मैच के विजेता से भिड़ेंगे। इस बीच लक्ष्य सेन चोट के कारण हमवतन किरण जॉर्ज के खिलाफ पुरुष एकल मैच के बीच से हट गए। लक्ष्य ने जब मैच से हटने का फैसला किया तब वह पहले गेम में 0-5 से पीछे थे। मौजूदा सत्र में टूर पर सात प्रतियोगिताओं के पहले दौर में शिकस्त झेलने वाली पांचवी वरीय सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर में हमवतन अष्मिता चालिहा को 36 मिनट में 21-18 21-13 से हराया। पुरुष एकल के पहले दौर के अन्य मुकाबलों में दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने जापान के केंता निशिमोतो को 21-18 21-7 से हराया जबकि एचएच प्रणय कड़े मुकाबले में हांगकांग के च्युक यीयु ली 21-18 16-21 21-15 से शिकस्त दी। उभरते हुए खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने भी ऑस्ट्रेलिया के नाथन टैंग को 21-12 21-16 से हराया। महिला एकल में आकर्षी कश्यप ने मलेशिया की जिन वेई गोह को 21-15 21-17 से हराया लेकिन मालविका बंसोड़ को चीनी ताइपे की यू पो पेई के खिलाफ 20-22 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। दूसरे दौर के बार टूनार्मेंट के महिला एकल में सिर्फ एक भारतीय खिलाड़ी बचेगी क्योंकि अगले दौर में सिंधू और आकर्षी आमने सामने होंगी। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी को पहले दौर में दुनिया की पांचवें नंबर की सियुंग जेई सियो और यू जुंग चेई की कोरिया की जोड़ी के खिलाफ 14-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## द.अफ्रीका पहली बार विश्व कप के सुपर 16 में

**वेलिंगटन।** दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को रोमांचक ग्रुप जी मैच में इटली को 3-2 से हराकर पहली बार फीफा महिला विश्व कप के सुपर-16 के लिए क्वालीफाई किया। यह टूनार्मेंट के इतिहास में दक्षिण अफ्रीका की पहली जीत भी थी। वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर अपनी टीम को यह ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए हिल्दाह मगैया (67वां मिनट) और थंबी गाटलाना (90+2) ने एक एक गोल किया। इटली की बेंडेटा ऑर्सी ने एक आत्मघाती गोल दागकर दक्षिण अफ्रीका की जीत में योगदान दिया। इटली के दोनों गोल एरियाना कारुसो (11वां, 74वां मिनट) ने किए।

## शोएब मलिक ने बदला इंस्टाग्राम बायो, क्या सानिया से तलाक की बातें हो गयी कंफर्म !

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेट कप्तान शोएब मलिक के इंस्टाग्राम बायो में बदलाव से एक बार फिर भारतीय टेनिस आइकन सानिया मिर्जा के साथ उनके रिश्ते को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। पिछले साल से शोएब मलिक और सानिया मिर्जा के बीच तलाक के बारे में अफवाहें फैल रही थीं क्योंकि इस जोड़े ने काफी समय से सोशल मीडिया पर एक साथ अपनी कोई भी तस्वीर या वीडियो साझा नहीं की है। इसके बाद फैंस में उनके रिश्ते की स्थिति के बारे में चिंताएं बढ़ गई थीं। इससे पहले मलिक के बायो में गर्व से लिखा था- एक सुपरवुमन @mirzasaniar के पति। इससे उनके मजबूत बंधन का आभास होता था। लेकिन अब उन्होंने अपने बायो में इसे हटा दिया है। उन्होंने बायो में सिर्फ बेटे के बारे में लिखा है। मलिक के इस कदम के बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि सानिया और शोएब के बीच अब रिश्ता नहीं बचा है।

## वैशाली में 600 कार्टन विदेशी शराब बरामद

**हाजीपुर।** बिहार में वैशाली जिले के तिसियौता थाना क्षेत्र से पुलिस ने 600 कार्टन विदेशी शराब बरामद की। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि सूचना के आधार पर मंगलवार की देर रात दभैच गांव स्थित एक ठिकाने पर छापेमारी की गयी। इस दौरान मौके से हरियाणा निर्मित 600 कार्टन विदेशी शराब बरामद की गयी।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

**भागलपुर।** जिले के अकबरनगर नगर थाना क्षेत्र के भवनाथपुर पेट्रोल पंप के समीप बुधवार को ट्रैक्टर और बाइक की बीच टक्कर हो गई। जिसमें बाइक पर सवार 22 वर्षीय शंभू गंज बांका जिला निवासी छात्र नीतीश कुमार चौधरी की मौके पर मौत हो गई। वहीं उसके एक अन्य साथी मामूली रुप से घायल हैं। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। नीतिश कुमार भागलपुर परीक्षा देने जा रहा था तभी रास्ते में वह हादसे का शिकार हो गया। उधर, मौके पर से ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर भागने में सफल रहा। पुलिस ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुट गई है।

## हाइवा ट्रक और ऑटो के बीच टक्कर में तीन की मौत

**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र के मोहम्मद पुर पटेल चौक के पास बुधवार सुबह एक बालू लदा हाइवा ट्रक और यात्री ऑटो के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। घटना में ऑटो सवार तीन यात्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भेजा। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों की ओर से सकरा थाना की पुलिस को दी गई है जिसके बाद आनन-फानन में सकरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुटी। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अब तक शव की पहचान नहीं हो पायी है।

## दलित के शव को चिता से फेंकने पर केंद्र सरकार सख्त, बिहार से मांगा जवाब

**पटना।** दरभंगा जिले के कमतौल में दलितों के साथ हुए दुर्व्यवहार पर केंद्र सरकार गंभीर है। इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बिहार सरकार से जवाब मांगा है। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने बिहार सरकार के मुख्य सचिव अमीर सुबहानी को पत्र लिखा है, जिसमें कहा है कि मामले की पूरी रिपोर्ट उपलब्ध कराए। बता दें कि इस घटना को लेकर मंगलवार को बिहार भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। गृह सचिव अजय भल्ला ने पत्र में कहा है कि कमतौल थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव में अनुसूचित समुदाय के साथ दुर्व्यवहार किया गया। 2 जुलाई की रात श्रीकांत पासवान की कैंसर के कारण मौत हो गई थी। उनके दाह संस्कार के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों ने शव को श्मशान घाट से बाहर निकाल दिया। इसके साथ ही दाह संस्कार में शामिल लोगों के साथ मारपीट भी की गई। वहीं, इस मामले में बिहार की सियासत भी तेज हो गई है। जेडीयू नेता और मंत्री श्रवण कुमार ने बिहार में जातीय हिंसा और मॉब लिंचिंग के लिए बीजेपी को जिम्मेदार बताया है। दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष ने बिहार सरकार पर तुष्टीकरण का आरोप लगाया है। पत्र में यह भी लिखा गया है कि श्मशान घाट की भूमि पासवान समुदाय की है। यहां वे हिंदू रीति-रिवाज से शव का दाह संस्कार कर रहे थे, लेकिन इससे वंचित कर दिया गया था। बेअदबी के बाद हंगामा हुआ और पासवान समुदाय के कुछ घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो उनके वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। गृह सचिव में पत्र में यह भी लिखा है कि घटना के बाद अनुसूचित समुदाय को अल्पसंख्यक समुदाय की ओर से लगातार धमकी दी जा रही है। इससे अनुसूचित समुदाय के लोग पलायन को मजबूर हैं। अंतिम संस्कार संवेदनशील मसला है। गृह सचिव ने बिहार के मुख्य सचिव से अग्राह किया है कि इस मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# कटिहार में ईंट की ढेर से टकराया वाहन 3 की मौत

एजेंसी

**कटिहार।** कटिहार में सड़क हादसे में तीन बुलेट सवार की मौत हो गई है। बुलेट पर सवार होकर तीन युवक बुधवार को कटिहार की ओर जा रहे थे। बुलेट की स्पीड काफी तेज थी। तीनों ने हेलमेट भी नहीं पहना था। धमेर्ली गांव काली स्थान के पास अचानक वाहन बेकाबू हो गया। सड़क के बगल में रखी ईंट की ढेर से टकरा गया। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतना भीषण रहा कि मौके पर ही तीनों ने दम तोड़ दिया। जोर की आवाज होने पर घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर रौतारा थाना की पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दो भाई की मौत

मृतकों की पहचान मिथिलेश ऋषि (24), मुनचुन ऋषि (30) और गजलली (23) के रूप में की गई है। मरने वाले दो सगे भाई और एक बहन के देवर हैं। मिथिलेश ऋषि और मुनचुन ऋषि कोड़ा प्रखंड के डिग्री गांव के रहने वाले थे। दोनों भाई थे। वहीं, तीसरा मृतक गजलली पूर्णिया के बिलोरी का रहने वाला था। वह कुछ दिन पहले ही अपनी बड़ी बहन के ससुराल किसी आयोजन में शामिल होने डिग्री गांव आया था। अपने बहनोई के छोटे भाई के साथ बुलेट पर सवार होकर कटिहार की ओर घूमने आ रहा था, लेकिन हादसे का शिकार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक ही बुलेट में सवार होकर तीन युवक काफी तेज गति से धमेर्ली गांव काली स्थान के पास से कटिहार की तरफ जा रहे थे। तेज गति के कारण बुलेट अचानक अनियंत्रित हो गया। सड़क के बगल में रखी ईंट की ढ़ेर से टकरा गया। प्रत्यक्षदर्शी अब्दुल कलाम ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक बुलेट लेकर सीधे ईंट की ढेर से टकरा गया। उसके सिर में चोट लग गई। अगर उसने हेलमेट पहनी रहती तो चालक की जान बच सकती थी। तीनों को संभलने का मौका भी नहीं मिला। वहीं, जब तक ग्रामीण इकट्ठा होकर कोई मदद कर पाते तीनों की घटनास्थल पर ही छटपटाते हुए जान चली गई। रौतारा थानाध्यक्ष दिलशाद खान ने बताया कि तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## एक महिला सहित दो बच्चों की गला रेतकर हत्या



**कटिहार।** जिले के बेलोन थाना क्षेत्र अंतर्गत शिहपुर गांव में अज्ञात बदमाशों ने मंगलवार देर रात एक महिला सहित दो बच्चों की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतकों में फिरोज आलम की पहली पत्नी सदब जरीन (35वर्ष), पुत्री फाय फिरोज (10वर्ष) और पुत्र फैजान फिरोज (05वर्ष) शामिल है। बारसोई अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रेमनाथ राम ने बुधवार को बताया कि घटनास्थल पर कमरे में मृतक महिला और दो बच्चों का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था। मृतक महिला के शरीर से केरोसिन तेल की गंध आ रही थी। प्रथम द्दष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि पहले महिला को मिट्टी तेल छिड़क कर जलाने का प्रयास किया गया। इसके बाद अपराधियों ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। घटनास्थल से हथियार भी बरामद कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इस मामले में मृतक महिला के पति फिरोज आलम एवं घर के अन्य सदस्यों से पूछताछ की जा रही है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि फिरोज आलम की पहली पत्नी सदब जरीन, पुत्री फाय फिरोज और पुत्र फैजान फिरोज तीनों एक ही कमरे में सोया था। मृतक महिला के सौतन खानम खातुन दुसरे कमरे में सोयी हुई थी। और पति फिरोज आलम गांव में मोहर्रम का खेल देखने गया था। मृतक के पति फिरोज आलम जब देर रात घर लौट कर आया तो तीनों को मृत अवस्था में पाया। इस संदर्भ में बेलोंन के मुखिया मेराज आलम ने दुख जताते हुए कहा मामले की फॉरेंसिक जांच होनी चाहिए।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

**भागलपुर।** जिले के बरारी थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थिति में एक विवाहिता की मौत हो गई है। मृतका की पहचान बरारी रेलवे कॉलोनी निवासी सोनू तांती की 24 वर्षीय पत्नी के रूप में हुई है। इस घटना को लेकर लड़के वालों का कहना है की मृतका और उसके पति सोनू के बीच बीती रात विवाद हुआ था। पति ने उसे एक थप्पड़ मारा था। जिस कारण उसने गले में फंदा डालकर खुदकुशी कर ली है। बांका जिले के महेश मंडल की पुत्री की शादी 2017 में बरारी निवासी दिनेश तांती के पुत्र सोनू से हुई थी। शादी के कुछ वर्षो बाद ही पति पत्नी के बीच अक्सर किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। इस घटना को लेकर लड़के वालों का कहना है की मृतकस और उसके पति सोनू के बीच बीती रात विवाद हुआ था।

## प्रेमी ने गला रेत कर की किन्नर की हत्या

एजेंसी



**गोपालगंज।** गोपालगंज में 26 जुलाई को प्रेमिका किन्नर की प्रेमी ने गला रेतकर हत्या कर दी। तीन सालों से दोनों के बीच प्रेम-संबंध था। बुधवार को पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रेमी ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। प्रेमी ने 26 जुलाई को उसे मिलने बुलाया था। कमरे में ही गला रेतकर हत्या की थी। मृतक की पहचान किन्नर प्रिया के रूप में हुई थी। वह श्रीपुर ओपी क्षेत्र के मिश्र बतरहा गांव की रहने वाली थी। आरोपी प्रेमी का नाम मनु साह है। वह भोरे थाना क्षेत्र के कावे गांव के हरेंद्र साह का बेटा है। मनु साह ने कहा कि वह प्रिया किन्नर से परेशान हो गया था। हम लोग तीन साल से साथ थे। बीच में एक साल वो बाहर चली गयी थी। फिर कुछ समय पहले गांव वापस आई। उसने मुझसे संपर्क किया। मुझे मिलने बुलाया। वो मुझसे पैसे मांगती थी। मैं नहीं दे पाता था इसलिए वह मुझसे दूर हो रही थी। दूसरे उसे 5 हजार देते थे तो वो कहती थी कि तुम भी दो। मैंने इसी चक्कर में उसे मौत के घाट उतार दिया। पूछताछ के क्रम में मनु ने हत्या की बात स्वीकार की है। उसने कहा कि 26 जुलाई को उसने मुझे अपने किराए के मकान में मिलने बुलाया था। कुछ देर बात हुई। फिर इन सब चीजों को लेकर बहस होने लगी। मैंने उसका गला रेत दिया। बता दें कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। साथ ही हत्या में यूज चाकू और बाइक भी बरामद की गई है। एसपी स्वर्ण ने बताया कि 26 जुलाई को करीब तीन बजे मिश्र बतराहा श्रीपुर जाने वाली सड़क पर स्थित जमुनीडीह में संजय सिंह के मकान में रह रही किन्नर प्रिया की गला रेतकर हत्या हुई थी। श्रीपुर ओपी थाना में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के माध्यम से उद्भेदन करते हुए मुख्य अभियुक्त मनु कुमार साह को गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को ही किन्नरों ने थाना परिसर में प्रिया की हत्या को लेकर जमकर बवाल किया था।

## अधीक्षण अभियंता के घर छापेमारी, शराब बरामद

**भागलपुर।** जिले के जोगसर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयलाघाट रोड स्थित खंजरपुर मोहल्ले में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अधीक्षण अभियंता के घर जोगसर पुलिस ने बुधवार को छापेमारी की। इस दौरान अभियंता विजय कुमार के आवास परिसर से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया है। पुलिस ने 3 कार्टन इंपीरियल ब्लू, 2 कार्टन ब्लेंडर प्राइड, 4 कार्टन बीयर, 1 कार्टन हंड्रेड पाइपर्स विदेशी शराब बरामद किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएचईडी विभाग के अभियंता के आवास पर विदेशी शराब की खेप लाई जाती है। जिसके बाद एसआई शक्ति पासवान के नेतृत्व में सीआईडी की विशेष टीम के द्वारा अभियंता के आवासीय पर परिसर पर छापेमारी की गई। जहां गार्ड रूम से भारी मात्रा में विदेशी शराब को बरामद किया गया है। पुलिस ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अभियंता विजय कुमार के गार्ड अमरेंद्र पासवान और उसके सहयोगी छोटू उर्फ संतोष यादव को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं मामले को लेकर अधीक्षण अभियंता का कहना है इस मामले को लेकर उन्हें कोई जानकारी नहीं थी कि उनके आवास परिसर के भीतर इतनी मात्रा में शराब की खेप रखी गई है। उन्होंने यह बताया कि गार्ड अमरेंद्र कुमार पासवान शराब के नशे में रहता था। जिसको लेकर उन्होंने कई बार फटकार भी लगाई थी लेकिन उन्हें इसकी जरा भी जानकारी नहीं थी कि वह शराब तस्करी का धंधा कर रहा है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। गिरफ्तार किए गए सुरक्षा गार्ड से पूछताछ कर उसके अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वही इस पूरे प्रकरण को लेकर अधीक्षण अभियंता विजय कुमार ने बताया कि उन्हें इस विषय में कोई जानकारी नहीं है गार्ड रूम में शराब बरामद हुआ है।

स्पीड न्यूज

## सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल का जाना सरकार की नाकामी: रागिनी

**धनबाद।** जिले के मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में लगे करोड़ों की मशीनें बाहर भेजे जाने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि इससे बड़ा दुर्भाग्य की बात क्या हो सकती है। केंद्र सरकार ने धनबाद के विकास व जनता के स्वास्थ लाभ के लिए सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल का निर्माण कार्य की योजना को धरातल पर उतारा, लेकिन राज्य की हेमंत सरकार की नाकामी का ही नतीजा है कि वहा अभी तक स्वास्थ्य व्यवस्था को शुरू नही किया जा सका। करोड़ों की लागत से बना जिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल को धनबाद की जनता को समर्पित करना चाहिए। उसे राज्य की हेमंत सरकार उजाड़ने पर तुली है। राज्य सरकार को केंद्र सरकार से इस मामले पर चर्चा करनी चाहिए।

## विधायक ने नया टीओपी बनाने की मांग की

**चांडिल।** विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान शून्य काल में ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो ने सदन में कहा कपाली स्थित टीओपी जिसका कार्यक्षेत्र बहुत बड़ा है, उसे थाना बनाने, ईंचागढ़ प्रखंड के मिलन चौक, गौरांगकोचा व कान्दरबेड़ा में नये टीओपी का निर्माण एवं कुकड़ू प्रखंड कार्यालय के सामने बनकर तैयार नए थाना भवन को चालू करना सुरक्षा दृष्टिकोण से अति आवश्यक है। विधायक सविता महतो ने आसन के माध्यम से सरकार से वर्णित नए थाना एवं टीओपी बनाने की मांग की।

## शहीद शक्ति नाथ महतो की 75वां जयंती पर माल्यार्पण

**तेतुलमारी।** बुधवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने शहीद शक्ति नाथ महतो के 75वां जयंती पर शक्ति चौक, तेतुलमारी में स्थित शहीद शक्ति नाथ महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

## सिंदरी धनबाद रेलखंड पर मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

**सिंदरी।** सिंदरी धनबाद रेलखंड पर सिंदरी मार्शलिंग यार्ड स्टेशन से सिंदरी ब्लॉक हॉल्ट के सीच में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति का शव मिलने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने दी है। यह क्षेत्र बलियापुर थाना का बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पोल संख्या 15 एस / 9 के समीप अज्ञात शव मिला है। शव को देखकर ऐसा लगता है कि वह सिंदरी से धनबाद जा रही ट्रेन से पत्थरों पर गिरने के कारण मौत हो गई है। मृतक ने हरे रंग की गंजी, नीले रंग का शर्ट व काले रंग का हाफ पैंट पहन रखा है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। इसकी सूचना रेल जीआरपी सहित बलियापुर पुलिस को भी दी गई है।

## गायत्री परिवार की बहनों ने मनाया सावन महोत्सव

**जमशेदपुर।** प्रज्ञा महिला मण्डल टाटानगर' ने सावन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 'प्रज्ञा महिला मंडल की अध्यक्ष बहन जसबीर कौर' की अध्यक्षता मे गायत्री ज्ञान मन्दिर भालुबासा मे किया। कार्यक्रम में जमशेदपुर के सभी 24 शाखाओं के 125 से अधिक बहनों ने भाग लिया और संगीत नृत्य आदि का आनंद लिया। आयोजन को सफल बनाने में सभी बहनों का सराहनीय योगदान रहा।

## इलाज के दौरान कैंसर पीड़ित बालक की मौत

**बेरमो।** फुसरो नया रोड निवासी सह कोचिंग संचालक उत्तम मंडल की 5 वर्षीय पुत्र ऋषभ कुमार की मौत बुधवार को केन्द्रीय आस्पताल ढोरी मे इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार के इकलौते बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और शोक की लहर दौड़ गई। उत्तम मंडल के दो पुत्री हैं।

## बीजीएच में विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

बोकारो। बीजीएच के प्रसूति व स्त्री रोग, बाल रोग ओपीडी तथा वार्डों में विश्व स्तनपान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ बीबी करुणामय ने बीजीएच नर्सिंग स्कूल के छात्रों द्वारा तैयार पोस्टर व कामकाजी मॉडल का एवं स्तनपान को बढ़ावा देने हेतु सहायता समूहों के कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कहा कि नवजात के लिए मा का दूध ही सर्वोत्तम है।

# लगातार बारिश से खरकाई व स्वर्णरिखा उफान पर

### बागबेड़ा के निचले इलाके में घुसा पानी, 50 परिवार शिफ्ट | डीडीसी, एसडीओ टीम के साथ लोगों को कर रहे अलर्ट

विशेष संवाददाता



खरकाई नदी का बढ़ा जल स्तर।

**जमशेदपुर।** लगातार तीन दिनों से पूर्वी सिंहभूम जिले में हो रही बारिश के चलते खरकाई और स्वर्णरेखा नदी का जल स्तर खतरे के निशान पर पहुंच गया है। आधी रात तक खरकाई और स्वर्णरेखा नदी के विकराल रुप लेने की आशंका है क्योंकि ओडिसा के व्यांगबिल और खरकाई डैम से दो-दो फाटक खोले जा चुके हैं। इन नदियों के ऊफान को देखते हुए धालभूम के एसडीओ पियूष कुमार सिन्हा ने दो दिनों के लिए नदी तट के 100 फीट क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी है ताकि लापरवाही से किसी की जान नहीं जाए। इतना ही नहीं शाम से ही तटीय इलाकों में लाउडस्पीकर के जरिए लोगों को नदी तट से दूर रहने के लिए अलर्ट किया जा रहा है। एसडीओ पियूष सिन्हा ने खबर मन्त्र को देर शाम बताया, नदियों का जल स्तर बढ़ रहा है जिस पर प्रशासन की पैनी नजर है। बाढ़ की स्थिति में प्रभावितों को सुरक्षित सेल्टर देने और उनके नाश्ते व भोजन का आपात प्रबंध कर दिया गया है। प्रशासन निचले इलाकों के जल स्तर पर निरंतर निगाह बनाये हुए है। दूसरी ओर, नदी के पेट में बसी बस्तियों में पानी चढ़ने लगा है और प्रशासन में लोगों को सुरक्षित जगह पर शिफ्ट करना शुरू कर दिया। जल संसाधन विभाग ने जिला प्रशासन को अलर्ट किया है कि खरकाई नदी आदित्यपुर पुल के पास खतरे के निशान 129 मीटर को टच कर गई है, जबकि स्वर्णरेखा मानगो पुल के पास खतरे के निशान के पास पहुंच गई है। मानगो पुल पर 1121.50 मीटर को खतरे का निशान माना जाता है और वहां नदी का लेवल 119 मीटर से अधिक हो गया है। जिला प्रशासन ने सूचित किया है कि ओडिशा बंकाबल डैम का दो गेट रात्रि 9:00 बजे और खरकाई नदी का डैम ओडिशा में रात्रि 8:30 बजे खोल दिया जाएगा। जिससे जमशेदपुर और आसपास में खरकाई और स्वर्णरेखा नदी के जल स्तर में भारी वृद्धि की संभावना है। प्रशासन ने तटीय क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और सुरक्षित रहें। बुधवार शाम 4:00 बजे के आसपास बागबेड़ा नया बस्ती रोड नंबर 2 के निचले भाग में स्थित गोलगप्पा बस्ती में खरकाई नदी का पानी घुस गया।

## झरिया के धनंजय हत्या कांड में सात के खिलाफ मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** थाना क्षेत्र के चौथाई कुल्ही निवासी भगवान यादव के पुत्र धनंजय यादव हत्या मामले में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मृतक की बहन मीना देवी की शिकायत पर विरोधी रामबाबू धिक्कार सहित सात के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट, के तहत मामला दर्ज किया गया है। मीना देवी ने पुलिस को बताया कि सोमवार 31 जुलाई की रात रामबाबू धिकार समेत सात अपराधी दीवार फांद कर घर में घुसे। रामबाबू के हाथ में पिस्टल था।

**दर्जन भर से पूछताछ :** पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधिकारी द्वारा टीम गठित कर अलग अलग जगहें पर लगातार छापामारी की। इस दौरान पुलिस करीब एक दर्जन दागियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस जल्द ही हत्यारे को पकडने की बात कहा।

**हथियार से लैश थे अपराधी :** महेश यादव के हाथ में भुजाली, सद्दाम अंसारी के पास बम, कैलाश धिकार और रंजीत धिकार के हाथ में भुजाली था। बाबा धिकार उर्फ (राहुल) के हाथ में भी भुजाली था। सभी लोग भाई धनंजय यादव के कमरे में घुस गये, जहां वह खाना खा रहा था। घर में घुसते ही सद्दाम अंसारी ने बम फेंका, जो फटा नही।

**हमले बाद जमे रहे अपराधी:** जानकारों के अनुसार हत्या करने के उद्देश्य से चौथाई कुल्ही निवासी जो कि आरा बिहार के बिहिया के मूल निवासी धनंजय यादव के हर घुस कर अपराधियों ने धावा बोला। पहला वार गर्दन पर करने के बाद शरीर के अन्य हिस्से पर वार कर गोली मारी। अपराधियों का दल पहला हमला करने से लेकर मौत होने तक सभी अपराधी घर के पास ही जमे रहे।

## देविका सिंह राष्ट्रीय महिला इंटक की अध्यक्ष मनोनीत



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा जी संजीवा रेड्डी ने देविका सिंह को राष्ट्रीय इंटक महिला कमिटी का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस मनोनयन एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने पर देविका सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी संजीवा रेड्डी, महामंत्री संजय सिंह झारखंड इंटक के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय जी, रघुनाथ पांडेय जी को आभार व्यक्त करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। देविका सिंह को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक का महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत होने पर झारखंड इंटक के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डा जी संजीवा रेड्डी, संजय कुमार सिंह, राकेश्वर पांडे, रघुनाथ पांडे के साथ देविका सिंह को बधाई दी।

## बोकारो रोटरी द्वारा महिलाओं के बीच स्वास्थ्य जागरुकता अभियान



**बोकारो।** बोकारो रोटरी क्लब ने बोकारो इस्पात नगर के जनवृत-4 में रहने वाली कामगार महिलाओं के बीच स्वास्थ्य जागरूकता अभियान अंतर्गत मैटरनिटी एवं शिशु सुरक्षा योजना के तहत समुचित मात्रा में सैनिटरी नैपकिन का वितरण कर गरीब कामवालियों को महिला स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। रोटरी क्लब के सदस्यों के साथ अभियान संयोजक, महिला समिति की अध्यक्षा नीलम दास और सचिव रोटेरियन अलका गुप्ता ने बताया कि बरसात के मौसम में महिलाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि इस मौसम में संक्रमण का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। गरीब घरेलू महिलाओं ने अभियान की प्रशंसा की। मौके पर असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन संध्या राज, रोटरी महिला समिति की अध्यक्ष नीलम दास, सचिव अलका गुप्ता, रोटेरियन सपना सेठ, शीला जयसवाल, सुनीता जैन, ललिता अग्रवाल समेत अन्य उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार की मजदूर-किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट हो : सयुंक्त मोर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** केंद्र सरकार की मौजूदा मजदूर विरोधी, किसान विरोधी, जन विरोधी और राष्ट्र विरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा बेरमो कोयलांचल स्तरीय कन्वेंशन करगली स्थित कल्याण मंडप (महिला मंडल) मे बुधवार को हुई। एटक सह जेबीसीसीआई सदस्य लखन लाल महतो व इंटक नेता गिरजाशंकर पाण्डेय ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की मजदूर, किसान व राष्ट्र विरोधी नीतियों के खिलाफ मजदूरों का देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत राज्य स्तरीय कन्वेंशन रांची व बोकारो में जिला स्तरीय कन्वेंशन हुआ। उन्होंने मजदूरों से केंद्र की नीतियों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर व राकोमयू ढ़ोरी क्षेत्रीय अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। इस सरकार में बेरोजगारी, महंगाई व कारपोरेट लूट जैसी घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। यदि फिर से यह सरकार सत्ता में आयी तो देश बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने 10 अगस्त को रांची में होने वाले मजदूरों के महापड़ाव में हजारों की संख्या में मजदूरों की भागीदारी का आह्वान किया। सीटू के जिला सचिव प्रदीप विश्वास, इंटक नेता श्यामल कुमार सरकार, बिरेंद्र सिंह, शिवनंदन चौहान,एटक के सुजीत कुमार घोष, चंद्रशेखर झा, जवाहर लाल यादव, आफताब आलम खान, सीटू के श्याम बिहारी सिंह दिनकर,सीटू राज्य सचिव विजय कुमार भोई आदि ने विचार रखा। मौके पर सुबोध सिंह पवार, मुरारी सिंह, श्रीकांत मिश्रा, पंकज महतो, भीम महतो, राजेश्वर सिंह, केदार सिंह, मनोज पासवान, जवाहर लाल यादव, जितेंद्र दुबे ,सुरेश शर्मा, कुणाल कुमार, सुमित सिंह, निजाम अंसारी, पुनीत महतो, चंद्रशेखर महतो आदि उपस्थित थें।

## टाटा स्टील में मना सावन उत्सव



**झरिया।** टाटा स्टील, झरिया डिवीजन की महिलाओं ने डिगवाडीह ऑफिसर्स क्लब में सावन उत्सव मनाया। इस साल यह आयोजन इंडो-वेस्टर्न थीम पर आधारित था। सावन उत्सव मनाने के लिए झरिया परिवार की महिलाओं ने भारी संख्या में पूरे दिल से कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रुचि नरेंद्रन के साथ-साथ सम्मानित अतिथियों डीबी शैलजा रामम, पारुल मंगल, विनीता राय और सुनीता राजोरिया की उपस्थिति और समर्थन ने समारोह में जोश भर दिया।

इस अवसर को नृत्य, संगीत, फैशन शो और विभिन्न अन्य प्रतियोगिताओं जैसे मेहंदी, सब्जी और फलों की नक्काशी, मसालों के आभूषण बनाना, बॉलीवुड थीम नाइट और रैंप वॉक के साथ भव्य तरीके से मनाया गया। इस वर्ष सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों के जीवनसाथियों को भी वर्षों से टाटा स्टील परिवार के साथ उनके लंबे जुड़ाव के लिए सराहना और सम्मान प्रदान किया गया।

निधि सिंह ने सावन क्वीन 2023 का खिताब जीता, जबकि प्रीति निर्वाण ने एम्प्रेस 2023 का खिताब जीता। राखी सुनील, सावन क्वीन की रनर अप रहीं और कल्पना तिवारी रनर अप एम्प्रेस रहीं।

## रूदी कपुरिया पैक्स के 11 लोनधारकों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** रूदी कपुरिया पैक्स के 11 बकाया लोनधारको को नोटिस दिए जाने के बावजूद पैसा जमा नही करने पर न्यायालय नीलाम पत्र पदाधिकारी धनबाद द्वारा सेक्शन 38 के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। इनलोगो पर 13 लाख 29 हजार 104 रूपया बकाया है। ये बकायादार कपूरिया ओपी, कतरास, जागता व महुदा थाना क्षेत्र के रहने वाले है। संबंधित थाना को तमिला के लिए वारंट भेजा जा रहा है। न्यायालय द्वारा विजय राजभर 1,02,363 रूपया, सुनिल कुमार सिंह 58,045 रूपया, काजल महतो 3,07,497 रूपया, अरविंद कुमार सिंह 1,07,979 रूपया, महेश कुमार गुप्ता 2,84,150 रूपया, विजय कुमार चौधरी 1,38,801 रूपया, कमल कुमार सिंह 33,723 रूपया, लखन सिंह 90,429 रूपया, नेपाल पांडेय 63,413 रूपया, सुरेश रविदास 70,387 रूपया, गोविंद गोप 72,317 रूपया के खिलाफ वारंट निर्गत की गई। वैसे बकायाधारी जिनका वारंट अभी नही निकला है यदि वे बकाया जमा नही करे तो ऐसे लोगो के खिलाफ जल्द नोटिस व वारंट निर्गत होगी। जिला सहकारिता पदाधिकारी धनबाद द्वारा संबंधित बकाएदारों पर कागजी प्रक्रिया जारी है। बकायादारों को जुन माह में भी दिया गया था लोन जमा करने की नोटिस।

प्रबंधक रूदी कपूरिया पैक्स दीपक कुमार सिंह ने बताया की 11 ऋण धारियों के खिलाफ 12,00,000 रुपए की वसूली का आदेश दी गई थी। इसमे एक ऋणधारक मे पैसा जमा किया। अन्य ने पैसा जमा नही करने पर वारंट निर्गत किया गया। कहा कि बैंक की स्थिति काफी नाजुक है। बार बार नोटिस भेजने के बावजूद बकाया राशि जमा नही कर रहे हैं। इनलोगों के पास भारी भरकम राशि बकाया है। यदि ये पैसे जमा हो जाते हैं तो बैंक का संचालन पूर्व की भांति बेहतरीन ढंग से होती रहेगी। कहा कि खाताधारियों के भुगतान में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बहुत से खाता धारी ऐसे हैं जिनका शादी-विवाह, इलाज का पैसा समय पर नहीं मिल पा रहा है। वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद को भी सूचित किया गया है ताकि वारंटी पर प्रभाव पड़े। थाना प्रभारी से भी मांग की गई है जल्द से जल्द वारंटियों की गिरफ्तारी हो।

## उपाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जमशेदपुर पहुंचे रघुवर का भव्य स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की एक बार फिर जिम्मेदारी मिलने पर पूर्व सीएम रघुवर दास बुधवार को पहली बार गृह क्षेत्र जमशेदपुर पहुंचे। शहर आगमन पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सुबह से हो रहे मूसलाधार बारिश के बीच उत्साहित कार्यकर्ता अपने प्रिय नेता के स्वागत में डटे रहे। पूर्व सीएम ने शहीद खुदीराम बोस एवं लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। वहीं, उन्होंने रामलीला मैदान में वीर बजरंग बली की पूजा अर्चना कर झारखंडवासियों के सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की। विभिन्न मंडलाध्यक्ष के नेतृत्व में जुटे भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व सीएम रघुवर दास का ढोल-नगाड़े एवं आतिशबाजी के बीच मानगो के शहीद खुदीराम बोस चौक, मानगो बस स्टैंड गोलचक्कर, साकची शीतला माता मंदिर चौक, रामलीला मैदान चौक एवं एग्रिको स्थित आवास पर अभूतपूर्व स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था। एग्रिको स्थित आवास पर बधाई देने बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का तांता लगा रहा।

वहीं, रघुवर दास ने कार्यकर्ताओं के सम्मान और शुभकामनाओं के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद किया। कहा, भारी बारिश के बीच आपके उत्साह और अनमोल प्यार से अभिभूत हूं। उन्होंने पार्टी नेतृत्व का उनपर फिर से विश्वास जताने के लिए कृत्ज्ञता व्यक्त की। उन्होंने पीएम मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार जताया। कहा कि जो दायित्व उन्हें दिया गया है, वे उसपर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

एक नजर में

## बैंक ऑफ इंडिया चिरकुंडा शाखा में लगी आग

**कुमारधुबी।** बैंक ऑफ इंडिया के चिरकुंडा शाखा में बुधवार कि सुबह करीब 3:00 बजे शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। वही इस घटना के संबंध में कहा जा रहा है कि बैंक के बिल्डिंग के ऊपर मकान मालिक को जब बैंक से धुआं निकलता हुआ देखा तो वह तुरंत नीचे उतरा और देखा कि बैंक में आग लगा हुआ है। तब वह तुरंत इसकी सूचना चिरकुंडा थाना मे दिया। सूचना मिलते ही चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह सहित पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मौके पर पहुंचकर डीवीसी मैथन और एमपीएल निरसा से दो दमकल को बुला कर काफी प्रयास के बाद आग पर आग पर काबू पाया गया और बैंक ज्यादा क्षति होने से बच गया। वही कैशियर रूम के पीछे वाले कमरे में आग लगी थी जिसमें कुछ जरूरी कागजात भी जल चुका है। वही इस संबंध में बैंक मैनेजर शिंटू गोराई से पत्रकारों ने कुछ जाने की कोशिश की तो वह कुछ भी बोलने से इनकार कर दिये।

## विधायक पूर्णिमा ने झमाडा कर्मी आश्रितों के नियोजन का मुद्दा उठाया

**झरिया।** झारखंड विधान सभा के द्वादश (मानसून) सत्र के दौरान माननीय विधायक झरिया पूर्णिमा नीरज सिंह द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग से राज्य के प्राधिकारों में सेवाकाल में मृत कर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा पर नियुक्त करने के संबंध में पूछा गया अल्पसूचित प्रश्न पूछा गया। मुख्य मंत्री सचिवालय प्रोजेक्ट भवन मे 11 जुलाई 23 आहुत मंत्री परिषद के बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में नगर पालिला, नगर पंचायत, अधिसूचित क्षेत्र समिति के कर्मियों के आश्री त को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु निति निर्धारण की स्वीकृति दी गयी। जिसपर विभाग द्वारा नीति निर्धारण व झमाड़ा में मृत कर्मियों के आश्रितों को नियुक्ति हेतु निर्णय लेने हेतु निर्देशित किया गया। कहा गया झमाडा धनबाद अंतर्गत कर्मियों के नियोजन एव अनुकंपा पर न्यूक्ति हेतु स्वयं सक्षम प्राधिकार है। प्राधिकार का वित्तीय स्थिति अत्यंत दयनीय होने ले कारण अनुकंपा पर न्यूक्ति नहीं की जा रही है। स्थिति को नजर में रखते हुए मृत कर्मियों के आ श्री त को अनुकंपा के आधार पर न्यूक्ति के सबंध में आवश्यक निर्णय लेने हेतु झमाडा को निर्देश दिया गया है।

## पेज 1 का शेष

### करबद्ध प्रार्थना है...

जिसे लेकर दोनों पक्ष के विधायक हंगामा करने लगे। इससे कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। वेल में आने के बाद ढुल्लू महतो ने विधायक सुदिव्य सोनू की तरफ इशारा करते हुए कुछ कहा। जवाब में सुदिव्य सोनू भी रिपोर्टिंग टेबल की दूसरी ओर आ गये और दोनों ने एक दूसरे को उंगली दिखायी। इस दौरान सदन का माहौल गरम हो गया। इसमें संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने भी हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा कि यह तरीका सही नहीं है। सदस्यों को इस तरह उंगली नहीं दिखानी चाहिए। मामला गरमाया तो भाजपा विधायक मनीष जायसवाल ने ढुल्लू महतो को अपनी ओर खींचा। झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि ढुल्लू महतो गलत आरोप लगा रहे हैं। स्पीकर ने सभी सदस्यों से मर्यादा में रह कर आचरण करने की बात कही। इसी बीच सुखाड़ और विधि व्यवस्था के मसले पर विशेष चर्चा की मांग को लेकर भाजपा के विधायक वेल में आ गये।

### ...तबतक आसन पर नहीं बैठेंगे...

सदन की गरिमा सर्वोच्च : लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि उनके लिए सदन की गरिमा सर्वोच्च है। इसके लिए वे किसी भी प्रकार का समझौता नहीं कर सकते। उन्होंने अपील की है कि सदन में मर्यादा कायम करना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। सदन में कुछ सदस्यों का व्यवहार सदन की उच्च परपराओं के विपरीत है। जब तक सदन में अनुशासन बहाल नहीं होता है, तब तक वे अध्यक्ष के आसन पर नहीं बैठेंगे। **जब सभापति ने केंद्रीय मंत्री को जबरन बैठाया :** वहीं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को तब एक असामान्य स्थिति से जूझना पड़ा, जब उन्हें एक केंद्रीय मंत्री को प्रश्नकाल के दौरान जबरन बैठाना पड़ा। वैसे तो आसन का उपयोग आमतौर पर विपक्षी सदस्यों को बैठने के लिए कहने के लिए किया जाता है, जब वे अपनी बारी से पहले या बिना बारी के बोलने लगते हैं या किसी विषय का विरोध करने के लिए सदन में खड़े होते हैं। सभापति ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि प्रश्नकाल के दौरान जब स्वास्थ्य राज्यमंत्री एस पी सिंह बघेल उत्तर देने के लिए खड़े हुए और निर्धारित समय से ज्यादा वक्त ले रहे थे। तभी सभापति ने उन्हें बैठ जाने को कहा।

### रांची से आतंकी संगठन को...

इस संबंध में नवीन ने सीआइडी साइबर थाने में शिकायत दर्ज करायी। नवीन ने साइबर क्राइम ब्रांच को बताया कि ट्रेडिंग के दौरान जब उनका फंड एक लाख 47 हजार 68 (यूएस डॉलर) था। उस समय कंपनी के चीफ एनालिस्ट मि. मार्क द्वारा उन्हें यह प्रस्ताव दिया गया कि वह पांच प्रतिशत कमीशन पर तीन दिन का कॉन्ट्रैक्ट उनके साथ करते हैं तो वह उनकी जमा राशि को काफी अधिक बढ़ा देंगे। इसके बाद नवीन ने मार्क के साथ तीन दिन का कॉन्ट्रैक्ट किया। जिसके बाद जमा राशि बढ़कर एक लाख 95 हजार 28 यूएस डॉलर हो गयी। समझौते के मुताबिक, नवीन ने मार्क को उसका कमीशन भी दिया, लेकिन जब वह 52 हजार यूएस डॉलर की निकासी करने गये,तो राशि की निकासी नहीं हुई। इसके बाद उसने मार्क से संपर्क भी किया, तब उन्हें समझ में आ गया कि उनके साथ साइबर ठगी हुई है। इसके बाद वह सीधे साइबर थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराया। मामला सामने आने के बाद साइबर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। **अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क होने का शक :** जिस तरह से क्रिप्टो करेंसी के पैसे आतंकी संगठनों के खाते में भेजे जा रहे हैं, वह अपने आप में बेहद खतरनाक संकेत है। झारखंड में साइबर ठगी के बड़े मामलों में जो पैसे ठगे गये हैं, उनकी पड़ताल भी सीआइडी ने शुरू कर दी है कि कहीं वह पैसे भी आतंकी संगठनों के खाते में तो नहीं गये हैं। चूंकि देश में होने वाले ट्रांजैक्शन को साइबर क्राइम ब्रांच के द्वारा फ्रीज कर पैसे के लेनदेन को बंद कर दिया जाता है। ऐसे में अब साइबर अपराधी विदेशी कनेक्शन को स्थापित करने में लगे हैं, ताकि पैसे आसानी से खातों से निकाला जा सके। सबसे खतरनाक बात यह है कि इसके लिए वे आतंकी संगठनों के खातों का भी प्रयोग करने लगे हैं। झारखंड सीआइडी के डीजी अनुराग गुप्ता, डीजी, के अनुसार साइबर अपराधी अब देशद्रोही गतिविधियों में भी शामिल हो गये हैं। ठगी के पैसे अब आतंकी संगठनों के खातों में भेजे जा रहे हैं।

### इडी रिमांड पर विष्णु अग्रवाल...

कहा कि उनकी गिरफ्तारी गलत तरीके से हुई है। किसी तरह का कोई फजीईवाड़ा नहीं किया गया है। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अदालत पांच दिन की अनुमति प्रदान की। ईडी ने लंबी पूछताछ के बाद सोमवार की देर रात विष्णु अग्रवाल को जमीन घोटाले में संलिप्तता के साक्ष्य के बाद गिरफ्तार किया था। मंगलवार को अदालत में पेशी के बाद 14 अगस्त तक के लिए जेल भेज दिया गया है। रिमांड की अनुमति मिलने के बाद ईडी गुरुवार को जेल से अपने कब्जे में लेकर पूछताछ करेगी। इडी के अधिकारियों के मुताबिक, विष्णु अग्रवाल जमीन घोटाले से लाभांवित होने वाले प्रमुख व्यक्ति हैं। वह अपने प्रभाव से अफसरों से मनमर्जी का काम लेते थे।

### झारखंड में मॉनसून सक्रिय...

कहां कितनी वर्षा : पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश खूंटी में 51.5 मिमी दर्ज की गयी। रांची 25.4 मिमी, जमशेदपुर 27.6 मिमी, डालटेनगंज 29.4 मिमी और सिमडेगा में 28.5 मिमी बारिश दर्ज की गयी। गढ़वा, पलामू, लातेहार, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा तथा पश्चिमी सिंहभूम जिलों में कहीं-कहीं बहुत भारी वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य के दक्षिणी, पश्चिमी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी वर्षा हुई। अभी तक राज्य में 39 मिमी वर्षा कम हुई है। वास्तविक वर्षापात 318.8 मिमी हुई है, जबकि सामान्य वर्षापात 526.3 मिमी है।

स्पीड न्यूज

## दो साल की बच्ची से दुष्कर्म में युवक को फांसी की सजा

**सूरत।** गुजरात में सूरत शहर की एक अदालत ने दो साल की एक बच्ची से दुष्कर्म व हत्या के मामले में 23 वर्षीय एक व्यक्ति को बुधवार को मौत की सजा सुनायी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शकुंतला सोलंकी ने युसूफ इस्माइल को मौत की सजा सुनायी और राज्य सरकार से पीड़िता के परिजन को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने को भी कहा। इस्माइल को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 376 (दुष्कर्म) तथा यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून की संबंधित धाराओं के तहत दोषी पाया गया।

## भाजपा ने सांसदों को जारी किया व्हिप

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने लोकसभा सांसदों को गुरुवार के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। भाजपा ने बुधवार को लोकसभा में पार्टी के सांसदों को गुरुवार को सरकार के रुख और कुछ विधायी कार्यों का समर्थन करने के लिए सदन में पूरे दिन उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को लोकसभा में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नियुक्ति और स्थानांतरण संबंधित सेवा अध्यादेश दिल्ली अध्यादेश को बदलने के लिए दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक 2023 को पारित किया जा सकता है।

## बुद्धदेव भट्टाचार्य के स्वास्थ्य में सुधार

**कोलकाता।** श्वास संबंधी समस्या को लेकर अलीपुर के वुडलैंड्स अस्पताल में भर्ती पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ है। उनका इलाज कर रहे एक डॉक्टर ने बुधवार को बताया कि उन्हें अस्पताल से कब छुट्टी देनी है, यह तय करने से पहले डॉक्टर उनके इलाज के अगले चरण पर विचार कर रहे हैं।

## बारामूला में लश्कर के दो आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले से सुरक्षा बलों ने बुधवार को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने बारामूला शहर के आजादगंज में वाहनों की जांच शुरू की। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दो संदिग्ध लोग पुलिस जांच को देखकर भागने लगे। संदिग्धों को हालांकि को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान एक पिस्तौल, एक मैगजीन, चार कारतूस और एक हथगोला बरामद किए गए। इसके बाद उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया।

## ओडिशा : भारी बारिश से सरकारी स्कूल बंद

**भुवनेश्वर।** बंगाल की खाड़ी में हवा के कम दबाव का क्षेत्र बनने से ओडिशा में बुधवार को भारी बारिश हुई, जिसके बाद कई निचले इलाकों में पानी भर गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन बुरी तरह से प्रभावित इलाकों में हरकत में आ गया और 12 से ज्यादा जिलों में शिक्षण संस्थानों को अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की।

## फिल्म कला निर्देशक देसाई ने की आत्महत्या



**मुंबई।** मशहूर फिल्म कला निर्देशक नितिन चंद्रकांत देसाई (58) ने स्टूडियो में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वो कुछ समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। देसाई ने अपने करियर में कई हिंदी और मराठी फिल्मों का कला निर्देशन किया है। उन्होंने साल 1987 में करियर शुरू किया। 2005 में कर्जत में एनडी स्टूडियो स्थापित किया। उनकी प्रमुख फिल्मों में जोधा अकबर, हम दिल दे चुके सनम, माचिस, देवदास, लगान, प्रेम रतन धन पायो आदि हैं।

# मणिपुर हिंसा मामले में हस्तक्षेप करें राष्ट्रपति

### विपक्षी दलों के सांसदों ने द्रौपदी मुर्मू को सौंपा ज्ञापन, किया आग्रह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दल के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनसे मणिपुर मुद्दे पर हस्तक्षेप का आग्रह किया।

खड़गे ने बताया कि विपक्षी दलों के नेताओं ने राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान उन्हें हरियाणा में दंगों के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने यह भी कहा कि मणिपुर में शांति बहाली के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मणिपुर का दौरा करने के साथ ही जरूरी कदम उठाने चाहिए। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे ने संवाददाताओं से कहा कि



**नयी दिल्ली में बुधवार को राष्ट्रपति से मिलते विपक्ष के सांसद।**

हमने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा है। वहां घटने वाली घटनाओं, खासकर महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के बारे में उन्हें अवगत कराया। हम राष्ट्रपति का ध्यान आकर्षित करने के लिए मिले। उन्होंने कहा कि हम लोकसभा में जब अपनी बात रख-रखकर थक गए थे, तो अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा। इस पर कल ही चर्चा होनी चाहिए थी। सरकार का एक ही मकसद है -जवाब नहीं देना और

**शांति बहाली के लिए प्रधानमंत्री मणिपुर का दौरा करें : खड़गे**

चीजों से बचना। खड़गे के अनुसार, विपक्ष राज्यसभा में नियम 267 के तहत चर्चा चाहता है, लेकिन सरकार नहीं सुन रही है।उन्होंने कहा कि दिल्ली से सटे राज्य में दंगे हो रहे हैं, लेकिन कोई संज्ञान नहीं लेता। हमने ये सारी बातें राष्ट्रपति को बतायीं।

विपक्षी दलों के नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति मुर्मू को एक ज्ञापन भी सौंपा है जिसमें मणिपुर की स्थिति का विस्तृत उल्लेख करने के साथ ही उनके दखल की मांग की गई है। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के कुछ सांसदों ने 29-30 जुलाई को मणिपुर का दौरा किया था। वे राष्ट्रपति से मुलाकात करने वाले विपक्षी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। विपक्ष मणिपुर हिंसा पर संसद में नियम 267 के तहत चर्चा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बयान देने की मांग कर रहा है जबकि सत्तारूढ़ गठबंधन मणिपुर पर एक अल्पकालिक चर्चा चाहता है जिस पर जवाब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देंगे। इंडिया के घटक दलों के 21 सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने 29-30 जुलाई को मणिपुर का दौरा किया था। प्रतिनिधिमंडल ने इस बात पर जोर दिया कि अगर मणिपुर में पिछले तीन महीने से जारी जातीय संघर्ष की समस्या को जल्द हल नहीं किया गया, तो देश के लिए सुरक्षा समस्याएं पैदा हो सकती हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया के अन्य घटक दल मानसून सत्र के पहले दिन से ही मणिपुर में हिंसा के मुद्दे पर प्रधानमंत्रीसे संसद में वक्तव्य देने और इस मुद्दे पर चर्चा कराए जाने की मांग कर रहे हैं।

**अविश्वास प्रस्ताव पर आठ अगस्त से होगी चर्चा**

मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर कांग्रेस ने संसद में जारी गतिरोध के बीच गत सप्ताह लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर सदन में चर्चा के लिए मंजूरी दे दी गई थी। इस पर आठ से 10 अगस्त तक चर्चा होगी। चर्चा के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जवाब दे सकते हैं।

## अदालत ने ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव परिणाम पलटने के प्रयासों का आरोपित माना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने एक नया संकट आ गया है। एक अमेरिकी अदालत ने ट्रंप को वर्ष 2020 के राष्ट्रपति चुनाव परिणाम पलटने के प्रयासों का आरोपी माना है।वाशिंगटन डीसी की एक संघीय ग्रैंड जूरी ने ट्रंप के खिलाफ सुनवाई की। विशेष अधिवक्ता जैक स्मिथ की दलीलों और सबूतों को परखने के बाद अदालत ने ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को पलटने के प्रयासों का आरोपित माना है। स्मिथ ने ट्रंप पर अमेरिका को धोखा देने की साजिश रचने, आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालने की साजिश रचने, आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालने और अधिकारियों के खिलाफ साजिश रचने के आरोप लगाए हैं। हाल ही में गोपनीय दस्तावेज के एक मामले में ट्रंप पर नए आरोप लगे हैं।

### नूंह हिंसा : सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को दिया निर्देश

# रैलियों में नफरती भाषण व हिंसा हर हाल में रोकें

### संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगायें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि हरियाणा के नूंह में सांप्रदायिक हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल द्वारा निकाले जा रहे मार्च के दौरान दिल्ली-एनसीआर में कोई घृणा भाषण न दिया जाए और ना ही किसी तरह की हिंसा हो।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस.वी. भट्टी की पीठ ने यह भी आदेश दिया कि अतिरिक्त पुलिस या अर्धसैनिक बल तैनात किए जाएं और संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला की ओर

**शीर्ष अदालत ने विहिप और बजरंग दल के मार्च पर रोक लगाने से किया इनकार**

से पेश वरिष्ठ वकील सी.यू. सिंह ने अदालत से कहा कि दक्षिणपंथी संगठनों विहिप और बजरंग दल द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के विभिन्न हिस्सों में 23 प्रदर्शनों की घोषणा की गई है, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने यह आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत ने हालांकि विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के मार्च पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने निर्देश दिया कि रजिस्ट्री इस आदेश के बारे में उत्तर



प्रदेश, हरियाणा और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली की राज्य सरकारों के सरकारी वकीलों को सूचित करे। शीर्ष अदालत ने केंद्र की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू को निर्देश दिया कि वे तुरंत अधिकारियों से संपर्क करें और सुनिश्चित करें कि अब कोई अप्रिय घटना न हो। राजू ने निर्देश लेने के लिए अदालत से समय मांगा। इसके बाद शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई शुक्रवार के लिए निर्धारित कर दी।

**नूंह में छह लोगों की मौत, 116 गिरफ्तार**

31 जुलाई को भीड़ द्वारा विहिप के जुलूस को रोकने की कोशिश के बाद नूंह में भड़की सांप्रदायिक हिंसा में दो होम गार्ड सहित छह लोग मारे गए हैं। राज्य सरकार के अनुसार, अब तक हिंसा के संबंध में 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## लोकसभा में विपक्ष ने किया हंगामा

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को भी जमकर हंगामा हुआ जिसके कारण सदन की भोजनावकाश के बाद भी नहीं चली और पीठासीन अधिकारी को सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। पीठासीन अधिकारी किरीट सोलंकी ने एक बार के स्थगन के बाद दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की तो विपक्ष के सदस्य सदन के बीचोंबीच आकर हंगामा करने लगे। इसी दौरान सत्ता पक्ष के सदस्य भी अपनी सीटों पर खड़े होकर शोर शराबा और नारेबाजी करने लगे।

सत्तापक्ष की तरफ से किये जा रहे हंगामे को विपक्ष के सदस्य भी नहीं समझ पाये और वे कारण जानने का प्रयास करते हुए नजर आये। सत्ता पक्ष तथा विपक्ष की तरफ से हुए हंगामे के बीच पीठासीन अधिकारी ने आसन के सामने आये सदस्यों को वापस अपनी सीटों पर जाने तथा सत्ता पक्ष के सदस्यों को शोर शराबा नहीं करने का आग्रह किया, लेकिन दोनों तरफ से हंगामा होने के कारण सदन में शोर शराबा बहुत तेज हो गया जिसे देखते हुए पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

# यूजीसी ने 20 विवि को घोषित किया फर्जी

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने बुधवार को 20 विश्वविद्यालयों को फर्जी घोषित कर दिया और उन्हें कोई भी डिग्री प्रदान करने का अधिकार नहीं है। दिल्ली में ऐसे विश्वविद्यालयों की संख्या आठ है, जो सर्वाधिक है। यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने कहा कि यूजीसी के संज्ञान में यह आया है कि कई संस्थान यूजीसी अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत डिग्री की पेशकश कर रहे हैं। ऐसे विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई डिग्री की न तो मान्यता होगी और न ही वे उच्च शिक्षा या रोजगार के उद्देश्य से मान्य होंगी। इन विश्वविद्यालयों को कोई भी डिग्री प्रदान करने का अधिकार नहीं है।

**दिल्ली में आठ फर्जी विश्वविद्यालय :** आल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक एंड फिजिकल हेल्थ साइंसेज, कमर्शियल यूनिवर्सिटी लिमिटेड, दरियागंज, यूनाइटेड नेशंस

**इन्हें कोई भी डिग्री प्रदान करने का अधिकार नहीं**




यूनिवर्सिटी, वोकेशनल यूनिवर्सिटी, एडीआर-सेंट्रिक ज्यूरिडिकल यूनिवर्सिटी, इंडियन इंस्टीट्यूशन आफ साइंस एंड इंजीनियरिंग, ह्यविश्वकर्मा ओपन यूनिवर्सिटी फार सेल्फ-इम्प्लायमेंट और आध्यात्मिक विश्वविद्यालय।

**उत्तर प्रदेश में चार विश्वविद्यालय :** गांधी हिंदी विद्यापीठ, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ इलेक्ट्रो कॉम्प्लेक्स होम्योपैथी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूनिवर्सिटी (मुक्त विश्वविद्यालय) और भारतीय शिक्षा परिषद।यूजीसी ने कहा कि कर्नाटक, महाराष्ट्र, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और केरल में भी फर्जी विश्वविद्यालय हैं।

## ऑनलाइन गेमिंग पर एक अक्टूबर से लगेगा 28% जीएसटी : सीतारमण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि ऑनलाइन गेमिंग में दांव पर लगने वाली समूची राशि पर 28 प्रतिशत कर लगाने का फैसला एक अक्टूबर से लागू हो जाएगा।

सीतारमण ने जीएसटी परिषद की बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बैठक में दिल्ली, गोवा और सिक्कम ने ऑनलाइन गेमिंग और कसीनो पर 28 प्रतिशत कर लगाने के फैसले की समीक्षा की मांग की। हालांकि अन्य राज्यों ने इसे लागू करने की बात कही जिसके बाद फैसले को लागू करने का निर्णय किया गया। जीएसटी के बारे में निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय जीएसटी परिषद में केंद्रीय वित्त मंत्री और सभी राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हैं। बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर कर लगाने के लिये जरूरी संशोधन की शब्दावली पर चर्चा की गयी। परिषद की पिछले महीने हुई बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ में दांव पर लगाई जाने वाली पूरी राशि पर 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाने का निर्णय किया गया था। बुधवार को बैठक इस फैसले के क्रियान्वयन के तौर-तरीकों को लेकर थी।सीतारमण ने कहा कि दिल्ली के वित्त मंत्री ने ऑनलाइन गेमिंग पर कर लगाने का विरोध किया जबकि गोवा और सिक्कम चाहते थे कि कर गेम के सकल राजस्व पर लगाया जाए न कि दांव पर लगी पूरी राशि पर लगे। वित्त मंत्री ने कहा कि कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र और यूपी समेत दूसरे राज्य चाहते थे कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णय को लागू किया जाए।

## मोनालिसा पति के साथ बाबा विश्वनाथ के दरबार पहुंचीं



**वाराणसी।** भोजपुरी फिल्मों की हॉट खूबसूरत अदाकारा मोनालिसा और उनके पति अभिनेता विक्रांत सिंह ने वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाने के बाद मंदिर चौक पर इसकी सेल्फी ली और इसे इंस्ट्राग्राम पर पोस्ट कर दिया। दोनों ने फोटो शेयर कर कैप्शन में लिखा है काशी विश्वनाथ की जय। इसके बाद दोनों ने गंगा का नौकायन के दौरान भी नाव पर खड़े होकर खिंचाई तस्वीरों को साझा किया। तस्वीरों में एक्ट्रेस और उसके पति बाबा के दर्शन के बाद आह्लादित दिख रहे है।

## भारतीय मूल की महिला को अमेरिका ने दी एफबीआइ में बड़ी जिम्मेदारी

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के लोग दुनिया भर में अपनी काबिलियत के झंडे फहरा रहे हैं। अब भारतीय मूल की शोहिनी सिन्हा को अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। एफबीआई ने भारतीय-अमेरिकी शोहिनी को सॉल्ट लेक सिटी फील्ड कार्यालय के प्रभारी विशेष एजेंट के रूप में काम करने के लिए चुना है। शोहिनी सिन्हा को अमेरिका में आतंकवाद विरोधी जांच पर अपने काम के लिए जाना जाता है। नई जिम्मेदारी मिलने से पहले शोहिनी वाशिंगटन डीसी में एफबीआई मुख्यालय में निदेशक के कार्यकारी विशेष सहायक के रूप में कार्यरत थीं। शोहिनी सिन्हा को आतंकवाद विरोधी जांच को लेकर ट्रैक रिकॉर्ड और एजेंसी में

**▶▶ शोहिनी सिन्हा को सिटी फील्ड कार्यालय के प्रभारी विशेष एजेंट के रूप में काम करने के लिए चुना**



व्यापक अनुभव को देखते हुए यह नियुक्ति दी गई है। एफबीआई की ओर से जानकारी दी गयी कि 2001 में एक विशेष एजेंट के रूप में एफबीआई में शामिल होने के बाद शोहिनी का करियर उल्लेखनीय रहा है। उनकी यात्रा मिल्वौकी फील्ड ऑफिस से शुरू हुई, जहां उन्होंने आतंकवाद विरोधी जांच के लिए काफी योगदान दिए। उन्होंने ग्वांतानामो बे नेवल बेस, लंदन में एफबीआई लीगल अताशे कार्यालय और बगदाद ऑपरेशंस सेंटर में अस्थायी नियुक्तियों पर भी काम किया। शोहिनी सिन्हा के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए 2009 में उन्हें विशेष एजेंट के रूप में पदोन्नति दी गई और उन्हें वाशिंगटन, डीसी में आतंकवाद विरोधी प्रभाग में स्थानांतरित कर दिया गया। एफबीआई की ओर से बताया गया कि 2015 में उन्हें डेट्रॉइट फील्ड ऑफिस में फील्ड सुपरवाइजर के रूप में पदोन्नत किया गया और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की जांच करने वाले दस्ते का नेतृत्व किया।

## नेपाल में 110 सांसदों की सदस्यता पर लटकी खतरे की तलवार

**काठमांडू।** नेपाल में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के कारण बताओ नोटिस से राजनीति में भूचाल आ गया है। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता बालकृष्ण न्यौपाने की जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए बड़ा आदेश दिया है। इससे संसद के निचले सदन (प्रतिनिधि सभा) के 110 समानुपातिक सांसदों की सदस्यता पर खतरे की तलवार लटक गई है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने इन सांसदों को एक सप्ताह के भीतर लिखित जवाब देने का आदेश दिया है। अदालत ने पूछा है कि क्यों न आपकी सदस्यता रद्द कर दी जाए ? न्यौपाने ने याचिका में कहा है कि नेपाल की प्रतिनिधि सभा में संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक समानुपातिक आधार पर राजनीतिक दलों की सिफारिश पर 110 लोगों को सांसद बनाया गया है।

# अमेरिका की साख रेटिंग घटने से शेयर बाजार में कोहराम

### सेंसेक्स 677 अंक लुढ़का, निफ्टी में भी 206 अंकों की गिरावट

एजेंसी

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स लगभग 677 अंक लुढ़क गया। वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा।

साख तय करने वाली फिच रेटिंग्स ने पिछले दो दशकों में केंद्र, राज्य और स्थानीय स्तर पर कर्ज बढ़ने तथा संचालन मानदंडों में गिरावट का हवाला देते हुए अमेरिका सरकार की रेटिंग घटा दी है। रेटिंग एजेंसी ने साख को एक पायदान कम कर एएए से एए प्लस कर दिया है।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 676.53 अंक यानी 1.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65,782.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय



यह 1,027.63 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 207 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,526.55 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के साथ स्थानीय बाजार में चौतरफा गिरावट रही। अमेरिका की साख घटाये जाने के साथ यूरो क्षेत्र और चीन में औद्योगिक गतिविधियां सुस्त पड़ने से चिंता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने के साथ विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से घरेलू बाजार नुकसान में रहा।

दूसरी तरफ नेस्ले, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टेक महिंद्रा लाभ में रहे।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 92.85 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.80 प्रतिशत की तेजी के साथ 85.59 डॉलर प्रति बैरल रहा।उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 68.36 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 66,459.31 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 20.25 अंक की गिरावट के साथ 19,733.55 अंक रहा था।

**इन कंपनियों के शेयर में गिरावट**

सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील 3.45 प्रतिशत नीचे आया जबकि टाटा मोटर्स में 3.19 प्रतिशत की गिरावट रही। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और भारती एयरटेल भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

VP® VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !